


दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन

वर्ष 52/ अंक 187/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल ■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, मंगलवार 14 फरवरी 2023 भोपाल से प्रकाशित dainiksandhyaprakash.in

### सेंसेक्स 502 अंक बढ़कर 60,930 पर, निफ्टी 128 अंक चढ़ा



भारतीय शेयर बाजार में हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन, यानी मंगलवार (14 फरवरी 23) को तेजी देखने को मिल रही है। सेंसेक्स 502 अंकों की तेजी के साथ 60,930 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं निफ्टी में भी 128 अंकों की तेजी देखने को मिल रही है। यह 17,900 के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

सांध्यप्रकाश विशेष

## कांग्रेस इंदौर का राजवाड़ा बेचना चाहती थी, जनता ने बचाया: चौहान





**इंदौर।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वो राजवाड़ा बेचना चाहती थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में जब कांग्रेस की सरकार थी, तब राजवाड़ा बेचने का फैसला हो चुका था। स्थानीय लोगों ने इसके खिलाफ आंदोलन शुरू कर दिया। तब कांग्रेस सरकार को अपना फैसला बदलना पड़ा। इंदौर शहर के बीचों बीच स्थित राजवाड़ा पूर्व होलकर शासकों का ऐतिहासिक राजमहल है। मुख्यमंत्री ने यह आरोप राजवाड़ा के जीर्णोद्धार का काम पूरा होने पर आयोजित कार्यक्रम में लगाया। यहां विधायक आकाश विजयवर्गीय, महापौर पुष्यमित्र भार्गव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कई लोगों को पता ही नहीं है कि जब राज्य में एक जमाने में कांग्रेस की सरकार थी, तो उसने राजवाड़ा बेचने का फैसला कर लिया था। इसके खिलाफ स्थानीय लोगों ने आंदोलन किया था। उन्होंने वर्ष 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या के बाद भड़के सिख विरोधी दंगों के दौरान



राजवाड़ा में आगजनी की घटना की ओर इशारा करते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार के वक्त राजवाड़ा में आग लगा दी गई थी। इस ऐतिहासिक विरासत की ऐसी दुर्गति हो रही थी कि इसमें लगी लकड़ियां सड़-सड़कर गिर रही थीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा की सरकार ने राजवाड़ा का जीर्णोद्धार करके इसके गौरव को फिर से स्थापित किया है। गौरतलब है कि राज्य सरकार ने ऐसे वक्त



राजवाड़ा के जीर्णोद्धार का काम पूरा किया है, जब शहर में जी 20 के कृषि कार्य समूह की बैठक हो रही है। बैठक के पहले दिन सोमवार को कई देशों के प्रतिनिधियों ने 'हेरिटेज वॉक' के दौरान राजवाड़ा भी देखा। विधायक आकाश विजयवर्गीय यहां उनके गाइड की भूमिका में नजर आए।

मुख्यमंत्री चौहान ने शहर के सुपर कॉरिडोर पर सूचना प्रौद्योगिकी कम्पनी यश टेक्नोलॉजीज के आईटी पार्क का उद्घाटन भी किया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि विशेष आर्थिक क्षेत्र के रूप में विकसित इस परिसर से 12,500 लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री ने अपने एक दिवसीय दौरे में शहर के फूटी कोठी चौराहे पर एक फ्लाईओवर की नींव रखी और चिकित्सा क्षेत्र में अलग-अलग परियोजनाओं की शुरुआत की।

### अदाणी मामले में अमित शाह की खरी-खरी

# सबूत हों तो कोर्ट जाएं, विपक्ष केवल शोर मचाना जानता है

**नई दिल्ली।** गृहमंत्री अमित शाह ने अदाणी हिंडनबर्ग प्रकरण के बाद विपक्ष के आरोपों पर कहा है कि कुछ भी छिपाने जैसा या डरने जैसा नहीं है। गृहमंत्री ने यह 'प्रतिक्रिया' कांग्रेस की ओर से सरकार पर अदाणी समूह का फेवर करने के आरोप लगाने के बाद दी है।

उन्होंने समाचार एजेंसी एएनआई से बातचीत में कहा है कि सरकार या बीजेपी के पास ना कुछ छिपाने के लिए है ना डरने की कोई जरूरत है। अदाणी मसले पर कांग्रेस के हमलावर होने पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विपक्ष केवल शोर मचाना जानता है। अगर उनके पास गड़बड़ी के सबूत हैं तो उन्हें कोर्ट जाना चाहिए। गृह मंत्री से यह पूछे जाने पर कि कांग्रेस आपकी पार्टी बीजेपी पर अदाणी से मित्रता का आरोप लगा रही है। कांग्रेस का आरोप है कि अदाणी को सभी कांट्रेक्ट मिल रहे हैं। वहीं बीजेपी का डिफेंस कमजोर है। गृह मंत्री ने कहा कि इस मामले में बीजेपी को कुछ छिपाने को नहीं है और ना ही डरने की जरूरत है। उन्होंने कहा इससे जुड़े एक मामले में देश के सुप्रीम कोर्ट ने संज्ञान लिया है। ऐसे में देश के कैबिनेट का सदस्य होने के नाते मेरे लिए इस वक्त कुछ भी बोलना ठीक नहीं होगा।



गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि सत्य पर एक हजार साजिश कर लो कुछ नहीं होता है। वो करोड़ों सूर्य की भांति तेजस्वी बनकर बाहर आता है। मोदी जी के खिलाफ 2002 से साजिश हो रही है पर हर बार वो और अधिक मजबूत होकर, सच्चे बनकर और जनता की ज्यादा लोकप्रियता हासिल कर उभरे हैं। बता दें कि हिंडनबर्ग रिसर्च की एक रिपोर्ट में अदाणी समूह के संबंध में शेयरों में गड़बड़ी करने और वित्तीय धोखाधड़ी करने के दावे किए गए थे। इस रिपोर्ट के बाद अदाणी समूह के शेयरों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई है।

### बीजेपी का कोई मुकाबला नहीं

मेरा मानना है 2024 में होने वाले लोकसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी का कोई मुकाबला नहीं है। पीएम मोदी को जनता का पूरा समर्थन मिला है। देश एकतरफा मोदी के साथ आगे बढ़ रहा है। फैसला देश की जनता को तय करना है, अभी तक तो लोकसभा में मुख्य विपक्षी पार्टी का लेबल जनता ने किसी को नहीं दिया है।

### पीएफआई आतंकवादी तैयार कर रहा था

पीएफआई पर कई मामले खत्म करने का काम कांग्रेस ने किया। जिसे कोर्ट ने रोका। हमने पीएफआई को बैन किया। वह देश में धर्मांधता और कट्टरता बढ़ा रहा था। एक तरह से आतंकवादी तैयार कर रहे थे। 1950 से धारा 370 को हटाना हमारे एजेंडे में था। अब वहां जो विकास हो रहा है, आतंकी और आतंकी हमले कम हो रहे हैं, इससे साबित हो रहा है जम्मू-कश्मीर में भी हालात अच्छे हैं।

### खालिस्तान मुद्दा पनपने नहीं देंगे

हमने इस पर कड़ी नजर रखी है, इस मुद्दे पर पंजाब सरकार से भी चर्चा की है। विभिन्न एजेंसियों के बीच अच्छा समन्वय है। मुझे विश्वास है कि हम इसे पनपने नहीं देंगे।

## बीबीसी के दिल्ली- मुंबई ऑफिस पर आईटी का छापा




**नई दिल्ली।** बीबीसी के दिल्ली ऑफिस पर आयकर विभाग (आईटी) की टीम पहुंचने की खबर मिली है। जानकारी के मुताबिक, आईटी की 60 से 70 लोगों की टीम रेड में शामिल है। सूत्रों ने बताया कि एक्शन के दौरान स्टाफ के फोन बंद करा दिए गए हैं। साथ ही किसी को परिसर में आने-जाने से रोक दिया गया है। पता चला है कि बीबीसी के मुंबई स्थित कार्यालय पर छापेमारी हुई है7

आयकर विभाग या बीबीसी की तरफ से अब इस रेड को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी नहीं मिली है। हालांकि, सूत्रों से खबर मिली है कि आयकर की टीम बीबीसी ऑफिस में रखे गए रिकॉर्ड्स की जांच कर रही है। पिछले दिनों बीबीसी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गुजरात दंगों पर एक डाक्यूमेंट्री जारी की थी, जिसको लेकर देश में विवाद की स्थिति बनी थी। इस पर राजनीति भी हुई थी।

बीबीसी पर आईटी के छापे की खबर के बाद कांग्रेस पार्टी ने सरकार पर हमला बोला है। कांग्रेस ने ट्वीट करते हुए लिखा कि पहले उन्होंने बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री पर प्रतिबंध लगाया और अब आयकर विभाग ने बीबीसी पर छापा मारा है। यह अघोषित तौर पर आपातकाल है।

## पुलवामा अटैक को दिग्विजय ने बताया इंटेलिजेंस चूक, मुख्यमंत्री बोले- दिग्गी की बुद्धि फेल हो गई



**भोपाल।** आज पुलवामा हमले की बरसी पर मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के एक ट्वीट से सियासी गलियारों में भूचाल आ गया है। दिग्गी ने ट्वीट करते हुए लिखा- आज हम उन 40 शहीद सीआरपीएफ जवानों को श्रद्धांजलि देते हैं, जो पुलवामा में भारी इंटेलिजेंस चूक के कारण शहीद हो गए। मुझे उम्मीद है कि सभी शहीदों के परिवारों का अच्छे से पुनर्वास किया गया है।

दिग्विजय सिंह के इस ट्वीट के बाद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और भाजपा के तमाम नेताओं ने पलटवार किया है। मुख्यमंत्री ने कहा- मुझे लगता है कि दिग्विजय जी की बुद्धि फेल हो गई है। सोनिया गांधी और राहुल गांधी को इसका जवाब देना चाहिए।

### दिग्विजय पाकिस्तान की भाषा बोलते हैं: चौहान

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल के स्मार्ट पार्क में मीडिया से चर्चा के दौरान दिग्विजय सिंह के ट्वीट पर पलटवार करते हुए कहा- मुझे लगता है कि दिग्विजय जी की बुद्धि फेल हो गई है। ये उसका फेलियर है। वे देश की सेना का अपमान करते हैं। वे पाकिस्तान की भाषा बोलते हैं। सेना का मनोबल गिराने की कोशिश करते हैं। अब जांच तो दिग्विजय सिंह की होनी चाहिए। देश और सेना के खिलाफ बोलने का बीज उनके दिमाग में डालता कौन है? कांग्रेस पार्टी के ष्ठद्ब की जांच होनी चाहिए, जो भारत जोड़ने के नाम पर भारत तोड़ने वालों के साथ पदयात्रा में घूमते हैं। ये अजूबा है, एक पार्टी का नेता लगातार सेना की बहादुरी, राष्ट्रभक्ति पर सवाल उठा रहा है, पाकिस्तान की भाषा बोल रहा है। सोनिया और राहुल गांधी को भी इसका जवाब देना चाहिए।

### कांग्रेस की आदत हो गई सेना पर बयान देने की: नरोत्तम मिश्रा

दिग्विजय सिंह के ट्वीट पर मप्र के गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा- दिग्विजय सिंह श्रद्धांजलि में भी तंज कस रहे हैं। ट्वीट देखकर ऐसा लग रहा है जैसे ढ्ढस्ढ्ढ से किसी ने ट्वीट किया हो। भारत माता की प्राण पण से सेवा कर अपने प्राणों का बलिदान देने वालों पर तंज कसने से आप नहीं चूकते। मुझे लगता है कि कांग्रेस की आदत ही हो गई है सेना के ऊपर इस तरह के बयान देना और उनके मनोबल को तोड़ना।

### जवानों के बलिदान पर राजनीति करना कांग्रेस का कैरेक्टर: भूपेंद्र सिंह

मप्र के नगरीय प्रशासन मंत्री भूपेंद्र सिंह ने ट्वीट किया- वीर जवानों के बलिदान पर राजनीति करना कांग्रेस का चरित्र रहा है। मुंबई टेरर अटैक को ये ऋस्स्की साजिश बोल रहे थे। राहुल गांधी के साथ भारत जोड़ो यात्रा में सर्जिकल स्ट्राइक के सबूत मांग रहे थे। आज देश वीर जवानों को नमन कर रहा है और ये आदतन अपना चरित्र उजागर करने में व्यस्त हैं।

### कांग्रेस प्रवक्ता मिश्रा ने कहा, क्या सवाल पूछना देशद्रोह है?

मध्यप्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता केके मिश्रा ने कहा, पुलवामा के शहीदों को उनके बलिदान-दिवस पर सादर नमन। संसद, अक्षरधाम, कश्मीर, विधानसभा सहित आधा दर्जन आतंकी हमले कब हुए? पुलवामा हमले में डीएसपी देवेंद्र सिंह की भूमिका, मध्यप्रदेश में भाजपा नेता ध्रुव सक्सेना की आईएसआई जासूसी को लेकर गिरफ्तारी पर प्रश्न पूछना क्या देशद्रोह या सेना का अपमान है?

## 18 साल में कृषि के क्षेत्र में मप्र ने काफी प्रगति की: सिंधिया

**इंदौर।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जी-20 बैठक के दूसरे दिन के उद्घाटन सत्र में शामिल हुए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विश्व के लिए कृषि का महत्व पता चल चुका है। मप्र ने पिछले 18 साल में कृषि क्षेत्र में जो प्रगति की है, वो सबको पता है। मप्र में 165 लाख टन अनाज का उत्पादन होता था, अब 600 टन उत्पादन हो रहा है। पांच सबसे बड़े दुग्ध उत्पादन राज्यों में मप्र भी शामिल है। विश्व व्यापक स्तर पर कृषि संबंधित स्ट्रेटजी बनाना है। एक-एक किसान को अपनी उपज बढ़ाने के लिए तकनीक व अन्य सुविधाएं दे रहे हैं।

भारत की पुरानी विरासत मोटे अनाज का लाभ एक-एक मनुष्य को मिल पाएगा। हमें उम्मीद है कि विचार मंथन से जो निचोड़ निकलेगा, उससे कृषि क्षेत्र को वृहद आयाम मिल सकेगा। हम 2030 तक ग्लोबल ड्रोन हब बन जाएगा। इसका कृषि क्षेत्र में बेहतर उपयोग होगा। इसका कृषि क्षेत्र में बेहतर उपयोग होगा। हम ड्रोन पॉलिसी बना रहे है।







इंदौर में हो रही जी-20 कृषि समूह की बैठक के दूसरे दिन मंगलवार को जी-20 समूह के देश अल्फावेटिक आर्डर जारी करेंगे। दोपहर दो बजे सभी प्रतिनिधि मांडू के लिए रवाना होंगे। मांडू जाने के लिए बसों की व्यवस्था की गई है। रात्रि भोज मांडू में करने के बाद सभी प्रतिनिधि पुनः इंदौर लौटेंगे।

## सिवनी मालवा से नसरुल्लागंज जा रही बस होलीपुरा में पलटी, 25 यात्री घायल



**सीहोर।** जिले के बुदनी नगर में मंगलवार सुबह एक सड़क हादसा हो गया। एक यात्री बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई, जिससे बस में सवार लगभग 25 यात्री घायल हुए हैं। इनमें तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसा सुबह 9 बजे के आसपास हुआ। यात्री बस सिवनी मालवा से नसरुल्लागंज की ओर जा रही थी। इसी दौरान बुधनी के होलीपुरा के पास बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसा होते ही बस में चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोग मदद के लिए भागे और यात्रियों को जैसे-तैसे बसों से निकाला गया।

### हिंदुस्तान एयरनॉटिक्स लिमिटेड ने विमान से हटाया बजरंगबली का स्टिकर

**बेंगलुरू।** हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने बेंगलुरु में एयरो इंडिया 2023 एयर शो में प्रदर्शित एचएलएफटी-42 विमान मॉडल की टेल से भगवान हनुमान की तस्वीर को हटा दिया है। एचएएल के निदेशक डॉ. डीके सुनील ने कहा-स्टिकर हटाने के लिए फैसला इंटरनल है। बेंगलुरु के येलहांका एयर फोर्स स्टेशन में 5 दिन चलने वाले कार्यक्रम की शुरुआत सोमवार को हुई, जहां यह मॉडल सबसे ज्यादा सुर्खियों में था। इसकी टेल पर हनुमानजी की फोटो थी। साथ ही एक मैसेज भी लिखा था- स्टार्म इज कमिंग (तूफान आ रहा है)।

## देखता रहा प्रशासनिक अमला, यूपी में मां-बेटी की जलकर मौत

### पुलिस ने बुलडोजर से झोपड़ी गिरा दी, बेटा बोला- अफसर कह रहे थे कि कोई बचे न

**कानपुर देहात।** कानपुर देहात में अतिक्रमण हटाने के दौरान मां-बेटी की जिंदा जलकर मौत हो गई। पुलिस-प्रशासन सरकारी जमीन से अवैध कब्जा हटाने गया था। इसी दौरान, एक महिला चिल्लाते हुए दौड़कर झोपड़ी में जाती है। वह अंदर से दरवाजा बंद कर लेती है। पुलिस भी वहां पहुंचती है। दरवाजा तोड़ देती है। इसी दौरान, झोपड़ी में आग लग जाती है। महिला और उसकी बेटी अंदर थीं। पुलिस फोर्स और अफसरों के सामने दोनों की जिंदा जलकर मौत हो गई। वहीं, दोनों को बचाने में पति कृष्ण गोपाल बुरी तरह झुलस गए।

सोमवार शाम हुई इस घटना से जुड़े कई वीडियो सामने आए हैं। पुलिस आग बुझाने के लिए बुलडोजर मंगाती है और जलती हुई झोपड़ी को गिरा देती है। फिर वीडियो में महिला के बेटे की आवाज आती है...वह जलती हुई आग को देखकर रोते-बिलखते हुए कह रहा है कि हाय दैया.. देखो मेरी मम्मी जल रहीं हैं...। वह सब गाड़ी छोड़कर चले गए हैं...।

**अफसरों ने भागकर अपनी जान बचाई-** मैथा तहसील के मड़ौली गांव में मां प्रमिला दीक्षित (41) और बेटी नेहा (21) की मौत के बाद ग्रामीण आक्रोशित हो गए। ग्रामीणों ने पुलिस-प्रशासनिक



अफसरों को दौड़ा लिया। अफसरों ने भागकर अपनी जान बचाई। देर रात तक बवाल चलता रहा। परिजनों की शिकायत पर एसडीएम मैथा ज्ञानेश्वर प्रसाद, रुरा एसएचओ दिनेश गौतम, लेखपाल अशोक सिंह समेत 40 लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है।

### पिता बोले-अफसरों ने आग लगा दी

वहीं, मृतका प्रमिला के पति कृष्ण गोपाल दीक्षित ने कहा, बुलडोजर लेकर एसडीएम और तहसीलदार आए थे। इनके साथ अशोक दीक्षित, अनिल दीक्षित, पुतनिया और गांव के कई लोग और भी थे। ये लोग अधिकारियों से बोले कि आग लगा दो.तो अफसरों ने आग लगा दी।

हम लोग (बेटा और मैं) तो किसी तरह झोपड़ी से बाहर निकले, लेकिन मां-बेटी अंदर रह गई और जलकर उनकी मौत हो गई। हम लोगों को जलता हुआ छोड़कर ही अफसर लोग भाग गए। किसी ने किसी तरह की कोई मदद नहीं की। वहीं, बेटे शिवम ने रोते हुए कहा, एसडीएम, एसओ, लेखपाल सभी ने मिलकर मेरे घर में आग लगा दी। मैं और पिता बाहर नहीं निकलते तो हम भी मारे जाते। झोपड़ी के बाहर मंदिर व नल को भी तोड़ दिया। इसके पहले भी डीएम के यहां पर गए थे, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई थी। एसडीएम, लेखपाल, जिलाधिकारी ने साजिश के चलते घर में आग लगाकर सब कुछ राख कर दिया। मम्मी और बिट्टी (बहन) अंदर ही रह गए। हम अंदर गए, लेकिन उनको बचा नहीं पाए। आग लगाने के बाद ये सभी लोग भाग गए। स्ष्ठरू कह रहे थे कि कोई बच न पाए।

## पुणे-नासिक हाईवे पर एसयूवी ने 17 महिलाओं को कुचला, 5 की मौके पर ही मौत, 12 गंभीर



**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे-नासिक हाईवे पर सोमवार देर रात एक एसयूवी ने 17 महिलाओं को कुचल दिया। 5 महिलाओं ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। 12 महिलाएं गंभीर रूप से घायल हैं। इनका इलाज किया जा रहा है। पुणे शहर से करीब 50 किलोमीटर दूर शिरोली गांव के पास की यह घटना है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि 2 महिलाओं की मौके पर, जबकि 3 महिलाओं की इलाज के दौरान मौत हुई। अज्ञात कार चालक फरार है। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

शुरुआती जानकारी के मुताबिक, सभी महिलाएं रसोइया का काम करती हैं। सोमवार की रात लगभग 11 बजे कार्यक्रम से अपना काम खत्म कर घर लौट रही थीं। पुणे की बस से खरपुड़ी फाटा पर उतरी थीं। इसी दौरान सड़क पार करते समय हादसा हुआ। पुणे की तरफ से आ रही तेज रफ्तार स्ड्ड ने महिलाओं को जोरदार टक्कर मार दी।

# आवासहीनों को शिविर लगाकर दिये जाएंगे आवासीय पट्टे

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



सभी आवासहीनों को वार्ड वार शिविर लगाकर नि:शुल्क आवासीय पट्टे दिये जायेंगे। इसके बाद आवास बनाने के लिए पैसे दिये जायेंगे। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री तथा भोपाल जिला प्रभारी मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने सोमवार को मध्य विधान सभा क्षेत्र में वार्ड-50 में हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चन कर विकास यात्रा की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि विकास यात्रा जन-कल्याण का महायज्ञ है।

मंत्री सिंह ने वार्ड-50 में लगभग 2 करोड़ रूपये और वार्ड-51 में 62 लाख रूपये के विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं लाकार्पण किया। यात्रा के दौरान वार्ड-50 में लगभग 7 हजार और वार्ड-51 में 451 हितग्राहियों को जन-कल्याणकारी योजनाओं के स्वीकृति-पत्र वितरित किये गए। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री सिंह ने कहा कि वार्ड-50 में नाला निर्माण के लिए 2 करोड़ 75 लाख, पार्क एवं रोड के लिए एक करोड़ रूपये दिये जायेंगे। गुलमोहर कॉलोनी को नगर निगम में हस्तांतरित करने की कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि वार्ड-48 में सामुदायिक भवन और सुलभ कॉमप्लेक्स और शाहपुरा में सामुदायिक भवन बनाया जायेगा। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि भोपाल की 320 अनाधिकृत कॉलोनियों को वैद्य किया जा रहा है। माफियाओं से मुक्त करायी गयी 23 हजार एकड़ भूमि में गरीबों के लिए सुराज कॉलोनी बनायी जायेगी। उन्होंने कहा कि विकास यात्रा के माध्यम से हर वार्ड में जाकर विकास योजनाओं को क्रियान्वित किया जा रहा है। साथ ही हितग्राही मूलक योजनाओं में पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति-पत्र दिये जा रहे हैं। महापौर मालती राय ने कहा कि नगर निगम द्वारा हर वार्ड का सर्वांगीण विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के भी प्रभावी प्रयास किये जा रहे हैं। सुमित पचौरी ने कहा कि विकास यात्रा हितग्राहियों को लाभ पहुँचाने का माध्यम है। इस दौरान इलेक्ट्रॉनिक विकास निगम के अध्यक्ष शैतान सिंह पाल, पूर्व सांसद आलोक संजर, नगरपालिक निगम भोपाल के अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, पूर्व विधायक सुरेन्द्र नाथ सिंह, अन्य जन-प्रतिनिधि, नगर निगम कमिश्नर के.वी.एस. चौधरी और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# क्षत्रिय लोणारी कुन्बी समाज युवा संगठन कोलार की बैठक में बनी आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा



**भोपाल।** क्षत्रिय लोणारी कुन्बी समाज युवा संगठन कोलार की बैठक रविवार को राजहर्ष कॉलोनी के एकता पार्क में आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ समाज के पूर्व अध्यक्ष ज्ञानेश्वर कोसे, क्षत्रिय लोणारी कुन्बी समाज युवा संगठन कोलार के अध्यक्ष भोजराज मगरदे, सचिव राजू पाटनकर एवं अन्य वरिष्ठजनों ने क्षत्रपति शिवाजी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन व माल्यार्पण कर किया। संगठन की यह पहली परिचय बैठक थी। बैठक में संगठन अध्यक्ष भोजराज मगरदे ने सगठन को मजबूत बनाने के साथ ही समाज की एकता पर जोर दिया और इसमें सभी को सहभागी बनने के लिए कहा। संगठन के सचिव राजू पाटनकर ने संगठन के उद्देश्य और कार्ययोजना पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि समाज सदस्यों के विचार विमर्श के बाद कोलार क्षेत्र में निवासरत समाज के लोगों को एकजुट करने एक बड़ा कार्यक्रम करने की योजना बनाई है। बैठक में संगठन के जगन मगरदे, जगन्नाथ सातव, दुर्गादास देशमुख, अजाबराव मगरदे, प्रकाश साबरे, अमृतराव धाड़से, अशोक धोटे आदि मौजूद रहे।




भोपाल में आज संस्कृति बचाओ मंच ने रैली निकाली। इसे टीटी नगर से रवाना किया गया।

## हेल्पेज इंडिया ने मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल के बच्चों को किया सम्मानित



**संत हिरदाराम नगर।** शहीद हेमू कालानी एजूकेशनल सोसाइटी द्वारा संचालित मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा बुजुर्ग लोगों के सहायतार्थ कार्य करने वाली संस्था हेल्पेज इंडिया को अपने जेब खर्च से बचाकर 70,350 की जो राशि जमा की गई थी। उनमें से सर्वाधिक विशेष सहयोग प्रदान करने वाले स्कूल के विद्यार्थियों नमन आसनानी, मनन रंगवानी, यतीन दरयानी एवं विद्यालय शिक्षिकाओं कोमल रामचंदानी, प्रतिभा दुबे एवं कामिनी सोनी को हेल्पेज इंडिया द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर हेल्पेज इंडिया की प्रतिनिधि अनुराधा मिश्रा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हेल्पेज इंडिया वृद्धजनों हेतु कई सेवा कार्य कर रही है। जिसमें वृद्धजनों की नेत्र-ज्योति की समस्याओं का निदान, दवाइयाँ, राशन आदि का वितरण एवं वृद्धाश्रमों का संचालन आदि में महत्वपूर्ण योगदान देना है। अनुराधा मिश्रा द्वारा स्कूल के विशिष्ट सहयोग हेतु विद्यालय प्राचार्या आशा चंगलानी को ट्रॉफी एवं अकादमिक डायरेक्टर गोपाल गिरधानी को शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया गया।

## लालघाटी में काल भैरव की महाआरती कर लगाया छप्पन भोग



**भोपाल।** लालघाटी स्थित काल भैरव मठ में माघ फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष की अष्टमी पर भगवान काल भैरव की महाआरती कर छप्पन भोग लगाए गए। भगवान का पूजन श्रृंगार कर एवं विजयमदेही हवन किया गया। बता दें कि कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि के दिन मां काल भैरव के उपासक काल अष्टमी का व्रत रखते हैं।काल भैरव मठ के प्रवक्ता पंडित दीपक तिवारी ने बताया कि वैसे प्रमुख कालाष्टमी जो मार्गशीर्ष मास में आती है को काल भैरव जयंती के नाम से जाना जाता है ऐसी मान्यता है कि इस दिन व्रत रखने वाले से भगवान महादेव प्रसन्न हो जाते हैं और उसे अघोष फल की प्राप्ति होती है इस दिन काल भैरव की पूजा और अर्चना विधि विधान के साथ करनी चाहिए।

### संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय में वार्षिक स्पोर्ट्स मीट का आयोजन

# खेलों में शारीरिक सहनशक्ति आवश्यक है: डॉ. डालिमा पारवानी



**संत हिरदाराम नगर।** संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय में खेल समिति द्वारा वार्षिक स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. डालिमा पारवानी ने मशाल प्रज्जवलित कर खेलों का उद्घाटन करते हुए कहा कि खेलों में शारीरिक सहनशक्ति का होना आवश्यक है।

विद्यार्थियों को जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहने की आवश्यकता है। खेल मनुष्य को रोगों से लड़ने की शक्ति प्रदान करते हैं। खेल में हार-जीत अलग चीज है परन्तु उसमें भाग लेना आवश्यक है। एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। स्पोर्ट्स मीट के अंतर्गत इनडोर एवं आऊटडोर खेलों में बैडमिंटन, रस्सी कूद, खो-खो, कबड्डी, जैवलिन थ्रो, शॉटपुट, डिस्कस थ्रो, ब्रिक रेस, 100 मीटर रेस, थ्री लेग रेस इत्यादि का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

# सिंधी समाज का पर्व चेतीचांद पूज्य सिंधी पंचायत के नेतृत्व में मनाया जाए




**संत हिरदाराम नगर।** सिंधी समाज का पावन पर्व चेतीचांद पूरे विश्व में सिंधी समाज द्वारा बडे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। यह पर्व समस्त नगरो की पंचायत द्वारा मनाया जाता है। लेकिन संत हिरदाराम नगर में सिंधी समाज का पर्व चेतीचांद सिंधु समाज व सिंधु नवजागरण द्वारा मनाया जाता है। सिंधु समाज द्वारा भगवान झूलेलाल की शोभायात्रा निकाली जाती है व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। वरिष्ठ समाजसेवी किशन अच्छानी ने पूज्य सिंधी पंचायत को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि यह पर्व पूज्य सिंधी पंचायत के नेतृत्व में मनाया जाए। जिस तरह देश के अन्य नगरो में पंचायत द्वारा मनाया जाता है। इसमें संत नगर की जो सामाजिक संस्थाएं चेतीचांद पर्व मनाती है इनका भी सहयोग लिया जाए और बड़े ही धूमधाम से मनाया जाए। पंचायत अध्यक्ष साबू रीझवानी ने अच्छानी को आश्वस्त किया कि शीघ्र ही संत हिरदाराम नगर की सामाजिक संगठनों, व्यापारिक संगठनों व राजनेताओं की बैठक बुलाई जाएगी जिसमें विचार विमर्श कर सर्वसम्मति से निर्णय लिया जाएगा।

# निगम अमले ने गंदगी करने वालों पर 26 हजार किया जुर्माना

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

नगर निगम द्वारा गंदगी फैलाने वालों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही भी की जा रही है। इसी तारतम्य में निगम अमले ने प्रतिबंधित पॉलीथीन के 93 प्रकरणों में 10 हजार 850 रूपये तथा गंदगी फैलाने सहित 120 अन्य प्रकरणों में 15 हजार 500 रूपये स्पॉट फाईन वसूल किया तथा डेंगू/लार्वा के 01 प्रकरण में 100 रूपये का स्पॉट फाईन वसूल किया।

इसी तारतम्य में निगम अमले ने प्रतिबंधित पॉलीथीन के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए जोन क्रमांक 02 में 05 प्रकरणों में 500 रूपये, जोन क्रमांक 04 में 07 प्रकरणों में 950 रूपये, जोन क्रमांक 05 में 14 प्रकरणों में 01 हजार 400 रूपये, जोन क्रमांक 08 में 04 प्रकरणों में 400 रूपये, जोन क्रमांक 12 में 01 प्रकरणों में 100 रूपये, जोन क्रमांक 13 में 12 प्रकरणों में 01 हजार 200 रूपये, जोन क्रमांक 14 में 08 प्रकरणों में 900 रूपये, जोन क्रमांक 15 में 02 प्रकरणों में 200 रूपये, जोन क्रमांक 16 में 09 प्रकरणों में 900 रूपये, जोन क्रमांक 17 में 10 प्रकरणों में 02 हजार 200 रूपये, जोन क्रमांक 18 में 06 प्रकरणों में 600 रूपये, जोन क्रमांक 20 में 05 प्रकरणों में 500 रूपये तथा जोन क्रमांक 21 में 10 प्रकरणों में 01 हजार रूपये की राशि स्पॉट फाईन के रूप में वसूल की। इस प्रकार कुल 93 प्रकरणों में 10 हजार 850 रूपये की राषि स्पॉट फाईन के रूप में वसूल की।

# रोजगार मेला 20 फरवरी को

**भोपाल ।** जिला रोजगार कार्यालय भोपाल में बस चालक, कंडक्टर, कस्टमर सर्पोट एक्जीक्यूटीव, कस्टमर केयर सपोर्ट एक्जीक्युटीव, कस्टमर केयर एक्जीक्युटीव, सेल्स/प्रिंटिंग प्रेस प्लांट/ वर्कर/सर्वेयर, यूनिट अटेंडेंट, सेल्स आफिसर सीनियर सेल्स आफीसर, बीमा अभिकर्ता, सिक्यरिटी गार्ड, सेल्स आफिसर के लिए आवेदकों के लिए रोजगार मेले का आयोजन 20 फरवरी को प्रातः 10.30 बजे से किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी श्री के.एस.मालवीय ने बताया कि इन्कबाइट साफ्ट टेक्नोलॉजी प्रायवेट लिमिटेड नगर पालिक निगम भोपाल, आईआईआरसी टेक्नोलॉजी प्रायवेट इंदौर, एजिस कस्मर सर्पोट सर्विसेस प्रायवेट लिमिटेड मिनाल रेसीडेंसी जेके रोड, दैनिक भास्कर कार्प प्रायवेट लिमिटेड द्वारका सदन प्रेस काम्प्लेक्टस, एचडीबी फायनेंस सर्विसेस लालघाटी, दीपक लालवानी एलआईसी आफ इंडिया बैरागढ़, टाइगर सिक्यूरिटी एजेंसी प्रायवेट लिमिटेड, आईसीआई सीआई प्रडुंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी प्रायवेट लिमिटेड एमपीनगर एवं आदित्य बिरला हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी प्रायवेट लिमिटेड एमपीनगर भोपाल में जिनकी आयु 18 से 45 वर्ष के बीच हो वे अभ्यार्थी परीक्षा में भाग ले सकते है। जिला रोजगार अधिकारी श्री मालवीय ने बताया कि जॉब फेयर में इच्छुक आवेदक 20 फरवरी 2023 को प्रातः 10.30 बजे जिला रोजगार कार्यालय ईदगाह हिल्स में अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं बायोडाटा सहित साक्षात्कार के लिए उपस्थित हो। उन्होंने बताया कि भर्ती कंपनी द्वारा अपनी शर्तों पर की जाएगी। साक्षात्कार कंपनी के द्वारा लिया जाएगा।

# आयाम लाया है केरल आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति में घर पहुंच सेवा



**भोपाल।** भोपाल में भी अब केरल की आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति घर पर ही सुलभ हो सकेगी इसके लिए 3 युवाओं ने आयाम वैलनेस सेंटर की स्थापना की है रोहित नगर स्थित आयाम वैलनेस सेंटर का शुभारंभ आज वन मंत्री विजय शाह ने किया वन मंत्री विजय शाह ने संचालकों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इनके द्वारा स्टार्टअप शुरू किया गया है उससे ज्यादा लोगों को सहूलियत होगी साथ ही अन्य युवा स्टार्टअप के क्षेत्र में सक्रिय होंगे वैलनेस सेंटर के संचालक हेमंत मेश्राम ने बताया कि उनके द्वारा केरल में जो स्पा में आयुर्वेदिक पद्धति से विभिन्न सुविधा उपलब्ध कराई जाती है उन्हें भोपाल में उनके वैलनेस सेंटर द्वारा घर पर ही उपलब्ध कराने की शुरुआत की गई है साथ ही इस वैलनेस सेंटर की सभी सुविधाएं मध्यमवर्गीय परिवार को सुलभ कराने की कोशिश की गई है।

# रोशनी ग्रुप में वैलेंटाइन थीम पर आयोजित की किटी पार्टी



**भोपाल।** वैलेंटाइन डे के अवसर पर रोशनी ग्रुप द्वारा अपने अंदाज में किटी पार्टी का आयोजन किया गया इस किटी पार्टी का थीम वैलेंटाइन डे रखा गया वैलेंटाइन डे के अनुरूप सभी महिलाओं ने लाल प्रधान पहने सारे व्यंजन भी वैलेंटाइन सिंह के अनुभव बनाए गए साथ ही सारे गेम और हाउजी भी वैलेंटाइन थीम पर खेली गई रोशनी ग्रुप सदस्य सीमा जैन ने बताया कि इस वैलेंटाइन डे के अवसर पर सभी सदस्यों द्वारा विशेष रुप से वैलेंटाइन थीम पर किटी पार्टी का आयोजन किया गया साथ ही सामाजिक दायित्व के प्रति भी रोशनी ग्रुप सचेत है एवं प्रतिवर्ष साल में दो गतिविधियां समाज सेवा के लिए समर्पित की जाती है इसके लिए इन किटी पार्टी में विशेष फंड जमा किया जाता है।

# स्टूडेंट्स को मिलेगी फीस में 65 प्रतिशत की छूट: आनंद सबधाणी



**संत हिरदाराम नगर।** सभी युवा 14 फ़रवरी को वेलइनटाइन डे मनाते हैं लेकिन इस बार सबधाणी कोचिंग के स्टूडेंट्स वेल इन टाइम डे मनाएँगे। सबधाणी कोचिंग के डायरेक्टर एवं मोटिवेशनल स्पीकर आनंद सबधाणी का मानना है कि जब तक युवा बेरोज़गार हैं तब तक उनका प्यार केवल जॉब और करियर ही होना चाहिए, इसलिए इस वेल इन टाइम डे से 20 फ़रवरी 2023 तक सभी स्टूडेंट्स को रेलवे, व्यापमं, इंश्योरेंस, बैंक, एसएससी, पुलिस आदि गवर्न्मेंट जॉबस की प्रिपरेशन के लिए सबधाणी कोचिंग की फ़ीस में 65 प्रतिशत तक का डिस्काउंट देते हुए मात्र 4444 रुपए में 2 साल रेगुलर पढ़ाकर सफलता का मार्ग प्रशस्त किया जाएगा। यह छूट सबधाणी कोचिंग की पीएनटी चौराहा, लालघाटी, अशोका गार्डन, एमपी नगर एवं गुलमोहर सभी शाखाओं में उपलब्ध रहेगी।

आगामी माह में होने वाले व्यापामं, वनरक्षक, एसएससी, एलआइसी, पटवारी, बैंक, आईबीपीएस आदि परीक्षा की तैयारी के लिए वेल इन टाइम डे के दिन से सबधाणी कोचिंग की पाँचों ब्रैंचेज़ में विशेष बैच प्रारम्भ हो रहा है, जिसमें रोज़ाना 4 से 6 घंटे की सातों दिन क्लासेस के साथ ही डेली टेस्ट भी लिए जाएंगे एवं डायरेक्टर द्वारा भी ऑनलाइन क्लासेस ली जाएंगी।

ज्ञात है कि सबधाणी कोचिंग से पिछले 50 वर्षों में पढ़कर अब तक कुल 115948 विद्यार्थी संपूर्ण मध्यप्रदेश में प्रशासनिक पदों पर अधिकारी एवं क्लर्क आदि पदों पर कार्यरत है। 2 दिन पहले आये व्यापामं के रिज़ल्ट में कोचिंग के शिवपुरी निवासी नरवीर सिंह गुर्जर ने आइटीआइ ट्रेनिंग ऑफ़िसर परीक्षा में मध्यप्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर सबधाणी की सक्सेस यात्रा को और आगे बढ़ाया है, इससे पहले भी पटवारी एग्जाम में गौरव पाठक और एमपी पुलिस कांस्टेबल एग्जाम में रंजना शर्मा ऑल एमपी में फर्स्ट रैंक हासिल कर चुकी हैं।

## अयोध्या की तीर्थ यात्रा के लिए आवेदन 17 फरवरी तक

**भोपाल।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत अयोध्या तीर्थयात्रा के लिए तीर्थयात्री 17 फरवरी तक आवेदन किये जा सकते है। वे सभी तीर्थ यात्री जिनकी उम्र 60 वर्ष या उससे अधिक है तथा जो आयकर दाता नहीं है वह तीर्थ यात्रा के लिए आवेदन कर सकते हैं।तीर्थयात्री आवश्यक दस्तावेज समग्र आईडी, आधारकार्ड, कोविड सर्टिफिकिकेट, जिला चिकित्सालय से जारी फिट सर्टिफिकेट लेकन नगर पालिका कार्यालय में कार्यालयीन समय में अंतिम तिथि के पूर्व जमा करें। तीर्थयात्री 28 फरवरी से 3 मार्च तक अयोध्या की यात्रा के लिए 17 फरवरी तक आवेदन कर सकते हैं।

# पुलिस के समन्वय से आतंकवाद, नक्सलवाद और भ्रष्टाचार पर कार्यवाही करने में मिलेगी मदद: भूपेंद्र सिंह

- नगरीय विकास एवं आवास मंत्री ने किया 66वीं ऑल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट का शुभारंभ
- देश भर से आए पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने लिया हिस्सा
- पहले दिन तीन स्पर्धाओं में दिया दक्षता का परिचय

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने सोमवार को कहा कि देश में कानून व्यवस्था बनाए रखने, आंतरिक मामलों को सुलझाने और नागरिकों में सामाजिक सौहार्द, शांति व सुरक्षा की भावना जाग्रत करने में हमारी पुलिस का महत्वपूर्ण योगदान है। सभी राज्यों की पुलिस के आपसी समन्वय से आतंकवाद, नक्सलवाद और भ्रष्टाचार जैसी समस्याओं के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही करने में मदद मिलेगी।

सिंह लाल परेड मैदान स्थित मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित 66वीं ऑल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट के शुभारंभ अवसर पर विचार व्यक्त कर रहे थे। सिंह ने कहा कि यह हमारे राज्य और मप्र पुलिस के लिए गर्व का विषय है कि हमें अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट की मेजबानी करने का अवसर मिला है। अखिल भारतीय स्तर पर होने वाले इस आयोजन से ज्ञान और विधाओं का आदान-प्रदान बढ़ता है साथ ही सहयोग का वातावरण भी निर्मित होता है।

उन्होंने कहा कि पुलिस कर्मियों के स्वास्थ्य, उनके परिवार की समस्याओं, जिम्मेदारियों के प्रति राज्य सरकार संवेदनशील है। आरक्षक से लेकर अधिकारियों तक हमारी पुलिस संसाधनों से संपन्न और तकनीकी रूप से हर संभावित अपराधी से ज्यादा दक्ष हो, यह समय की माँग है। इससे पहले कि कोई अपराधी किसी तकनीक का उपयोग करे, पुलिस की उस विधा में दक्षता होनी चाहिए। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा पुलिस कर्मियों की दक्षता संवर्धन के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इससे पुलिसकर्मियों का विश्वास और कार्यक्षमता बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश पुलिस दिन-रात एक कर काम कर रही है तथा देशभक्ति और जन-सेवा के मूल मंत्र को साकार करते हुए प्रदेशवासियों को राहत पहुँचाने में अहम भूमिका निभा रही है। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि आप सभी पुलिसकर्मियों की इज्जत और मान-सम्मान में कोई कमी ना रहे, इसकी चिंता राज्य सरकार सदैव करेगी। पुलिस के सराहनीय प्रयासों से मप्र में पिछले वर्ष की तुलना में क्राइम रेट में गिरावट आई है। प्रभावी पुलिसिंग के चलते 906 हॉट स्पॉट क्षेत्रों में घटित होने वाले अपराधों की संख्या में 50 प्रतिशत की कमी आई। 2021 की तुलना में 2022 में लूट के प्रयास के मामलों में 83 प्रतिशत कमी, नकबजनी में 11 प्रतिशत की कमी और अन्य भादवि अपराधों में 35 प्रतिशत की कमी आई है। इसी प्रकार प्रति लाख की जनसंख्या पर अपराधों में 21 प्रतिशत की कमी और विगत वर्ष की तुलना में वर्ष 2022 में कुल अपराधों में 19 प्रतिशत की कमी आई है।

10 दिसंबर 2022 की रात पुलिस महानिदेशक की अगुवाई में प्रदेशभर में कॉम्बिंग गश्त की गई। इसमें 17 हजार से अधिक पुलिसकर्मी सड़कों पर उतरे और एक ही रात में साढ़े 9 हजार से अधिक अपराधियों और वारंटियों को पकड़ा। अब तक डायल 100 से एक करोड़ 44 लाख लोग लाभान्वित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मार्च पास्ट से हुआ। सभी राज्यों की पुलिस और सुरक्षा बलों की टीमों ने पुलिस बैंड की धुन पर कदम से कदम मिलाते हुए मार्च पास्ट किया। मार्च पास्ट की सलामी नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने ली। इसके बाद सभी टीमों ने शपथ ली। इस दौरान पुलिस महानिदेशक श्री सुधीर कुमार सक्सेना ने स्मृति चिह्न देकर मुख्य अतिथि सिंह और विशिष्ट अतिथि अपर मुख्य सचिव (गृह) डॉ. राजेश कुमार राजौरा का स्वागत किया। साथ ही विभिन्न राज्यों के रिटायर्ड पुलिस अधिकारी, पुलिस अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। डीआईजी श्रीमती कृष्णा वेणी देसावतु ने आभार माना।





पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना ने कहा कि मध्य प्रदेश में ऑल इंडिया ड्यूटी मीट का आयोजन दूसरी बार हो रहा है। वर्ष 1950 में जब विभिन्न राज्यों की पुलिस को एकसाथ, एक स्थान पर लाने और एक-दूसरे के अनुभवों का लाभ लेने की आवश्यकता महसूस हुई, तब ऑल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट के आयोजन का विचार किया गया। इस मीट की शुरूआत होने से एक राज्य की पुलिस को, दूसरे राज्यों की पुलिस से समन्वय करना आसान हो गया है। मीट में सभी राज्यों की पुलिस और सुरक्षा बलों को अपने सफल व श्रेष्ठ अनुभवों को साझा करने का मौका मिलता है। अपराधी नई तकनीकों का प्रयोग करते हैं।





भोपाल। पुराने शहर में आज शोभा यात्रा निकाली गई।

**सुरखी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जेरा, परासिया, रीक्षई, बिजौरा, मिडवासा, सागौनीपुरैना पहुंची विकास यात्रा**

# सुख-दु :ख में हर नागरिक के साथ भाजपा की सरकार: गोविंद सिंह राजपूत

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



सोमवार को सुरखी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जेरा, परासिया, रीक्षई, बिजौरा, मिडवासा, सागौनीपुरैना पहुंची विकास यात्रा में जहां राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत द्वारा लाखों के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर श्री राजपूत ने क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुये कहा कि भाजपा की सरकार हर नागरिक के सुख-दु:ख में उसके साथ है। विकास कार्यों से प्रदेश की तस्वीर बदलने वाली सरकार ने किसान सम्मान निधि देकर प्रदेश में किसानों का सम्मान बढ़ाया। लाड़ली लक्ष्मी योजना से बच्चियों के लिये योजना बनाई, माताओं बहनों के लिये उज्जवला योजना से उनके आंसू पोंछे, स्वरोजगार योजना, मुद्रा लोन योजना, पथ विक्रेता योजना चलाकर बेरोजगारों के लिये रोजगार मुहैया कराकर बेरोजगारों को नई दिशा दी। श्री राजपूत ने कहा कि एक समय था कि जब कोई व्यक्ति बीमार हो जाता था तो ईलाज कराने के लिये लोग अपना घर बार तक बेच देते थे लेकिन अब आयुषमान कार्ड बनने से हर नागरिक को ईलाज की व्यवस्था करायी गई जिसमे 5 लाख रूपये तक की राशि ईलाज के लिये मुहैया करायी गई जिससे प्राईवेट अस्पतालों में अच्छे से अच्छा ईलाज लोगों के लिये मिलेगा। ऐसी अनेकों योजनाएं है जिनसे हर व्यक्ति का जीवन स्तर सुधरा है। मुफ्त खाद्यान वितरण योजना से हर पात्र हितग्राही को फ्री राशन दिया जा रहा है। होनहार बच्चों के लिये छात्रवृत्ति देकर विदेशों तक पढ़ाई की योजना भाजपा सरकार द्वारा बनाई गईं है। मुख्यमंत्री जनसेवा शिविर के माध्यम से हजारों लोगों के काम किये गये कर्मचारी अधिकारियों ने गांव-गांव, घर-घर पहुंचकर लोगों की समस्यायें निपटाई। इसी प्रकार विकास यात्रा भी ऐसा ही एक कार्यक्रम है जिसमें भाजपा द्वारा चलाई जा रहीं जन हितैषी योजनाओं से जनता को सीधे तौर पर जोड़ा जा रहा है। विकास यात्रा में भी लोगों को लाभ दिलाने का काम किया जा रहा है। भाजपा द्वारा विकास कार्य ही नहीं व्यक्तिगत लाभ भी नागरिकों को दिया जा रहा है।

### राजस्व एवं परिवहन मंत्री ने हितग्राहियों को बांटे प्रमाण पत्र

राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने विकास यात्रा के दौरान पात्र हितग्राहियों के लिये प्रमाण पत्र वितरित किये जिसमें लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत प्रमाण पत्र वितरित किये गये संबल योजना के तहत पात्र हितग्राहियों के लिये आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई साथ ही प्रधानमंत्री आवास के पात्र हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया गया जिन ग्रामीण जनों के आयुषमान नहीं बने थे उनके आयुषमान कार्ड बनाकर वितरित किये गये।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह ठाकुर, किसान मोर्चा अध्यक्ष धीरज सिंह औरिया, वरिष्ठ भाजपा नेता साहब सिंह, हरनाम सिंह, डब्बू आठिया, कृष्णकुमार दुबे, डॉ. प्रहलाद रैकवार, स्वतंत्र कुमार जैन, सरपंच शीलरानी, हरिशंकर, मुन्ना पांडेय, महेश यादव, किशन लोधी, राजकुमार, भगवानदास, शैलेन्द्र लोधी सहित नायाब तहसीलदार, सीईओ, ग्राम पंचायत सचिव सहित शासकीय विभाग अधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामीण आदि उपस्थित रहे।

### यूथ कांग्रेस के चन्चलेश व्यास को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी जिम्मेदारी



**भोपाल।** मध्यप्रदेश यूथ कांग्रेस के आईटी सेल के चेयरमेन चन्चलेश व्यास को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी जिम्मेदारी मिली है। उन्हें 9 सालों तक प्रदेश में आईटी सेल को मजबूत करने का इनाम मिला है। अब चन्चलेश को यूथ कांग्रेस सोशल मीडिया के राष्ट्रीय संयोजक बनाया है। चन्चलेश व्यास मंदसौर के पिपलियामंडी से है। मालवा से ब्राह्मण युवा चेहरे पर पार्टी ने यह बड़ा दांव लगाया है।

### वन कर्मी की हत्या मामले में एक को आजीवन कारावास, लेकिन शहीद का दर्जा नहीं मिला

भोपाल। देवास में वन कर्मी मदन लाल वर्मा की हत्या के मामले में धारा 302 एवं वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 51,में आरोपी मोहन भिलाला को आजीवन कारावास 10000 अर्थदंड एवम् 3 वर्ष का कठोर कारावास एवं 10000 अर्थदंड एवं आरोपी गुलाब को वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 51 में 3 वर्ष का कठोर कारावास एवं 10000 अर्थदंड एवं धारा 25 आर्म्स एक्ट में 3 वर्ष का कठोर कारावास व 10000 अर्थदंड से दंडित किया गया द्यन्यायाधीश चंद्र किशोर बारपेटे द्वितीय एडीजे बागली ने ये आदेश सुनाया। मुख्य आरोपी ने वन कर्मी को मोटर साइकिल पर चलते में गोली मारी दी थी। कर्मचारी ने चलती गाड़ी के बावजूद मोबाइल पर रिकॉर्डिंग कर ली थी। कर्मचारी नेता आमोद तिवारी ने बताया कि सीएम ने वन कर्मी को शहीद का दर्जा देने की घोषणा की थी, लेकिन अभी तक उसे शहीद का दर्जा नहीं दिया गया है। इसमें विभागीय अधिकारियों की लापरवाही जान पड़ती है।

# बदलते सामाजिक परिवेश के बीच महिलाएं पहले से ज्यादा जागरूक: डॉ. लता



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

**आठ देशों सहित भारत के 21 राज्यों की योगिनियों को किया सम्मानित**

एडुजीलाइफ संस्था भोपाल द्वारा परमार्थ निकेतन ऋषिकेश और परिधि आर्ट ग्रुप के संयुक्त सहयोग से योग की नगरी ऋषिकेश में 11-12 फरवरी को परमार्थ निकेतन आश्रम में अंतरराष्ट्रीय योगिनी अवॉर्ड 2023 का गरिमामयी आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का उद्घाटन स्वामी चिदानंद सरस्वती और साध्वी भगवती सरस्वती, परमार्थ निकेतन, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय हरिद्वार के कुलपति डॉ दिनेश चंद्र शास्त्री, फिल्म अभिनेता शिव आर्यन, परिधि आर्ट ग्रुप के संस्थापक श्री निर्मल रतनलाल वैद, इन्डियन स्कूल ऑफ इमेज मैनेजमेंट की फाउंडर सुश्री सोनिया दुबे दीवान द्वारा किया गया। इस अवसर पर 8 देशों की अंतरराष्ट्रीय योगिनी न्यूजीलैंड, केलिफोर्निया, फ्रांस, ब्रिटेन, थाइलैंड, सिंगापुर, इथुयाना और इंडोनेशिया और 21 राज्यों की योगिनियों का सम्मान किया गया। आयोजन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए एजुजीलाइफ और विशिप्सा की संस्थापक डॉ. आर. एच. लता ने बताया कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी-20 के तृतीय सत्र में कहा कि एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य राष्ट्र का समग्र विषय का एक अभिन्न अंग है। भारत के जी-20 प्रेसीडेंसी के दौरान पहचाने गए 16 क्षेत्रों में से एजुजीलाइफ और विशिप्सा योग स्वास्थ्य और महिलाओं के नेतृत्व-विकास पर ध्यान केंद्रित करता है। इसके निमित्त ऋषिकेश में योगिनी अवार्ड सम्मेलन आयोजित किया गया। डॉ लता ने कहा कि एजुजीलाइफ योगिनी अवार्ड्स उन महिलाओं को सम्मानित करने की एक पहल है, जिन्होंने अपना जीवन योग अभ्यास को अपनाने और फैलाने तथा लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए समर्पित कर दिया है। पिछले वर्ष का योगिनी अवार्ड 11 दिसंबर 2021 को तीन मूर्ति भवन में हुआथा। यह एक बड़ी सफलता थी जहां हमने 27 राज्यों की महिलाओं को योगिनी पुरस्कारों की पांच श्रेणियों को मान्यता दी और सम्मानित किया।हमें यह कहते हुए गर्व हो रहा है कि इस वर्ष एजुजीलाइफ योगिनी अवार्ड्स अंतर्राष्ट्रीय हो गया है।

### केन्द्र सरकार ने देश की आर्थिक स्थिति से लेकर सभी क्षेत्र में अच्छे सुधार किएः शर्मा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश शासकीय अधिकारी कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष रघुवीर प्रसाद शर्मा का कहना है कि गृह मंत्री अमित शाह ने जिस ढंग से देश की आर्थिक स्थिति से लेकर अच्छे सुधार किए एवं राष्ट्र को प्रगति की ओर ले जाने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए जा रहे कार्यों से भारत की व्यापक छवि विश्व में बनी है भारत हर क्षेत्र में उन्नति कर रहा है एवं उनके ही नेतृत्व में देश में एक स्थाई सरकार का गठन हुआ आने वाले 2024 में भी देश के नागरिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक अच्छी स्थाई सरकार बनाएंगे। अमित शाह द्वारा त्रिपुरा में भी जो शांति स्थापित हुई है आज विकास हो रहा है इस प्रकार कश्मीर में भी तथा देश में अच्छे-अच्छे कदम विकास के लिए उठाए जा रहे हैं विश्व में भारत की विश्व अच्छी बनी है। 2024 में स्थाई सरकार मजबूत बनाने के लिए सभी देश के नागरिकों को जागरूक होना चाहिए विपक्ष के लोग 2002 से हमेशा प्रधानमंत्री की गलत आलोचना करते हैं जबकि देश के नागरिक एवं विश्व में प्रधानमंत्री ने भारत की उज्जवल छवि बनाई है।

# ग्वालियर के राष्ट्रीय वैज्ञानिक सम्मेलन में शामिल हुई एम्स नेत्र विज्ञान विभाग की टीम

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

नेत्र विज्ञान विभाग, एम्स, भोपाल ने ग्वालियर में ग्वालियर डिवीजन ऑफ्थैल्मिक सोसाइटी और रतन ज्योति नेत्रालय द्वारा आई.आई.आर.एस.आई. (इंट्राओकुलर इंप्लांट एंड रिफ्रैक्टिव सोसाइटी ऑफ इंडिया) के तत्वावधान में आयोजित एक राष्ट्रीय स्तर के वैज्ञानिक सम्मेलन में भाग लिया । प्रोफेसर भावना शर्मा (विभागाध्यक्ष - नेत्र विज्ञान, एम्स भोपाल) को जटिल मोतियाबिंद सर्जरी मामलों के प्रबंधन पर अतिथि व्याख्यान के लिए आमंत्रित किया गया था । उन्होंने प्रतिस्पर्धी कार्यक्रमों में भी निर्णायक की भूमिका निभाई तथा वे कई प्रस्तुतियों में एक पैनलिस्ट रहीं । प्रोफेसर भावना शर्मा को नेत्र विज्ञान के क्षेत्र में नैदानिक, शल्य चिकित्सा, शिक्षाविदों और शिक्षण में उनके अपार योगदान के लिए उत्कृष्टता पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया । उल्लेखनीय है कि प्रोफेसर शर्मा द्वारा अपने व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद डीन, परीक्षा, एम्स, भोपाल का दायित्व का भी निर्वहन किया जा रहा है ।



डॉ समेंद्र कुमार करखुर, सहायक प्राध्यापक, नेत्र विज्ञान विभाग, एम्स, भोपाल ने भी सम्मेलन में भाग लिया और एक बहुत ही दुर्लभ और जटिल सर्जरी प्रस्तुत करने के लिए वीडियो फिल्म प्रतियोगिता के लिए फिल्मफेयर पुरस्कार जीता । उन्हें यूवाइटिस मोतियाबिंद मामलों और उनके प्रबंधन पर अतिथि संकाय व्याख्यान देने के लिए भी आमंत्रित किया गया था । कई पोस्ट ग्रेजुएट रेजिडेंट चिकित्सकों ने वैज्ञानिक पेपर प्रस्तुत किए और डॉ निकिता यादव ने सर्वश्रेष्ठ पेपर का पुरस्कार जीता ।

प्रो. (डॉ.) अजय सिंह, कार्यपालक निदेशक और सीईओ ने संस्थान की प्रतिष्ठा में वृद्धि के लिए विभाग को बधाई देते हुए, सभी पुरस्कार विजेताओं तथा प्रतिभागियों के चिकित्सा विज्ञान में उनके योगदान और मानवता की सेवा को आगे बढ़ाने के लिए प्रसन्नता व्यक्त की ।

### चल रहा क्षमता निर्माण प्रशिक्षण

**भोपाल।** सामुदायिक और परिवार चिकित्सा विभाग द्वारा स्वास्थ्य संबंधी आपात स्थितियों में अस्पताल की आवश्यक तैयारी के लिए अस्पताल प्रशासकों के लिए 6 दिन की अवधि का क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है । यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 13 से 18 फरवरी 2023 तक चलेगा । आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने एम्स भोपाल के साथ आपदा जोखिम कम करने के माननीय प्रधान मंत्री की 20 सूत्रीय कार्यसूची के अनुपालन हेतु देश भर के अस्पताल प्रशासकों (सिविल सर्जन, अपर सिविल सर्जन, अस्पताल प्रबंधकों) की क्षमता निर्माण के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं । एम्स भोपाल ने प्रशिक्षण पाठ्यक्रम विकास के सभी चरणों में सक्रिय रूप से भाग लिया है और अब विभिन्न राज्यों के अस्पताल प्रशासकों की क्षमता निर्माण के लिए इस कार्यक्रम को क्रियान्वित कर रहा है ।बिहार, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के अस्पताल निदेशकों के पहले बैच का प्रशिक्षण आज के प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान नोडल अधिकारी डॉ. सूर्या बाली ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी दी और मुख्य अतिथि, सम्मानित अतिथि और विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों का स्वागत किया ।

### सुविधाओं का निरीक्षण किया

भोपाल। एम्स में एचआईवी और एड्स (पीएलएचआईवी) के मरीजों के लिए उपचार सुविधाओं का उन्नयन किया जा रहा है। सुरभि गुप्ता (आईएएस), परियोजना निदेशक, मध्य प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी (एमपीएसएसीएस) ने डॉ. अंकिता पाटिल, उप निदेशक, रक्त सुरक्षा आईसीटीसी के साथ एम्स, भोपाल का दौरा कर संस्थान में एचआईवी रोगियों के निदान और उपचार के लिए उपलब्ध सुविधाओं का निरीक्षण किया । एमपीएसएसीएस टीम ने एम्स, भोपाल के आईसीटीसी, एआरटी सेंटर और ट्यूबरकुलोसिस सेंटर का दौरा किया और उपलब्ध सुविधाओं पर प्रसन्नता व्यक्त की । इस दौरान, एमपीएसएसीएस टीम ने नाको (इ्रष्टह्र) द्वारा पहले से स्वीकृत शेष पदों को भरने और एमपीएसएसीएस द्वारा हर संभव मदद देने का वादा किया । एम्स, भोपाल के निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रो. (डॉ.) अजय सिंह की ओर से चिकित्सा अधीक्षक प्रो. मनीषा श्रीवास्तव ने एम्स, भोपाल की राज्य के एचआईवी रोगियों की उन्नत निदान, प्रबंधन और उपचार के क्षेत्र में सर्वोत्तम संभव तरीके से सेवा करने की प्रतिबद्धता दोहराई ।

स म्पा द की य

# हम किसी से कम नहीं...

महिलाओं ने एक कदम और आगे बढ़ाया। देश में अब आईपीएल की तर्ज पर डब्ल्यूपीएल विमिंस प्रीमियर लीग का आयोजन भी शुरू हो रहा है। डब्ल्यूपीएल के लिए सोमवार को मुंबई में हुई खिलाड़ियों की नीलामी में जिस तरह का जोश दिखा, उसे भारतीय महिला क्रिकेट के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना जा सकता है। हालांकि अभी आईपीएल की तरह यहां बहुत ऊंची बोलियां नहीं लगीं, लेकिन कम से कम शुरुआत तो हुई।




महिला क्रिकेटरों की बोली में भारतीय बैटिंग की मजबूत स्तंभ स्मृति मंधाना को सर्वाधिक 3.4 करोड़ रुपये कीमत मिली तो सबसे महंगी विदेशी खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया की ऑलराउंडर एश्ले गार्डनर रहीं। उन्हें 3.2 करोड़ रुपये में गुजरात जायंट्स ने खरीदा। इस लिहाज से भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर के लिए मुंबई इंडियंस की ओर से लगाई गई बोली (1.8 करोड़ रुपये) जरूर अपेक्षा से कम है। ऐसी लीग में अक्सर कुछ बेहतर खिलाड़ियों के लिए बोली नहीं लगती। ऐसा इस नीलामी में भी हुआ। टीमों की रणनीति, प्राथमिकता, खिलाड़ियों को खरीदने का बजट नीलामी को प्रभावित करते हैं। ज्यादा बड़ी बात यह है कि खिलाड़ियों की नीलामी के साथ ही डब्ल्यूपीएल ने एक महत्वपूर्ण चरण पूरा कर लिया। इसे लेकर न सिर्फ खिलाड़ियों में बल्कि क्रिकेट जगत से सीधे तौर पर या परोक्ष रूप से जुड़े तमाम लोगों में उत्सुकता बनी हुई है।

अगर आईपीएल के मुकाबले में देखा जाए तो यह हर तरह से कम नजर आती है। सबसे महंगे खिलाड़ी की बात करें तो आईपीएल में इस साल टॉप पर रहे इंग्लैंड के सैम कुरेन 18.5 करोड़ रुपये में बिके जिसके आगे मंधाना को मिली रकम कुछ नहीं लगती। हो भी क्यों ना! डब्ल्यूपीएल में हर टीम को मिला बजट मात्र 12 करोड़ रुपये है, जबकि आईपीएल में हर टीम को 95 करोड़ रुपये मिलते हैं। डब्ल्यूपीएल में मात्र 5 टीमें रखी गई हैं जबकि आईपीएल में दस टीमें खेलती हैं। मगर भूलना नहीं चाहिए कि आईपीएल का 16 वर्षों का इतिहास है, उथल-पुथल भरी एक लंबी यात्रा है। यह दर्शकों की मौजूदगी के मामले में दुनिया में पहले नंबर की क्रिकेट लीग है और यह कोई आज की बात नहीं। 2014 में ही औसत उपस्थिति के मामले में इसने दुनिया की सभी स्पोर्ट्स लीग में छठा स्थान हासिल कर लिया था।

इस लीग ने क्रिकेट को जिस स्तर पर पहुंचाया, क्रिकेटरों को जिस तरह का मंच दिया, वह कुछ समय पहले तक अकल्पनीय था। छोटे शहरों और कस्बों के खिलाड़ियों के लिए अचानक उम्मीदों का आसमान खुलता दिखाई देने लगा। ये सारी बातें न केवल डब्ल्यूपीएल के भविष्य को लेकर आशान्वित करती हैं बल्कि महिला क्रिकेट के आगामी चमकदार दौर की उम्मीद बढ़ाती हैं। यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि हमारे देश की खिलाड़ियों ने कठिन चुनौतियों से गुजरते हुए महिला क्रिकेट को यहां तक पहुंचाया है। उनकी यात्रा में एक महत्वपूर्ण मोड़ था इसका डब्ल्यूपीएल के हाथों में पहुंचना।

अब डब्ल्यूपीएल की शुरुआत के रूप में इसका नया चरण प्रारंभ हो रहा है। उम्मीद की जानी चाहिए कि यह दौर महिला क्रिकेट को न केवल तमाम जरूरी संसाधनों से लैस करेगा बल्कि देश की उभरती प्रतिभाओं में नया उत्साह भरते हुए उनके सामने क्रिकेट को एक आकर्षक और भरोसेमंद करियर के रूप में स्थापित करेगा। महिलाओं के लिए बराबरी का एक और बहुत बड़ा मौका है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हमारे देश की महिलाएं क्रिकेट में भी आगे बढ़ेंगी, यह विश्वास कर सकते हैं। वैसे भी हमारे देश की महिला क्रिकेट टीम जिस तरह खेल रही है, उससे हम कह सकते हैं कि ये बढ़ते कदम तमाम अंतर्राष्ट्रीय कीर्तिमान स्थापित करेंगे और हमें नए-नए महिला क्रिकेट सितारे मिलेंगे। छोटी-छोटी जगह से महिला क्रिकेटर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में स्थान बनाएंगी, सभी फार्मेट में आगे जाएंगी। देश का नाम रोशन करेंगी।

# राज्यपालों की अदला बदली से समीकरण साधने का प्रयास

**-अरुण पटेल**

नौ राज्यों में बढ़ती चुनावी गतिविधियों के बीच राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने 13 राजभवनों में नये चेहरों को बतौर राज्यपाल नियुक्त किया है। राज्यपालों के इस फेरबदल में दो राज्यपालों महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी और लद्दाख के उपराज्यपाल आरके माथुर के इस्तीफे हुए हैं। भले ही भगत सिंह कोश्यारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पदमुक्ति का अनुरोध किया था लेकिन उनके हटाये जाने पर विपक्षी दलों ने खुशी का इजहार किया है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री रह चुके कोश्यारी को महाराष्ट्र में राजनीतिक उठापटक के बीच सितम्बर 2019 में राज्यपाल बनाया गया था लेकिन वे लगातार अपने कुछ बयानों व कुछ फैसलों के कारण विवादों से घिरे रहे। जल्दबाजी में सुबह तड़के देवेन्द्र फड़नवीस व अजीत पवार को मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री को शपथ दिलाने को लेकर वे चर्चा में आये थे। यह सरकार मात्र तीन दिन तक चली और उसके बाद शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में बनी शिवसेना, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस गठबंधन की महाविकास अघाड़ी सरकार से राज्यपाल का निरन्तर टकराव चलता रहा। हाल ही में छत्रपति शिवाजी महाराज पर की गई टिप्पणी को लेकर वह महाविकास अघाड़ी के नेताओं के निशाने पर थे। उनके स्थान पर छत्तीसगढ़ के पिछड़े वर्ग के एक बड़े नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रमेश बैस को झारखंड के राजभवन से स्थानान्तरित कर महाराष्ट्र के राजभवन में भेज दिया गया।



रमेश बैस को अचानक बड़े राज्य में राज्यपाल बनाकर मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ की राजनीति में भाजपा ने यह संदेश देने की कोशिश की है कि वह पिछड़े वर्ग के नेताओं को पदों से नवाजने में प्राथमिकता देती है। दोनों ही राज्यों में इस वर्ष के अन्त में विधानसभा चुनाव होना हैं। इसके साथ ही राजस्थान में भी चुनाव होना हैं, वहां की भाजपा की राजनीति को साधने के उद्देश्य से 78 वर्षीय राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया को असम का राज्यपाल बनाया गया है। कटारिया की गिनती राजस्थान के वरिष्ठ भाजपा नेताओं में होती है तथा उन्हें राज्यभवन में भेजकर राजस्थान में नये नेतृत्व को आगे करने का रास्ता साफ कर लिया गया है। अब भाजपा वहां की जमीनी हकीकत व जातिगत समीकरणों को देखते हुए नये चेहरे को नेता प्रतिपक्ष बना सकती है।

जहां तक अनुसुइया उइके का सवाल है वे भी हाल ही में उस समय चर्चा में आईं जब आरक्षण संबंधी राज्य विधानसभा द्वारा पारित विधेयक पर न तो उन्होंने इन पंक्तियों के लिखे जाने तक हस्ताक्षर किए और न ही उसे वापस किया बल्कि 10 बिंदुओं पर सरकार से स्पष्टीकरण मांग लिया था। आरक्षण संबंधी एक प्रश्न के उत्तर में सुश्री उइके ने पूर्व में कहा था कि यदि इस मुद्दे पर राज्य सरकार कोई विधेयक लाती है तो वह तत्काल उस पर अपनी स्वीकृति की मुहर लगा देगी। एक चतुरसुजान और अनुभवी राजनेता होने के नाते भूपेश बघेल ने बिना कोई देरी किए तत्काल विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर आदिवासी वर्ग के आरक्षण के उस प्रतिशत को फिर से बढ़ा दिया जिसे डॉ. रमन सिंह सरकार ने कम कर दिया था। विधानसभा में यह विधेयक सर्वानुमति से पारित हो गया और वहां भाजपा ने इसका समर्थन किया था लेकिन राजभवन जाकर भाजपा नेताओं ने इसके कुछ बिन्दुओं पर आपत्ति जताई और फिर यह विधेयक राजभवन में ही उलझ कर रह गया। मुख्यमंत्री बघेल और कुछ आदिवासी संगठन इस पर यह कहने लगे कि भाजपा आदिवासियों के आरक्षण की विरोधी है इसलिए इसे राजभवन में लटकाया जा रहा है। यहां तक कि यह मामला अदालत में भी जा पहुंचा। इस बीच भले ही उइके के स्थानान्तरण के कोई अन्य कारण रहे हों लेकिन इसे इस घटनाक्रम से जोड़कर राजनीतिक गलियारों में देखा जा रहा है। अब सुश्री उईके मणिपुर की राज्यपाल होंगी तथा छत्तीसगढ़ के राज्यपाल विस्वभूषण हरिचंदन बनाये गये हैं।

अयोध्या के रामजन्मभूमि- बाबरी मसजिद विवाद व तत्काल तीन तलाक को वैध ठहराने वाली संविधान पीठ में जस्टिस रहे एस अब्दुल नजीर को आंध्रप्रदेश का राज्यपाल बनाया गया है। नजीर दो जनवरी को सेवानिवृत्त हुए थे। जस्टिस नजीर व गुलाबचंद कटारिया के राज्यपाल नियुक्त होने के साथ ही चार राज्यपाल अल्पसंख्यक समुदाय से हो गये हैं इनमें केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान और उत्तराखंड के राज्यपाल गुरमीत सिंह भी इसी समुदाय से हैं। इस प्रकार राज्यपालों की अदला-बदली से भी राजनीतिक व सामाजिक समीकरण साधने की कोशिश की गयी है, इस संभावना को नकारा नहीं जा सकता।

# ट्रांस वुमन के लिए भगवान ने ट्रांस मैन बनाया है

**ब्रह्मदीप अलूने**

दिल्ली की शामें तो रंगीन होती ही है। कहते है दिल्ली दिलवालों की है और जिंदगी की अनन्त संभावनाओं को तलाशने और मंजिल तक पहुंचने के लिए हजारों लोग रोज इस शहर में पहुंचते है। वह 22 अप्रैल 2022 की शाम थी। राम एक नियत स्थान पर एक शख्स का इंतजार कर रहा था। जब उसका इंतजार खत्म हुआ और कार से तीन लडकियां उतरी तो वह अचरज में पड़ या कि आखिर इसमें वो कौन है जिसका उसे इंतजार था। राम को इन्हें गरिमा गृह ले जाना था जो मूलत: ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए होता है। लेकिन राम नहीं जानता था कि इसमें से कौन ट्रांसजेंडर है। अंतत: उसने सकुचाते हुए पूछ ही लिया की आप में से ट्रांस वूमन कौन है।

उन तीनों लड़कियों में से सबसे खूबसूरत चेहरे ने मुस्कुराते हुए कहा कि मैं मेहर हूं। राम की पलके बिल्कुल झपकने को तैयार नहीं हुई। उसे लगा की भला ट्रांस वुमन भी इतनी खुबसूरत हो सकती है। राम अपनी हमउम्र मैहर को देखते ही सपनों में डूब गया।

राम की दुनिया में ऐसा भी हो सकता था,उसने कल्पना नहीं की थी। कुछ दिनों पहले ही उसने फेसबुक प्रोफाइल में लिखा था कि जैसा भी हूँ,खुद के लिए बेमिसाल हूं,किसी को हक नहीं की मेरी परख करें। दिल्ली के किशन विहार में रहने वाला राम कभी निशा हुआ करती थी। बेहद मासूम और चंचल निशा। तीन बहनों में उसे मझली कहा जाता था। पिताजी निशा को बिल्कुल लड़कों की तरह रखा करते थे। 16 अप्रैल 1988 को जन्मी निशा को समय के साथ यह एहसास होने लगा की उसे तो लड़का ही होना चाहिए। अब उसकी उम्मीदें परवान चढ़ने लगी और उसने डिजीटल मार्केटिंग में पैसा बनाया तो वह फैसला किया जो बहुत अप्रत्याशित था। निशा ने अपना जेंडर बदलवाने की ठानी और 2019 में एक आपरेशन के बाद अंतत: निशा, राम के रूप में समाज के सामने आया। हालांकि यह विचार साधारण नहीं था लेकिन निशा उर्फ़ राम को कुछ असाधारण करने की धुन सवार थी।



दूसरी और दिल्ली से करीब साढ़े सात सौ किलोमीटर दूर उज्जैन में मैहर डांस में अपना नाम कमा रही थी। मैहर अपने बड़े भाई और छोटी बहन के साथ खेलती कूदती लेकिन उसे बार बार यह एहसास होता की वह इन दोनों से अलग है। पिताजी पेंटर थे और माँ हार्ट पेशेंट थी, इसलिए मैहर को गुरबत की जिंदगी से रूबरू तो होना ही पड़ता था। मैहर सोशल मीडिया पर ट्रांस समुदाय से मिली और उसे अपनी जिंदगी का कोई अलग रास्ता नजर आने लगा। इस बीच मै उसे पता चला की दिल्ली के तालकटोरा मैदान में किन्नर महोत्सव का आयोजन हो रहा है,अत: वह उसका हिस्सा बनने दिल्ली पहुंच गई।

अब गरिमा गृह में जानी मानी डांसर मैहर का ख्याल रखने की जिम्मेदारी राम की थी। मैहर बहुत थक गई थी और उसके पैर भी बहुत दु:ख रहे थे। राम ने जब पैर दबाने को कहा तो मैहर चिढ़ कर बोली,लड़के हो,हद में रहो। राम मुस्कुराने लगा और यही से उन दोनों की जिंदगी में मुस्कान बढती चली गई। किन्नर महोत्सव में मैहर का डांस देखकर लोग वाह वाह कर रहे थे तो राम भी मंत्रमुग्ध था। उसे अब यह लगने लगा था कि वह मैहर के बिना नहीं रह सकता। जब मैहर दिल्ली से वापस आने के लिए रवाना हुई तो राम ने मैहर को एक कागज का टुकड़ा थमा दिया जिसमें लिखा था कि अकेला नहीं हूं,बस।

ट्रेन आगे बढ़ चुकी थी जब तब मैहर वह कागज का टुकड़ा पड़ती। लेकिन अब मैहर की आंखों से आंसू बह निकले। उसे भी एहसास हुआ था कि जिंदगी का आगे का रास्ता अब अकेले तय करना मुश्किल होगा तो वह आगे के स्टेशन पर उतर गई और वापस दिल्ली पहुंच गई। राम अपने सामने मैहर को पाकर पागलों की तरह उछलने लगा,उसे विश्वास नहीं हो रहा था कि उसका सुनहरा सपना इस प्रकार सामने आ जायेगा।

दिल्ली की रोहिणी में स्थित कालिका मंदिर में राम,निशा के रूप में अपनी माँ के साथ जाया करती थी। निशा ने वहीं सपने देखे थे,राम ने अपनी शादी के लिए उसी स्थान को चुना। 6 सितम्बर 2022 को दोनों परिवारों की मौजूदगी में राम और मैहर ईश्वर को साक्षी मानकर एक दूजे के हो गए। राम और मैहर खुद का बच्चा चाहते है और डॉक्टर ने भरोसा दिलाया है कि यह संभव भी होगा। राम कहते है कि बच्चा तो होगा और हमारे डीएनए से होगा। लेकिन उनकी चुनौतियां भी कम नहीं है। देश के कोने कोने से ऑनलाइन ट्रांस कार्ड के लिए अप्लाई किया जाता है लेकिन ट्रांस कार्ड मिलना बहुत दूर की कौड़ी है। ट्रांस कार्ड मिलेगा तो अस्पताल में फ्री इलाज की सुविधा मिल जाएगी और तब शायद बच्चे का सपना भी सच हो जाएं।

मैहर कहती है अब उसे कोई फर्क नहीं पड़ता की लोग क्या कहते है। वह अपनी पहचान के साथ जीना चाहती है। मैहर खुश है कि उनके परिवार ने राम को स्वीकार किया जो लडकी से लड़का बने थे। राम और मैहर इस समय जयपुर में है जहां किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर पुष्पा गिडवानी का एनजीओ नई भौर तीसरे समुदाय के हितों के लिए खूब काम करता है। दोनों जयपुर में नई जिंदगी शुरू करना चाहते है। मैहर डांस ग्रुप बनाकर दुनिया पर छा जाना चाहती है तो राम अपनी हमसफर के सपनों को पूरा करने के लिए संकल्पित है। राम की माँ बूढी हो चूकी है और मैहर उनकी सेवा करना चाहती है। मैहर कहती है जैसे पुरुष के लिए स्त्री है वैसे ही ट्रांस वुमन के लिए भगवान ने ट्रांस मेन बनाया है। वह कहती है ईश्वर किसी को कभी अकेला नहीं छोड़ता,शिद्दत से चाहो तो सबकी तलाश अवश्य खत्म होती है।

# कौन है किंग क्लाउडियस और कौन हैं संत वैलेंटाइन

**कौशल किशोर चतुर्वेदी**

आज लव मंथ का सबसे प्यारा दिन है। दरअसल इस तारीख को प्रेम दिवस के रूप में मनाया जाता है और वैलेंटाइन डे कहा जाता है। यह वैलेंटाइन एक संत थे, जिन्होंने किंग क्लाउडियस के प्रेम विरोधी फरमानों का खुलकर विरोध किया था।270 ईसवी में रोम के किंग क्लाउडियस जहां एक तरफ प्रेम के विरोधी थे। क्लाउडियस का मानना था कि प्रेम को बढ़ावा देने से रोम के सैनिकों का ध्यान भंग होने लगेगा। जिससे रोम की सेना कमजोर हो जाएगी। यही कारण था कि किंग क्लाउडियस ने सैनिकों के शादी करने और लव मैरिज पर भी पाबंदी लगा दी थी। तो वहीं दूसरी तरफ संत वेलेंटाइन प्रेम का खुलकर प्रचार किया करते थे। इसी कड़ी में संत वेलेंटाइन ने ना सिर्फ क्लाउडियस की विचारधारा को गलत ठहराया बल्कि राजा के खिलाफ जाकर कई शादियां भी करवाई। जिसके चलते किंग क्लाउडियस ने संत वेलेंटाइन को फांसी की सजा सुना दी और 14 फरवरी के दिन ही संत वेलेंटाइन को फांसी दे दी गई थी। जिसके बाद इस दिन को रोम सहित पूरी दुनिया में प्यार का दिन कहा जाने लगा और विश्वभर में वेलेंटाइन डे मनाने का प्रचलन शुरु हो गया।



इस वैलेंटाइन डे यानि प्रेम दिवस को कपल्स अपने प्यार के इजहार का दिन मानते हैं। पर वे यह नहीं जानते कि अब कोई किंग क्लाउडियस नहीं है, जो उन्हें प्रेम की अभिव्यक्ति करने से वंचित कर रहा हो। भारत जैसे देश में तो हर दिन प्रेम का है। वैलेंटाइन डे पर फूहड़ता के विरोध में कहीं पुलिस को तो कहीं बजरंग दल जैसे संगठनों को किंग क्लाउडियस बनना पड़ता है और लगता है जैसे वह प्रेम के विरोधी हों। पर ऐसा नहीं होता, दरअसल भारतीय संस्कृति तो प्रेम से ओतप्रोत रही है। ऐसे में यूरोपीय? प्रेम दिवस पर हद पार कर भारतीय संस्कृति को तार-तार करना समझ से परे होता है। हालांकि तब भी भारतीय संविधान किसी को भी किंग क्लाउडियस बनने की इजाजत नहीं देता।

हमारा देश तो सांस्कृतिक समृद्धि का जीवंत उदाहरण है। उत्तर से दक्षिण तक पहुंचते-पहुंचते धोती लुंगी बन जाती है। फाल्गुन का महीना और ब्रज की होली प्रेम के रंग बिखेरने को तैयार है। राधा और कान्हा का प्रेम तो जग में प्रसिद्ध है। राधा और कान्हा का नाम जहां आ जाए, वहीं जगह ब्रज बन जाती है और प्रेम का समुद्र दिलों में हिलोरें मारने लगता है। आगे की पंक्तियां हमें ब्रज, राधा और कृष्ण के करीब ले जाने वाली हैं, खुद ही महसूस कर लीजिए।

ब्रज रज जाकूँ मिल गयी,वाकी चाह न शेष। ब्रज की चाहत मैं रहैं, ब्रह्मा, विष्णु, महेश। ब्रज के रस कूँ जो चखै, चखै न दूसरो स्वाद। एक बार राधे कहै, तौ रहै न कछु और याद। ब्रज की महिमा को कहै, को बरनै ब्रज धाम। जहाँ बसत हर साँस में, श्री राधे और श्याम।

तो यहां भारत की भूमि ब्रजमय ही है। जहां प्रेम की गंगा हर जगह बहती है। यहां हर दिन प्रेम से सराबोर है। हर दिल प्रेममय है। राजनैतिक तौर पर भले ही नफरत छोड़ो, भारत जोड़ो जैसे नारे आकार ले लें, लेकिन वास्तव में सामाजिक-सांस्कृतिक तौर पर प्रेम दिलों को जोड़े हुए है। यहां क्लाउडियस मानसिकता की दिलों में कोई जगह नहीं है और संत वैलेंटाइन मानसिकता हर नेक दिल का हिस्सा है। कबीर, सूर, तुलसी, मीरा, रसखान, चैतन्य की परंपरा प्रेम में ही तो समाई है यहां।

# हुआ है तो दिखेगा, केवल दिखाने से तो हो नहीं जाएगा

**सरयूसुत मिश्र**

मध्यप्रदेश में जैसे-जैसे चुनाव करीब आते जा रहे हैं वैसे-वैसे विकास यात्रा और हिसाब यात्रा शुरू हो गई हैं. यह दोनों यात्राएं हर रोज चलना चाहिए. जो सरकार चलाते हैं उन्हें हर दिन विकास की यात्रा को आगे बढ़ाना चाहिए और जो विपक्ष में है उन्हें हर दिन सरकार से हिसाब मांगने की यात्रा ताकत के साथ चलाना चाहिए. दुर्भाग्यजनक स्थिति यह है कि विकास और हिसाब यात्रा चुनाव के एक साल पहले निकाली जाती हैं. इसके पहले पूरे समय राजनीति राजनीति और केवल राजनीति ही खेली जाती है.

विकास, सृजन निश्चित रूप से कठिन काम होता है. मध्यप्रदेश सरकार की विकास यात्रा के जो नजारे प्रदेश में दिखाई पड़ रहे हैं, हास-परिहास और विरोध के जो दृश्य प्रकट हो रहे हैं, जनमानस के बीच विकास मनीषियों का जैसा स्वागत हो रहा है, उसने विकास की दशा-दिशा और दृष्टि पर करारा सवाल खड़ा कर दिया है. जैसा बताया जा रहा है उसके मुताबिक सरकार की विकास यात्रा अब तक किए गए विकास को जनता तक पहुंचाने के लिए की जा रही है. बुद्धिजीवी इस पर भी सवाल खड़े कर रहे हैं कि विकास हुआ है तो जिनका विकास हुआ है उनको उसके बाद भी क्या कुछ बताने की जरूरत होनी चाहिए?

सवाल यह भी खड़ा हो रहा है कि जब जनता के विकास की बातें बताई जा रही हैं तब फिर इसका जगह-जगह विरोध क्यों किया जा रहा है? मध्यप्रदेश में पहली बार सरकार द्वारा विकास यात्रा निकाली जा रही हो ऐसा भी नहीं है. इसके पहले 2018 में भी सरकार द्वारा विकास यात्रा निकाली गई थी उसके बाद चुनाव में आए जनादेश को विकास के नजरिए से जन अदालत का फैसला ही कहा जाएगा.

अब 2023 के चुनाव के पहले फिर से विकास यात्रा के नाम पर पूरे प्रदेश में रोड शो जैसे किए जा रहे हैं. होर्डिंग और बैनर के साथ प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में विकास की गाथा गाई जा रही है.

राजनीति और विकास की प्रोफेशनल दृष्टि में काफी अंतर दिखाई पड़ता है. डेवलपमेंट एक्सपर्ट जिसे विकास मानते हैं उस तरह का एप्रोच राजनीतिक सरकारों का नहीं होता. इंफ्रास्ट्रक्चर के मामले में सभी राज्य सरकारें कम निवेश करती हैं. तात्कालिक लाभ लेने के लिए मुफ्त की योजनाओं और अनुदान देने की नीतियों पर सरकारों द्वारा ज्यादा निवेश किया जाता है.

चुनाव पूर्व शुरू की जाने वाली नई योजनाओं का अध्ययन किया जाए तो स्पष्ट पता लग जाएगा कि केवल मत प्राप्त करने के लिए सरकारी खजाने से अरबों रुपए नगद वितरित करने के उपक्रम रचे जाते हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले दिनों संसद में अपने भाषण में राज्य सरकारों द्वारा सरकारी धन के बेतहाशा और बिना दूरगामी सोच के खर्च पर गंभीर चिंता व्यक्त की है.

उन्होंने तो यहां तक कहा कि भारत के पड़ोसी कई देशों में अर्थव्यवस्था और हालात को देखते हुए राज्यों को सचेत होने की जरूरत है. अगर आज कदम नहीं उठाए गए तो भावी पीढ़ी के लिए चिंताजनक स्थिति निर्मित हो सकती है. कोई भी राजनीतिक दल अर्थव्यवस्था पर चर्चा नहीं करता. राज्य सरकारें कर्जों में डूबी हुई हैं. पूंजीगत व्यय लगातार कम होता जा रहा है. केवल दिखावे और आयोजनों पर बड़ी धनराशि का दुरुपयोग आमतौर पर देखा जाता है.

किसी भी सरकार के लिए बुनियादी सुविधाओं का विस्तार सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए. मध्यप्रदेश आज इंफ्रास्ट्रक्चर, इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट के फील्ड में भारत के अन्य राज्यों की तुलना में पीछे है. स्वास्थ्य, सिंचाई, शिक्षा के मामले में भी मध्यप्रदेश को अभी काफी लंबा रास्ता तय करना है. मातृ-मृत्यु दर, शिशु-मृत्यु दर और कुपोषण के मामले में मध्य प्रदेश की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है. ट्राईबल डेवलपमेंट मध्यप्रदेश की सर्वोच्च प्राथमिकता होना चाहिए.

नगद या मुफ्त की योजनाओं से राज्य के विकास पर कोई असर नहीं पड़ता. राजनीतिक दलों को तात्कालिक लाभ हो सकता है लेकिन इसका राज्य के विकास पर कोई दूरगामी प्रभाव नहीं होता. मध्यप्रदेश में राजनीतिक और प्रशासनिक धारा में न मालूम ऐसी कौन सी चीज है कि जो राजनीति को ज्यादा प्रश्रय और प्रमुखता देती है और विकास हमेशा दूसरे दर्जे पर आता है. देश के दूसरे राज्यों को देखा जाए तो वहां राजनीति भले अस्थिर हो लेकिन प्रशासनिक तंत्र राज्य के विकास को पटरी से भटकने नहीं देता.

महंगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दे आम लोगों के जीवन से जुड़े सबसे बड़े मुद्दे हैं. इन पर तमाम प्रयासों के बावजूद कोई खास उपलब्धि हासिल होती नहीं दिखाई पड़ रही है. राजधानी भोपाल का ही अगर उदाहरण लिया जाए तो यहां एमबीए और इंजीनियर छात्रों के लिए भी दस से 15 हज़ार रुपये से ज्यादा की नौकरियां उपलब्ध नहीं है. प्रदेश का इंदौर एकमात्र ऐसा शहर है जहां इससे अधिक वेतन की नौकरियां थोड़ी बहुत मिल सकती हैं. बाकी प्रदेश का कोई शहर नहीं है जहां रोजगार के लिए नौकरियों की कोई खास गुंजाइश उपलब्ध हो.

हर साल प्रदेश से हजारों नौजवान नौकरियों की तलाश में राज्य से बाहर चले जाते हैं. इससे परिवारों पर ऐसी विसंगति निर्मित होती है कि मां-बाप अकेले रह जाते हैं. राज्य में आर्थिक गतिविधियां ऐसी हैं नहीं कि बच्चों को मां-बाप अपने साथ रख सकें और बच्चे बाहर जाकर जो भी कमा पा रहे हैं उसमें वे अपने परिवार को साथ रखने की सामर्थ्य हासिल नहीं कर पाते.

मध्यप्रदेश की विकास यात्रा तभी सार्थक और सफल कही जाएगी जब राज्य में युवाओं को रोजगार के पर्याप्त अवसर होंगे. पढ़ाई-लिखाई और स्वास्थ्य के लिए प्रदेश में ही बेहतर अवसर मिल सकेंगे. नगद-अनुदान या मुफ्त खोरी की योजनाओं से विकास को कोई नया आयाम नहीं मिलने वाला.

नगरीय विकास के क्षेत्र में भी अभी बहुत अधिक काम किया जाना है. अवैध कॉलोनियों को नियमित करने को भी विकास की परिभाषा में सरकारें शामिल करती हैं. बड़ा प्रश्न यह है कि चुनाव के पहले दशकों से ऐसा क्यों होता रहा है कि अवैध कॉलोनियों के नियमितीकरण की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाती है? अभी भी यही हो रहा है पहले भी यही होता रहा है. किसी एक पार्टी की सरकार में नहीं हर पार्टी की सरकार में अवैध कालोनियों के नियमितीकरण को विकास के पैमाने के रूप में बताया जाता रहा है.

कवि हृदय की नजर से अगर कहा जाए तो 'जैसे चांद बदली की आड़ में छिप जाता है वैसे ही राजनीति की आड़ में विकास छिप सा गया है. राजनीति और विकास का चोली-दामन का साथ होता है. राजनीति में विकास ही पहला प्यार बताया जाता है. जनता भी अब समझने लगी है कि बिना दबाए रस ना दे जैसे नींबू-आम, ऐसे बिना दबाव पूरे ना हो त्यों सरकारी काम?

राजनीति के बारे में ऐसा माना जाता है कि 'राजनीति शतरंज है, विजय यहां वो पाय, जब राजा फंसता दिखे पैदल दे पिटवाय%. इन हालातों में जनता-जनार्दन को विकास का हिसाब रखना ही होगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना, प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

## भायसिंह की फसल सिचाई की चिंता दूर हुई

धार ।/यह कहानी है जनपद पंचायत डही के ग्राम घाणा के भायसिंह पिता झीनिया की है। उन्हें शासन की योजना के तहत नलकूप स्वीकृति हुआ था। उन्होंने अपने नलकूप का निर्माण करवाया। जिसमें पर्याप्त मात्रा में पानी आया है। उन्होंने बताया कि नलकूप निर्माण से उनकी फसल की सिचाई में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं रही । उनके द्वारा अब समय गेहूँ और कपास की फसल को पानी दिया जाता है। इससे उनकी आमदनी में इजाफा हुआ है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री जी और मुख्यमंत्री जी को बहुत-बहुत आभार प्रकृट किया हैं।

## आर्थिक सहायता स्वीकृत

धार, । कलेक्टर कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद के अंतर्गत कुक्षी तहसील के ग्राम कापसी निवासी राधेश्याम पिता खेमा राठौर को बीमारी के उपचार के लिए एक लाख 20 हजार रुपए, कुक्षी की श्रीमती मनीबाई पति अर्जुन को 72 हजार रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार धार तहसील के ग्राम अकोदा निवासी रूगनाथ पिता प्रेमसिंह को बीमारी के उपचार के लिए 50 हजार रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

## सीएम स्वेच्छा अनुदान में 2.60 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

छतरपुर। सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा छतरपुर जिले के गंभीर बीमारी से पीड़ित 6 लोगों के बेहतर उपचार के लिए मुख्यमंत्री स्वेच्छा अनुदान मद से 2.60 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

श्रीमती बेटीबाई पति मोहन लाल कुशवाहा ग्राम चुरारन चन्द्रनगर को 25 हजार, शकुन्तला पति अजीत कुमार जैन छत्रसाल मार्ग छतरपुर 90 हजार, देवीसिंह पिता धनसिंह लोधी ग्राम बम्होरीकलां रामटौरिया 30 हजार, रामरतन पिता दयाराम पटेल ग्राम बरायचखेड़ा खैड़ी 45 हजार, बिहारी लाल पिता प्रेमलाल ग्राम सलडिया बिजावर 20 हजार तथा चर्तुभुज पिता गल्लू पटेल ग्राम डहर्रा 50 हजार की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

## विकास यात्रा में 1 करोड़ 3 लाख 55 हजार रूपए का शिलान्यास एवं लोकार्पण

सीहोर। सीहोर विधानसभा क्षेत्र की विकास यात्रा में 40 लाख 41 हजार रूपए के कुल 15 निर्माण एवं विकास कार्यो का शिलान्यास व लोकार्पण किया गया। विकास यात्रा में 13 लाख 37 हजार रूपए की लागत के 6 कार्यो का शिलान्यास तथा 27 लाख 4 हजार रूपए लागत के 9 कार्यो का लोकार्पण किया गया। विकास यात्रा में 67 आवेदन प्राप्त हुए। इसी प्रकार बुधनी विधानसभा क्षेत्र की विकास यात्रा में 63 लाख 14 हजार के कुल 7 निर्माण एवं विकास कार्यो का शिलान्यास व लोकार्पण किया गया। विकास यात्रा में 5 लाख 5 हजार रूपए की लागत के 3 कार्यो का शिलान्यास तथा 57 लाख 64 हजार रूपए लागत के 4 कार्यो का लोकार्पण किया गया। विकास यात्रा में 25 आवेदन प्राप्त हुए।

## सार्वजनिक मार्ग को मुरम डालकर किया बंद, ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त, तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

सीहोर। ग्राम अजमतनगर में कुछ लोगों के कारण ग्रामीणों को परेशानी हो रही है, इन लोगों ने मेन रोड को कचरे के ढेर में तब्दील कर दिया था, हद तो तब हो गई जब इन लोगों ने गांव में जाने वाले मार्ग पर मुरम डालकर बंद कर दिया है। जिससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना प? रहा है। इस संबंध में जनहित मोर्चा के ब्लाक अध्यक्ष खुमान सिंह गुर्जर का कहना है कि ग्राम में जिम्मेदारों की अनदेखी के कारण गंदगी का अंबार लगा है। इसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना प? रहा है। गांव में नियमित सफाई नहीं कराए जाने से जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हैं और नाले-नालियां जाम होने से गंदा पानी स?क पर बहता रहता है। गंदगी से परेशान ग्रामीण कई बार जिम्मेदार लोगों से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन साफ-सफाई पर किसी ने ध्यान नहीं दिया है। गांव में गंदगी पसरी होने के कारण मच्छर पनप रहे हैं और संक्रामक बीमारियां फैल रही हैं। उक्त आरोप ग्राम अजमत नगर के ग्रामीणों ने लगाते हुए इसकी शिकायत सीएम हेल्प लाइन में भी की थी। अब ग्रामीणों का कहना है कि आगामी दिनों में कलेक्टर कार्यालय में पहुंचकर ज्ञापन दिया जाएगा।

## नवगठित लीनस क्लब का शपथ ग्रहण समारोह हुआ संपन्न

शहडोल। आल इंडिया लीनस क्लब डिस्ट्रिक ष्ट्रू संपदा सत्र 2023 की नवगठित लीनस क्लब एरिया क्रमांक 11 का शपथ ग्रहण समारोह शनिवार को होटल श्री रेजिडेंसी में संपन्न हुआ। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में लीनस क्लब की डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट - लीनस सोनाली ओस्तवाल, विशिष्ट अतिथि श्रीमती अमिता चपरा, डिस्ट्रिक्ट कोषाध्यक्ष लीनस सरोज कठोरिया, एरिया ऑफिसर लीनस ममता जैन, एरिया सचिव लीनस शोभना वशिष्ठ, एरिया एडवाइजर लीनस शोभा रत्नम उपस्थिति रही। नवगठित क्लब की कार्यकारिणी में अध्यक्ष लीनस श्रीमती श्वेतांजलि पाठक, उपाध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष लीनस रिंकी दुबे, सचिव लीनस रितु शर्मा के साथ-साथ सभी सदस्यों को शपथ दिलाई गई। समारोह में श्रीमती सुधा नामदेव, श्रीमती फूलमती सिंह एवं श्रीमती मधुश्री राय को समाज में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए लीनस क्लब की ओर से सम्मानित किया गया। शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम का संचालन लीनस अरुणिमा सिंह द्वारा किया गया. स्वागत गीत लीनस प्रियंका गौतम, लीनस पूजा शर्मा, लीनस शिखा शुक्ला द्वारा प्रस्तुत किया गया.कार्यक्रम में विशेष रुप से लीनस ग्रेट क्लब की ओर से हेमू गुप्ता, सुमन केजरीवाल, सुमन अग्रवाल, रश्मि अरोड़ा, देवनिधि सिंह, नमिता मिश्रा उपस्थित रहीं शपथ ग्रहण समारोह में कार्यकारणी के सभी सदस्य उपस्थित रही ।

## कांग्रेस पार्षदों ने रिपेयरिंग के नाम पर भ्रष्टाचार करने के लगाए आरोप

सिरोंज। कांग्रेस पार्षद नदीम खांन एवं निर्दलीय पार्षद रामदयाल विश्वकर्मा ने नगरपालिका में विभिन्न कार्यों में रिपेयरिंग एवं सुधार कराने के नाम पर भ्रष्टाचार करने के आरोप लगाते हुए कहा कि जो काम बहुत कम राशि में हो सकता था उस काम को बड़ी राशि में करवाया गया है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा ने कहा की 5 साल से बंद पड़े जनरेटर की कागजों में हुई सर्विसिंग 2 साल से बंद पड़ी फागिंग मशीन की रिपेयरिंग होना बताया गया है । फॉगिंग मशीन के बिल में स्पार्क प्लग के रेट 750 जो बाजार की प्रचलित दर से कहीं ज्यादा है। भोपाल की कंपनी ने इन आधुनिक मशीनों को सुधारा किया है। उसका कंपनी कोई रजिस्ट्रेशन नहीं कोई जीएसटी नंबर नहीं जब हमने कंपनी को कई बार फोन लगाया तो फोन रिसीव नहीं किया गया। जबकि हमारे शहर में ही समस्त उपकरणों को सुधारने के मैकेनिक उपलब्ध हैं। वार्ड क्रमांक 1 के पार्षद रामदयाल विश्वकर्मा ने कहा यह नियम के विरुद्ध है क्योंकि वार्षिक टेंडर लगभग 25 लाख तक का होता है । जिसकी वित्तीय स्वीकृति का अधिकार प्रेसिडेंट इन काउंसिल को है मुझे जहां तक ज्ञात है, अभी तक प्रेसिडेंट इन काउंसिल की बैठक में इस निविदा के संबंध में कोई प्रस्ताव पारित नहीं किया गया । वहीं सीएमओ प्रदीप भदौरिया ने बताया कि सारे काम नियमों के हिसाब से ही होते हैं कोई भी काम नहीं बगैर नियम के नहीं होता है जो काम हुआ है उसके ही बिल लगाए जाते हैं। इनका का काम आरोप लगाना ही है।

# मालवा, निमाड़ और झाबुआ में विकास की असीम संभावनाएं हैः अजय खुराना

रतलाम । बैंक ऑफ बड़ौदा के रतलाम क्षेत्र के क्षेत्रीय कार्यालय का उदघाटन समारोह उत्साहमय वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बैंक के कार्यपालक निदेशक अजय खुराना ने कहा कि मालवा, निमाड़ और झाबुआ क्षेत्र में विकास की असीम संभावनाएं है 7 विकास के रथ को आर्थिक पहिये देने के लिये हमने अपना क्षेत्रीय कार्यालय स्थापित किया है। श्री खुराना ने गर्व के साथ कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र में अब बैंक आफ बड़ौदा दूसरी सबसे बड़ी बैंक है 7 हमारा एनपीए 1 प्रतिशत से भी कम हो चुका है। इस अवसर पर संबोधित करते हुए बैंक के निदेशक अजय सिंघल ने कहा कि सोने की शुद्धता के लिये प्रसिद्ध रतलाम में हम 24 कैरेट की शुद्धता वाली सेवायें देने के लिये इस क्षेत्र में आये है। हमें गर्व है कि लगातार रेपो रेट के कारण बढती हुई श्वरूछ्व को दरकिनार कर ग्राहकों ने हम पर विश्वास जताया है 7 तभी हमने इस वर्ष आवास ऋ्रा में 20त्न ग्रोथ की है। बैंक के महाप्रबन्धक गिरीश डालाकोटी ने अपनी स्टाफ टीम को निर्देशित किया कि अब समयबद्ध कार्य पद्धति अपनाकर क्षेत्र के लोगों के सपने साकार करना है । इस अवसर पर आयोजित पत्रकार वार्ता में श्री खुराना ने जानकारी दी कि व्यवसाय के अतिरिक्त हम सेवा क्षेत्र में भी अग्रणी है बेरोजगारों को प्रशिक्षित करने के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम के तहत समाज की अनूठी सेवा की जा रही है। बैंक अपनी सेवाओं के डीजीटलाईजान को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है 7 डीजीटलाईजेशन के इस युग से कदमताल करते हुए बैंक आफ बड़ौदा बैकिंग सेवाओं के शत प्रतिशत लक्ष्य को लेकर आगे बढ रही है। बैंक आफ बडौदा का एनपीए जहां लगातार घट रहा है,वहीं मुनाफे में लगातार वृद्धि हो रही है। बैंक आफ बडौदा आज देश का दूसरे नम्बर का सबसे बडा बैंक है।



अतिशीघ्र बैंक की 70-80 प्रतिशत सेवायें डिजिटल फ्लेटफार्म पर उपलब्ध हो जाएगी । श्री खुराना ने कहा कि बैंकिंग की अधिकांश सेवाएं डिजीटलाईज कर दी गई है। नया खाता खोलना और पर्सनल लोन इत्यादि के लिए ग्राहकों को बैंक शाखा में आने की आवश्यकता नहीं है,लेकिन कुछ काम ऐसे है जिन्हे डिजीटलाईज नहीं किया जा सकता। श्री खुराना ने कहा कि ऋ्रा के बदले माडगेज की जाने वाली सम्पत्ति का निरीक्षण और सत्यापन इत्यादि के लिए मौके पर जाना ही पडता है।

एक प्रश्न के उत्तर में श्री खुराना ने कहा कि विभिन्न बैंकों के विलीनीकरण से बैंकींग क्षेत्र मजबूत हुआ है। उन्होने उदाहरण देते हुए बताया कि विलीनीकरण से पहले बैंक आफ बडौदा का एनपीए करीब साढे चार प्रतिशत था,लेकिन विलीनीकरण के बाद अब यह घटकर मात्र 0.99 प्रतिशत रह गया है। एनपीए अभी और भी कम होने की संभावना है। जबकि दूसरी तरफ बैंक का शुद्ध लाभ लगातार बढ रहा है।

रतलाम में खोले जा रहे रिजनल कार्यालय के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए उन्होने बताया कि यह देश में 48 वां रिजनल कार्यालय है। इस रिजनल कार्यालय के अन्तर्गत कुल 9 जिले आते है और कुल 58 शाखाएं इसके अधीन है। रतलाम में रिजनल कार्यालय खुलने से बैंक के ग्राहकों को काफी सुविधा हो जाएगी और बडी राशि के ऋ्रा प्रकरणों की स्वीकृती अब यहीं से संभव हो सकेगी 7 अतिथियों का स्वागत शब्द पुष्पों के माध्यम के क्षेत्रप्रमुख सहायक महाप्रबंधक सुबोध इनामदार ने किया 7 कार्यक्रम का संचालन मुख्य प्रबन्धक अम्बर जोशी ने किया। आभार प्रदर्शन उपमहाप्रबंधक विपिन गर्ग ने माना 7 इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्राहक, गणमान्य नागरिक, एवं स्टाफ तथा बैंक के डायरेक्टर सेलिंग एजेन्ट, उपस्थित थे7

## यात्रियों से भरी हुई बस पलटने से 15 हुए घायल बड़ी दुर्घटना टली



सिरोंज। अशोकनगर से सिरोंज की ओर आ रही चंद्रिका ट्रेवल्स की बस ग्राम दुराग के पास में अनियंत्रण होकर सड़क से नीचे उतर कर पलट गई । गनीमत रही दुर्घटना में कि कोई हताहत नहीं हुआ नहीं तो बड़ी दुर्घटना भी घटित हो सकती थी 5 को जरूर ज्यादा चोटें आई हैं बच्चे महिलाएं होने के कारण मौके पर चीक पुकार भी मच गई थी। जिसके बाद आसपास के ग्रामीण जन मौके पर पहुंचे बस अंदर से सवारियों को बाहर निकलवाया तत्काल बस पलटने की जानकारी मुगलसराय पुलिस को दी तथा घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाने के लिए हंड्रेड डायल और 108 को भी फोन लगाया इनकी सहायता से सभी घायलों को उपचार के लिए शासकीय राजीव गांधी जन चिकित्सालय भेजा गया। डॉक्टरों के द्वारा सभी घायलों का उपचार किया जा रहा है। बस पलटने से 5 को चोट आई है। इसके अलावा 10 अन्य भी घायल हुए हैं, इन सभी का उपचार चल रहा है। वैसे किसी की भी ज्यादा गंभीर हालत नहीं बताई गई है। यात्री बस में कई बच्चे महिलाएं भी थी सूचना मिलने के बाद बड़ी संख्या में लोग भी मदद करने पहुंचे । मुगलसराय थाना प्रभारी बीडी सिंह ने बताया कि चंद्रिका बस अशोकनगर से सिरोंज की ओर आ रही थी तभी ग्राम दुराग के पास में अनियंत्रण पलट गई बस पलटने से 15 यात्री घायल हुए हैं सभी घायल यात्रियों का अस्पताल में उपचार चल रहा है किसी को ज्यादा चोट नहीं आई है। जिस हिसाब से बस सड़क से नीचे उतर कर पलटी है उसको देखते हुए बड़ी अनहोनी होने की संभावना दिख रही है पर ऐसा नहीं हुआ है अच्छी बात रहे। वहीं दुर्घटना के बाद बस के चालक पर लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण भी पंजीबद्ध किया गया है। क्योंकि अधिकांश वाहन चालकों के द्वारा लापरवाही से वाहनों को चलाते हुए दुर्घटनाओं को अंजाम दिया जाता है।

## फोटोयुक्त मतदाता सूची तैयार करें रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त

छतरपुर। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नपा छतरपुर संदीप जी आर द्वारा नगरीय निकायों की 1 जनवरी 2023 की तिथि के अनुसार फोटोयुक्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य हेतु घोषित किये गये। कार्यक्रम के तहत रजिस्ट्रीकरण एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण तथा अपील अधिकारी नियुक्त किये गये है। अपर कलेक्टर छतरपुर नगरपालिका छतरपुर नौगांव और महाराजपुर के अपील अधिकारी बनाये गये है। हरपालपुर एवं गढ़ीमलहरा के अपीलीय अधिकारी एसडीओ नौगावं होंगे। बिजावर, सटई एवं बक्स्वाहा के अपीलीय अधिकारी एसडीओ बिजावर होगे। बड़ामलहरा एवं घुवारा के अपीलीय अधिकारी एसडीओ बड़ामलहरा होंगे। लवकुशनगर, बारीगढ़ एवं चंदला के अपीलीय अधिकारी एसडीओ लवकुशनगर होगे और राजनगर तथा खजुराहो के अपीलीय अधिकारी एसडीओ राजनगर होंगे।

जिसके तहत नगरपालिका छतरपुर के लिये पियूष भट्ट, नपा नौगांव एवं महाराजपुर विनय द्विवेदी और नप हरपालपुर श्रीमती सुनीता साहनी, नप गढ़ीमलहरा विजय सेन, नप बिजावर अशोक अवस्थी, नप बकस्वाहा श्यामचरण चौबे, नप बड़ामलहरा त्रिलोक सिंह पूसाम, नप घुवारा सुनील वाल्मीक, नप सटई सुश्री इला खरे, नप लवकुशनगर अनिल तलैया, नप बारीगढ़ शैवाल सिंह, नप चंदला रनमत सिंह, नप राजनगर सतीश वर्मा और नप खजुराहो आकाश नीरज रजिस्ट्रीकरण अधिकारी होंगे।

सुनील वर्मा नपा छतरपुर, श्रीमती सुनीता साहनी नपा नौगांव, विजय सेन नपा महाराजपुर, भागीरथ तिवारी नप हरपालपुर, श्रीमती संध्या अग्रवाल नप गढ़ीमलहरा, अंजना नागर नप बिजावर, हर्ष खरे नप बक्स्वाहा, सुश्री रूपम गुप्ता नप बड़ामलहरा, श्रीमती मंजू खरे नप घुवारा, आनंद जैन नप सटई, झामसिंह नप लवकुशनगर, विजयकांत त्रिपाठी नप बारीगढ़, धीरज कुमार गौतम नप चंदला, नारायण कोरी नप राजनगर, राकेश शुक्ला नप खजुराहो को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बनाये गये है।

## श्री कृष्णा विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा के द्वितीय चरण का आयोजन कल

छतरपुर। श्री कृष्णा विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 31 जनवरी 2023 को राष्ट्रीय खोज परीक्षा के प्रथम चरण का आयोजन किया गया था। उसी तारतम्य में परीक्षा के द्वितीय चरण का आयोजन दोपहर 12.30 से 2.30 हो रहा है। परीक्षा में उपस्थित परीक्षार्थियों को कक्षा दसवीं पर आधारित 120 प्रश्नों की श्रंखला में सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी के अतिरिक्त सामान्य अध्ययन के अन्तर्गत अंकगणित, विज्ञान, पर्यावरण, हिन्दी, अंग्रेजी, कम्प्यूटर, भारत एवं विश्व के इतिहास, भूगोल, अर्थव्यवस्था तथा राजनीति के प्रश्न बहुविकल्पी रूप में पूछे जाते है। विद्यार्थियों को 12बजे तक विश्वविद्यालय प्रांगण में अपना आधार कार्ड, पासपोर्ट आकार का फोटो एवं विद्यालय का परिचय पत्र लेकर आना अनिवार्य है। यदि किसी कारणवश कोई छात्र जिसका प्रथम चरण 31 जनवरी को निर्धारित था और वह परीक्षा में उपस्थित नही हो पाया है तो वह द्वितीय चरण 14 फरवरी की परीक्षा में उपस्थित हो सकता है। विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय आने के लिए आकाशवाणी तिराहा छतरपुर से विश्वविद्यालय की बस सुविधा उपलब्ध रहेगी। वहीं महाराजपुर, बिजावर एवं नौगांव के विद्यार्थियों के लिए बस की सुविधा उन्हीं के स्थान से रहेगी। विद्यार्थियों के लिए परीक्षा उपरान्त भोजन की व्यवस्था विश्वविद्यालय प्रांगण में की गई है।

विश्वविद्यालय का राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के ज्ञान को परखना, प्रतिभा को उभारना, उनका आगे की शिक्षा के लिए मनोबल बढ़ाना एवं बारहवीं के बाद की उच्च स्तरीय शिक्षा के लिए मार्गदर्शित करना है। विश्वविद्यालय द्वारा चयनित विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के पुरस्कारों से पुरस्कृत किया जायेगा। जिसमें छतरपुर जिले के आठों ब्लॉक से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आठ-आठ चुने हुए विद्यार्थियों में से प्रथम स्थान आने पर 5100रू, द्वितीय स्थान पर 2100रू एवं तृतीय स्थान पर 1100रू नगद, शील्ड एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किया जायेगा। इसके साथ ही चौथे से दसवें स्थान पर आने वाले विद्यार्थियों को सांत्वना पुरस्कार एवं परीक्षा में उपस्थित होने वाले प्रत्येक विद्यार्थी को प्रमाण-पत्र प्रदान किया जायेगा। परीक्षा के बाद सभी प्रतिभागियों को विश्वविद्यालय का भ्रमण कराने के साथ-साथ स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधा विश्वविद्यालय की ओर से प्रदान की जाएगी। विश्वविद्यालय द्वारा प्रदाय प्रमाण-पत्र को दिखाने पर विभिन्न रोजगारन्मुखी पाठ्यक्रमों में उनकी प्रतिभा के अनुरूप छात्रवृत्ति के आधार पर प्रवेशित किया जायेगा। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. बृजेन्द्र सिंह गौतम, चेयरमैन डॉ. पुष्पेन्द्र सिंह गौतम एवं विश्वविद्यालय परिवार का एक ही सपना है कि कोई भी विद्यार्थी अपनी प्रतिभा को दबाकर न रखे और न ही आर्थिक परेशानी के चलते अपनी शिक्षा को बीच में छोड़ विश्वविद्यालय परिवार सदैव विद्यार्थियों के साथ है।

### 3 फरार आरोपियों पर इनाम घोषित

छतरपुर। पुलिस अधीक्षक छतरपुर सचिन शर्मा ने फरार 3 आरोपियों को पकड़वाने या सूचना देने के संबंध में नगद पुरस्कार घोषित किया है। फरार आरोपी जुग्गी उर्फ जुगेन्दर पिता कम्पू अहिरवार निवासी रैदासपुरा थाना बिजावर, गोरेलाल पिता धूराम अहिरवार उम्र 21 साल निवासी बम्हौरीपुरवा थाना जुझारनगर और वरूण उर्फ मनीराम पिता मेवालाल शर्मा निवासी चौबे कालोनी, थाना सिविल लाइन छतरपुर अपराध घटित करने के बाद से फरार है जिनकी गिरफ्तारी पर इनाम घोषित किया है।

## बीएस ज्ञान स्थली पब्लिक हाई स्कूल में हुआ वार्षिकोत्सव

### बच्चों से प्रस्तुत किए एक से बढ़कर एक प्रोग्राम

छतरपुर. शहर के सीताराम कॉलोनी में स्थित बीएस ज्ञान स्थली पब्लिक हाई स्कूल में रहववार को पांचवा वार्षिकोत्शव का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्य मंत्री ललिता यादव रही है। वहीं विशिष्ठ अतिथि वार्ड पार्षद अलका दुबे, संयुक्त संचालक महेंद्र सिंह कोटर्य, डीपीसी आरपी लखेर, बीआरसीसी संजय सिंह रहे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवन और मां सरस्वती की वंदना के साथ की गई। इसके बाद कार्यक्रम में पधारे अतिथियों को स्कूल के डायरेक्टर अतुल श्रीवास्तव व प्रिंसिपल सुमिता श्रीवास्तव ने शॉल, श्रीफल एवं मोमेंटों देकर स्वागत किया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए स्कूल के डायरेक्टर अतुल श्रीवास्तव ने नई शिक्षा नीति के बारे में उपस्थित लोगों को जानकारी दी और बेहतर व रोजगारोन्मुखी बताया।




इस कार्यक्रम में विद्यालय के लगभग 200 बच्चों ने भाग लेकर कई मनमोहक और रंगारंग कार्यक्रमों के साथ शिक्षाप्रद नाटक प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में ललिता यादव द्वारा हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा के 12 टॉपर छात्र-छात्राओं को पुरुस्कृत किया गया। उसके अतिरिक्त समाज में उत्कृष्ट और सराहनीय कार्य करने पत्रकार हरी अग्रवाल, सुरेंद्र अग्रवाल, उन्नत पचौरी, लोकेश चौरसिया, अनूप तिवारी, प्रमोद त्रिपाठी, धर्मेंद्र खरे, योगेश सक्सेना, दुर्गेश खरे, राधेश्याम सोनी को गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का मंच संचालन वाइस प्रिंसिपल सुनीता यादव और प्रखर श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री गणेशा देवा श्री गणेशा भक्ती गीत के साथ किया है जिसमें स्कूली बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति, इसके बाद प्री-प्रायमरी सेक्शन के जूनियर किड्स ने ये तो सच है कि भगवान है की बहुत सुंदर प्रस्तुति दी। जिससे कार्यक्रम में मौजूद आगंतुकों ने खूब सराहा। बच्चों ने देश भक्ति से ओतप्रोत राजस्थानी, पंजाबी एवं बंगाली नृत्य भी प्रस्तुत किए। इसके अतिरिक्त विद्यालय में जो साल भर की एक्टिविटी, स्पोर्ट आयोजनों में अव्वल आने वाले बच्चों को भी मंच से पुरुस्कृत किया गया। इस दौरान भारी संख्या में छात्र-छात्राएं, उनके पेरेंट्स, स्कूल स्टाफ आदि मौजूद रहे।

## 63 साल की उम्र में भी वेट लिफ्टिर मोहन पाराशर ने नेशनल में गोल्ड हासिल कर रचा इतिहास

सीहोर। जैसे-जैसे आदमी की उम्र बड़ती जाती है, वह वजन उठाने की क्षमता खोते जाता है, लेकिन 63 साल के वेट लिफ्टिर कोच मोहन पाराशर हर साल नेशनल में अपना ही रिकार्ड तोड़कर इतिहास रचते नजर आ रहे है खास बात है श्री पाराशर का जज्बा जो 17 साल के किसी नौजवान जैसा है। जिस उम्र में लोग रिटायरमेंट के बाद घर में अपने नाती पोतों को खिलाते हैं, लेकिन इस उम्र में पावर लिफ्टिंग का शौक चड़ा है। शौक भी ऐसा, जो जुनून बन गया और ना सिर्फ अपने शहर का मान बड़ाया बल्कि पूरे देश में अपने प्रदेश का मान भी बड़ाया। पहले ही दिन गोल्ड हासिल कर शानदार प्रदर्शन किया है।



5वीं नेशनल मास्टर्स गेम्स 2023 में मध्यप्रदेश की टीमें भी विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले रही है। नेशनल मास्टर्स गेम्स इस बार वाराणसी में, देशभर के खिला?ी 16 खेल प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे है। मध्यप्रदेश से भी इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए अनेक खिला?ी रवाना हुए है। इसमें विभिन्न आयु वर्ग के खिला?ी शामिल हैं। नेशनल गेम्स वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रहे मोहन पाराशर और शैलेन्द्र चौहान किसी पहचान के मोहताज नहीं है। उत्तर प्रदेश में होने वाली मास्टर्स नेशनल वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में श्री पाराशर 89 किलोग्राम वर्ग में 60 से 69 की आयु वर्ग और वेट लिफ्टिंग कोच शैलेन्द्र चौहान 40 से 49 आयु वर्ग में 102 किलोग्राम वर्ग में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए पहले ही दिन पदक हासिल किए है। इसमें मोहन पाराशर ने इस प्रतियोगिता में पाराशर द्वारा 89 किलो ग्राम वर्ग में 60 प्लस की आयु वर्ग में 65 किलो ग्राम स्नेच और 85 किलोग्राम क्लीन एंड जर्ककुल 150 किलोग्राम उठाकर प्रतियोगिता के पहले दिन ही प्रदेश को स्वर्ण पदक दिलाया। इसके अलावा उनके साथ गए वेट लिफ्टिंग कोच शैलेन्द्र चौहान ने भी कुल 140 किलोग्राम वजन उठाकर सिल्वर पदक हासिल किया है।

गौरतलब है कि गत दिनों श्री पाराशर ने 62 साल की उम्र में केरल के त्रिवेंद्रम में मास्टर नेशनल वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए 142 किलोग्राम उठाकर तहलका मचा दिया था, इसके अलावा वेट लिफ्टिंग कोच श्री चौहान ने उज्जैन ने भी उज्जैन में हुए मास्टर गेम्स में पावर लिफ्टिंग और वेट लिफ्टिंग में गोल्ड हासिल किया था। 2021 में मोहन पराशर द्वारा आस्ट्रेलिया कामन वेल्थ मास्टर वेटलिफ्टिंग चेम्पियनशिप के पहले दिन गोल्ड मेडल हासिल किया था। 18 से 20 मई तक केरल के त्रिवेन्द्रम में आयोजित इस प्रतियोगिता में पाराशर द्वारा 96 किलो ग्राम वर्ग में 60 प्लस की आयु वर्ग में 62 किलो ग्राम स्नेच और 80 किलोग्राम क्लीन एंड जर्ककुल 142 किलोग्राम उठाकर प्रतियोगिता के दूसरे दिन प्रदेश को स्वर्ण पदक दिलाया। वेट लिफ्टिंग कोच श्री पाराशर और श्री चौहान आगामी 16 फरवरी को शहर में पहुंचेगे इस मौके पर खेल संगठनों के द्वारा उक्त दोनों खिलाड़ियों का भव्य स्वागत किया जाएगा।

# सुरक्षित सीहोर अभियान के तहत 62 हजार से अधिक नागरिकों ने कराया बीमा

सीहोर। कलेक्टर प्रवीण सिंह की अध्यक्षता में टीएल बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर श्री सिंह ने जिले में प्रारंभ सुरक्षित सीहोर अभियान की जनपद वार, निकायवार तथा विभागवार समीक्षा करते हुए इस अभियान को गति देने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि नागरिकों को बीमा का महत्व बता कर बीमा कराने के लिए प्रेरित किया जाए। सुरक्षित सीहोर अभियान के तहत 10 फरवरी तक जिले के 62451 नागरिकों ने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा कराया है। इसमें 2200 नागरिकों का जीवन ज्योति बीमा भी शामिल है।

कलेक्टर श्री सिंह ने जिले में चल रही विकास यात्राओं के दौरान विकासखंड स्तर के सभी अधिकारियों कर्मचारियों को विकास यात्रा के समय अपने प्रभार की पंचायतों के निर्माण एवं विकास कार्यों तथा हितग्राही मूलक योजनाओं की पूरी जानकारी के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिए उन्होंने सभी अधिकारियों को विकास यात्रा का व्यवस्थित ढंग से संचालन तथा कार्यक्रमों का आयोजन करने के निर्देश दिए। अभी तक जिले में 230 से अधिक ग्राम पंचायतों में विकास यात्राएं आयोजित की जा चुकी है। इन विकास यात्राओं के दौरान पंचायतों में निर्माण एवं विकास कार्यों का लोकार्पण तथा स्वीकृत कार्यो का भूमि पूजन किए गए। इसके साथ ही अनेक हितग्राहियों को शासन की अनेक हितग्राही मूलक योजनाओं से लाभान्वित किया गया है।

कलेक्टर प्रवीण सिंह ने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की विभागवार समीक्षा के दौरान कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने विभागों के सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों तथा अन्य लंबित प्रकरणों का तत्परता से निराकरण करें। कलेक्टर श्री सिंह ने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण पर संतोष जताते हुए कहा कि अधिकारी इसी तरह पूरी गंभीरता से कार्य करें। टीएल मीटिंग में संयुक्त कलेक्टर श्री सतीष राय, श्री बृजेष सक्सेना, सुश्री वंदना राजपूत, एसडीएम श्री अमन मिश्रा सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। उन्होंने राजस्व न्यायालय के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि नामांतरण बंटवारा सीमांकन सहित अन्य राजस्व प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण किया जाए। जिले की सभी राजस्व न्यायालयों में अभी तक कुल 56971 प्रकरण दर्ज किए गए जिसमें 48233 प्रकरणों का निराकरण किया गया। जिले में अभी तक नामांकन के 5220 तथा बंटवारा के 4038 एवं नामांतरण के 19340 प्रकरणों का निराकरण किया गया। जिले के 51 वन ग्रामों को राजस्व ग्रामों में परिवर्तन किया जाना है। इसकी कार्रवाई में तेजी लाने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं अभी तक 36 ग्रामों के दावे प्राप्त हो गए हैं।

कलेक्टर प्रवीण सिंह ने सभी हितग्राहियों को राशन प्रदाय किया जाना सुनिष्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने समय पर गोदामों से राशन का उठाव और वितरण के निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी हितग्राही राशन से वंचति न रहे। उन्होंने नवीन शासकीय उचित मूल्य की राशन दुकानों तथा रिक्त राशन दुकानों के आवंटन की कार्रवाई शीघ्र करने के निर्देश दिए, ताकि लोगों को जल्द सुविधा मिल सके तथा राशन के लिए उन्हें दूर नहीं जाना प?। । ताकि अधिक से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जा सके। बैठक में जानकारी दी गई कि सीएम स्ट्रीट वेंडर योजना के 5280, स्वरोजगार योजना के 123 , समूह बैंक लिंकेज के 78, पीएम निधि योजना के 872, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत 10, भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना के तहत 17 तथा टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना के तहत 35 प्रकरण स्वीकृत कर वितरित कराए गए इसके साथ ही 2784 पशुपालकों के केसीसी बनाए गए।

# सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया को डिजिटल भुगतान अभियान उत्कर्ष पुरस्कार से सम्मानित किया गया




मुंबई, एजेंसी। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, नई दिल्ली ने डिजिटल भुगतान लेनदेन के प्रथम उच्चतम प्रतिशत के लिए सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया को उत्कर्ष पुरस्कार से सम्मानित किया। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की ओर से यह पुरस्कार श्री जे.एस. साहनी, जोनल हेड, दिल्ली ने प्राप्त किया.इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, नई दिल्ली ने 9 फरवरी, 2023 को द इंडिया हैबिटेट सेंटर, नई दिल्ली में मुख्य अतिथि अश्विनी वैष्णव, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, अखिल भारतीय डिजिटल भुगतान अभियान डिजिटल उत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर ढ्ढश्वस् आर्थिक सलाहकार और सचिव, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय सुश्री सिम्मी चौधरीमें और केंद्र सरकार के अन्य प्रतिनिधि, बैंकर, फिनटेक आदि उपस्थित थे. इस लॉन्चिंग को सफल बनाने के लिए सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने दिल्ली एनसीआर के विभिन्न स्थानों - मालवीय नगर, नेहरू प्लेस, जनपथ, सफदरजंग, घोंडा, ज्योति नगर, गोकुलपुरी, गुड़गांव, 15 फरीदाबाद,तिलक नगर डिजिटल भुगतान शिविर स्थापित करने जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया. शिविर का थीम सूचना सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, डिजिटल भुगतान जागरूकता था। बैंक द्वारा शिविरों में स्टैंडी, पेन, बैज, बैनर, कैप, स्टिकर, सेल्फी पॉइंट, लीफलेट की व्यवस्था की गई और वितरित की है।

# एचडीएफसी बैंक ने ऑफलाइन डिजिटल भुगतान के लिए पायलट लॉन्च किया

मुंबई, एजेंसी। एचडीएफसी बैंक ने आरबीआई के नियामक सैंडबॉक्स प्रोग्राम के तहत व्यापारियों और ग्राहकों के लिए ऑफलाइन डिजिटल भुगतान का परीक्षण करने के लिए क्रंचफिश के साथ साझेदारी में एक पायलट लॉन्च किया है, जिसे ऑफलाइन पे के नाम से जाना जाता है। एचडीएफसी बैंक का ऑफलाइनपे ग्राहकों और व्यापारियों को मोबाइल नेटवर्क न होने पर भी भुगतान करने और प्राप्त करने में सक्षम करेगा। एचडीएफसी बैंक पूरी तरह से ऑफलाइन मोड में डिजिटल भुगतान समाधान शुरू करने वाला उद्योग का पहला बैंक है। यह खराब नेटवर्क कनेक्टिविटी वाले छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल भुगतान को अपनाने को बढ़ावा दे सकता है।शहरी केंद्रों में भी, यह बड़े सार्वजनिक कार्यक्रमों, मेलों और प्रदर्शनियों के दौरान नेटवर्क भीड़ के बावजूद कैशलेस भुगतान को सक्षम कर सकता है; भूमिगत मेट्रो स्टेशन, पार्किंग स्थल, और नेटवर्क ब्लाइंड स्पॉट वाले खुदरा स्टोर; और यहां तक कि हवाई जहाज, समुद्री-नौकाओं और बिना नेटवर्क वाली ट्रेनों में भी। एचडीएफसी बैंक आरबीआई के रेगुलेटरी सैंडबॉक्स प्रोग्राम के पेमेंट्स कॉहोर्ट के तहत ऑफलाइन डिजिटल भुगतान के लिए नियामक के साथ काम कर रहा है। सितंबर 2022 में, आरबीआई ने नियामक सैंडबॉक्स तक पहुंचने के लिए क्रंचफिश के साथ साझेदारी में एचडीएफसी बैंक के आवेदन को मंजूरी दे दी। क्रंचफिश डिजिटल कैश एबी स्टॉकहोम, स्वीडन में नैस्डैक फर्स्ट नॉर्थ ग्रोथ मार्केट पर सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध कंपनी क्रंचफिश एबी की सहायक कंपनी है। पायलट, यदि सफल रहा, तो भारत के भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र को क्रंचफिश डिजिटल कैश प्लेटफॉर्म पर आधारित ऑफ़लाइन डिजिटल भुगतान प्रदान करने में आरबीआई के मार्गदर्शन और विनियामक समर्थन के लिए आधार प्रदान करेगा।

# टीवी कलाकार जो शादी के बाद मना रहे हैं अपना पहला वैलेंटाइंस डे

**मुंबई, एजेंसी।** साल का सबसे रोमांटिक दिन वैलेंटाइंस डे आने ही वाला है। यह ऐसा वक्त होता है, जब कपल्स एक-दूसरे के लिये अपने प्यार का जश्न मनाते हैं और अपने खास दिन को यादगार बनाने में कोई कसर न छोड़ने की कोशिश करते हैं। और यह एण्डटीवी के कलाकारों नेहा जोशी (यशोदा, 'दूसरी माँ') और कामना पाठक (राजेश, 'हप्पू की उलटन पलटन') के लिये शादी के बाद पहला वैलेंटाइंस डे होगा। दोनों कलाकरों ने इस दिन का जश्न मनाने के लिये अपनी प्लानिंग के बारे में बात की। इनके अलावा, विदिशा श्रीवास्तव (अनीता भाबी, 'भाबीजी घर पर हैं') ने भी अपने पति के साथ मने अपने पहले जश्न को याद किया। एण्डटीवी के दूसरी माँ की 'यशोदा', यानि नेहा जोशी ने कहा, ''ओंकार और मैं, हम दोनों ही अनरोमांटिक हैं (हंसती हैं)। हम लंबे वक्त तक एक-दूसरे के दोस्त रहे, हमने एक-दूसरे को समझा और आखिरकार शादी कर ली। हम एक-दूसरे के विचारों और फैसलों का समर्थन करते हुए प्यार का जश्न मनाते हैं। हमारा जश्न रोज होता है और मैं इसे एक दिन के लिये सीमित नहीं रखना चाहती। लेकिन पहली बार, मैं इस दिन को यादगार बनाने की सोच रही हूँ। आखिरकार यह पिछले साल अगस्त में हुई मेरी शादी के बाद मेरा पहला वैलेंटाइंस डे होगा। मैं 'दूसरी माँ' की शूटिंग के लिये जयपुर में हूँ, जबकि वह मुंबई में अपने काम को लेकर व्यस्त हैं।

# च्वाइस इंटरनेशनल ने स्थानीय भाषा में निःशुल्क, उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने हेतु सीएसआर पहल शुरू की

**मुंबई, एजेंसी।** भारत के प्रमुख वित्तीय समूहों में से एक, च्वाइस इंटरनेशनल लिमिटेड ने सीएसआर पहल के अंतर्गत एक प्रोग्राम शुरू किया। इस पहल के अंतर्गत, कंपनी ने अपने शैक्षणिक यूट्यूब चैनल पर 4500 से अधिक सर्वोत्तम कोटि के वीडियोज संकलित किया है। आईआईटी और एनआईटी के शैक्षिक पेशेवरों की एक टीम द्वारा ये वीडियोज संकलित किए गए हैं। इस पहल के माध्यम से देश भर के छात्रों को स्थानीय भाषा में निःशुल्क, उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा उपलब्ध होगी। इसमें विभिन्न आयु समूहों और महत्वपूर्ण प्रतियोगी परीक्षाओं की विस्तृत श्रृंखला हेतु उपयोगी सामग्रियां हैं। यह पहल समाज के लिए ईमानदारीपूर्वक योगदान देने और शिक्षा, जागरूकता और कौशल विकास के क्षेत्रों में गाँव और शहर के बीच की खाई को पाटने के लिए च्वाइस की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। पाठ्यक्रम को हिंदी और अंग्रेजी भाषाओं में उपलब्ध कराया गया है ताकि देश भर के छात्र आसानीपूर्वक पाठ्यक्रम की सामग्री को आत्मसात कर सकें। उच्च माध्यमिक से लेकर नीट, एनटीएसई, ओलंपियाड, केवीपीवाई और जेईई जैसी प्रमुख प्रतियोगी परीक्षाओं तक की पाठ्य सामग्री इसमें शामिल है। इस प्रयास का अन्य लाभ यह है कि दूरदराज के छात्रों को अच्छी शिक्षा प्राप्त करने के लिए दूसरी जगहों पर जाना नहीं पड़ेगा और इस प्रकार, अच्छी पढ़ाई के लिए दूसरी जगह जाने वाले छात्रों की संख्या कम हो सकेगी।

सुनील पटोदिया वेलफेयर फाउंडेशन को इस पहल से जुड़ने पर गर्व है और यह फाउंडेशन इसे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की सुलभता बढ़ाने एवं हमारे बच्चों के बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए एक प्रमुख कदम के रूप में देखता है। इस सहयोग के बारे में, सीआईएल के प्रबंध निदेशक, श्री कमल पोद्दार ने कहा, च्वाइस इंटरनेशनल लिमिटेड समाज के लिए मूल्य निर्माण और वित्तीय स्वतंत्रता हेतु संकल्पित है। यह आसानीपूर्वक उपलब्ध गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की नींव पर ही हासिल किया जा सकता है। इस प्लेटफॉर्म के पीछे एक ऐसे समाधान के निर्माण की सोच है जो छात्रों की प्राथमिक शिक्षा की शुरुआत से ही उनकी नींव को मजबूत करने में मदद कर सके और इस प्रकार, उपयुक्त नौकरी के अवसरों को हासिल करके सफलता प्राप्त करने में उनकी मदद कर सके।

# रूसी तेल से हर महीने 8,252 करोड़ रुपये की कमाई

## रूस से भारत का तेल आयात लगातार बढ़ रहा है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत अपनी जरूरत का करीब 85 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है और दुनिया में सबसे ज्यादा क्रूड इम्पोर्ट करने के मामले में तीसरे नंबर पर है। हाल में भारत के लिए रूस तेल का सबसे बड़ा सप्लायर बनकर उभरा है। हाल के महीनों में वहां से रोजाना 10 लाख बैरल से ज्यादा कच्चे तेल का आयात हो रहा था। इससे ट्रेडिंग कंपनियों की चांदी हो रही है। एस एंड पी ग्लोबल की यूनिट प्लेट्स के मुताबिक रूस से भारत तक कच्चा तेल लाने में इन कंपनियों को प्रति बैरल 20 डॉलर से अधिक का मार्जिन मिल रहा है। फिलहाल रोजाना रूस से 15 लाख बैरल कच्चा तेल भारत पहुंच रहा है। यानी ट्रेडिंग कंपनियों को हर महीने करीब एक अरब डॉलर यानी 8,252 करोड़ रुपये की कमाई हो रही है। इनमें ज्यादातर कंपनियां दुबई की हैं।

ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के मुताबिक ट्रेडिंग कंपनियां बाल्टिक रीजन से रूस का यूराल क्रूड उठा रही हैं और उसे भारत के पश्चिमी तट पर पहुंचा रही हैं। इससे उन्हें प्रति बैरल 20 डॉलर से अधिक मार्जिन मिल रहा है। रूस से रोजाना 15 लाख बैरल कच्चा तेल भारत पहुंच रहा है। यानी ट्रेडिंग कंपनियों को हर महीने करीब एक अरब डॉलर की कमाई हो रही है। यूरोपीय यूनियन ने दिसंबर में रूसी तेल के आयात पर पाबंदी लगा दी थी। इसके बाद से चीन और भारत वहां से तेल खरीद रहे हैं। इसका फायदा खासकर दुबई की कंपनियों को हो रहा है। रूस के यूएई के साथ अच्छे संबंध हैं और वहां हाल में कई ट्रेडिंग कंपनियां उभरी हैं।

**रूस बना सबसे बड़ा सप्लायर-** 31 मार्च 2022 को समाप्त फाइनेंशियल ईयर भारत के कुल कच्चे तेल आयात में रूस की हिस्सेदारी महज 0.2 प्रतिशत थी। लेकिन पिछले महीने में इसमें गजब का उछाल देखने को मिला है। आंकड़ों के मुताबिक दिसंबर 2022 में भारत ने रूस से रोजाना 10 लाख बैरल से ज्यादा कच्चे तेल का आयात किया है। इससे पहले नवंबर में रूस से रोजाना 9,09,403 बैरल और अक्टूबर में 9,35,566 बैरल कच्चे तेल का आयात किया गया था। दिसंबर में भारत ने इराक से 8,03,228 बैरल और सऊदी अरब से 7,18,357 बैरल प्रतिदिन कच्चे तेल का आयात किया था।

# देसी छोड़कर महंगी व्हिस्की पीने लगे भारतीय!

## 60 प्रतिशत उछल गया स्कॉच का इम्पोर्ट, फ्रांस को पीछे छोड़ा

- **60 फीसदी उछला स्कॉच व्हिस्की का आयात**
- **पिछले दशक में 200 फीसदी से ज्यादा ग्रोथ**




**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के लोगों में महंगी शराब पीने का चलन बढ़ रहा है। यही वजह है कि भारत फ्रांस को पछाड़ते हुए ब्रिटेन की स्कॉच व्हिस्की का सबसे बड़ा बाजार बनकर उभरा है। भारत का वर्ष 2022 में ब्रिटेन से स्कॉच व्हिस्की का आयात 60 प्रतिशत बढ़ गया। स्कॉटलैंड की एक प्रमुख इंडस्ट्री बॉडी के आंकड़ों से यह जानकारी सामने आई है। भारत ने पिछले साल स्कॉच व्हिस्की की 700 मिलीलीटर वाली 21.9 करोड़ बोतलों का आयात किया, जबकि फ्रांस ने 20.5 करोड़ बोतलों का आयात किया था। भारतीय स्कॉच बाजार ने पिछले दशक में 200 फीसदी से ज्यादा ग्रोथ की है। इसके साथ ही स्कॉच व्हिस्की के आयात के मामले में भारत ने फ्रांस को पीछे छोड़ दिया है।

स्कॉच व्हिस्की एसोसिएशन ने शुक्रवार को कहा कि दोहरे अंक में ग्रोथ के बावजूद स्कॉच व्हिस्की की भारत के पूरे व्हिस्की बाजार में सिर्फ दो प्रतिशत हिस्सेदारी है। भारत और ब्रिटेन के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट में व्हिस्की का इम्पोर्ट एक अहम मुद्दा है। अभी भारत में स्कॉच व्हिस्की के आयात पर 150 परसेंट टैरिफ लगता है। दोनों देशों के बीच एफटीए डील होने से स्कॉटलैंड की व्हिस्की कंपनियों को काफी फायदा मिल सकता है। स्ङ्ख की मानें तो अगले पांच साल में उन्हें एक अरब पौंड की अतिरिक्त ग्रोथ मिल सकती है।

**व्हिस्की एक्सपोर्ट का रेकॉर्ड-** पिछले साल स्कॉच व्हिस्की के निर्यात में काफी बढ़ोतरी देखने को मिली। इस दौरान पूरी दुनिया को 6.2 अरब पौंड की व्हिस्की का निर्यात किया गया जो एक रेकॉर्ड है। पहली बार यह आंकड़ा छह अरब पौंड के पार पहुंचा है। इसमे पिछले साल के मुकाबले 37 फीसदी तेजी आई है। यह ब्रिटेन के सबसे बड़े एक्सपोर्ट्स में से एक है। ब्रिटेन से सबसे ज्यादा अमेरिका को स्कॉच व्हिस्की का निर्यात किया गया। स्कॉटलैंड से अमेरिका को 105.3 करोड़ डॉलर की व्हिस्की एक्सपोर्ट की गई। इस दौरान भारत को 28.2 करोड़ पौंड की व्हिस्की भेजी गई।

# सूर्या ने बिजली की बचत करने वाले बीईई मानक सीलिंग पंखे लॉन्च किए

## ब्लेज़ एचएस स्टार 48 को पेश किया



**मुंबई, एजेंसी।** बीईई मानकों के तहत कंपनी ने सीलिंग पंखे की श्रेणी में ऊर्जा कुशल मॉडल पेश किया है। ऊर्जा कुशल पंखे की रेंज विशेष रूप से कम बिजली खपत पर काम करने के लिए डिज़ाइन की गई है जो उपभोक्ताओं को बिजली की लागत घटाने में मदद करती है और ऊर्जा संरक्षण में मदद करती है दिल्ली- सूर्या रोशनी लाइटिंग, पंखे, घरेलू उपकरण, स्टील पाइप और पीवीसी पाइप के लिए भारत में सबसे सम्मानित और भरोसेमंद ब्रांडों में से एक, अपने ग्राहकों के जीवन को सरल बनाने के लिए अपने अनुभव, तकनीक और नवाचार का उपयोग निरंतर कर रही है। कम्पनी द्वारा लॉन्च किए गए नए, उच्च ऊर्जा कुशल ब्लेज़ एचएस स्टार 48 और एचपीएलवी सीलिंग पंखे को खरोंच प्रतिरोध, सुचारू संचालन और हवा को ज्यादा फैलाने के लिए डबल बॉल बेयरिंग एव बेहतर पेंट फिनिश का उपयोग करके खास रूप से डिजाइन किया गया है। उच्च-ऊर्जा कुशल तकनीक एवं कम वोल्टेज पर कुशलता से संचालित करने के लिए एक मजबूत मोटर प्रदान करती है, जो नई तकनीकी से कम आवाज और 52 वाट बिजली की खपत के साथ 215 सीएमएम की उच्च वायु वितरण ओर बेहतर गति जैसे कई लाभ एक साथ प्रदान करती है। सूर्या की ऊर्जा दक्षता और ज्यादा हवा फेकने वाले सीलिंग पेंखे की रेंज, वोल्टेज के उतार-चढ़ाव के दौरान भी कोने-कोने में आरामदायक हवा देती है, जिससे हर समय मन की शांति सुनिश्चित होती है।

# इस बार वैलेंटाइन के महीने में सोनी बीबीसी अर्थ से जानें जानवरों के बारे में दिलचस्प बातें और अनेक दूसरी जानकारी

**मुंबई, एजेंसी।** प्यार का मौसम आने ही वाला है! अपने दर्शकों के साथ वैलेंटाइन्स डे मनाने के लिए सोनी बीबीसी अर्थ ने 'द वाइल्ड अफेयर' नामक एक विशेष संकलन लॉन्च किया है। इस संकलन के तहत 'द मेटिंग गेम', 'नेचर्स ग्रेटेस्ट डांसर्स', और 'द परफेक्ट प्लेनेट' का प्रसारण होने जा रहा है, जिनमें जानवरों की दिल को छू लेने वाली नाटकीय प्रेम कहानियों को देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो जायेंगे। छः महादेशों के पाँच अलग-अलग परितंत्र में, 'द मेटिंग गेम' विभिन्न, दिलचस्प, और सर्वथा अजीब तरीकों की पड़ताल करता है जो विभिन्न जानवर अपना पार्टनर का पता लगाने के लिए इस्तेमाल करते हैं। यह इसकी पूरी अंदरूनी झलक पेश करता है कि जानवरों के मेटिंग गेम में जीतने लिए क्या-क्या होता है। 'नेचर्स ग्रेटेस्ट डांसर्स' में दर्शक यह जान पायेंगे कि कुछ जानवर डांसिंग को पसंद करते हैं और संभावित पार्टनर को लुभाने के लिए सटीक समय पर मूव करते हैं। स्वर्ग के इठलाते हुए शानदार पक्षियों से लेकर बैले-डांस करने वाले लेमर्स तक, इन जानवरों की सतर्कतापूर्वक समन्वित हरकतों की वैज्ञानिक व्याख्या इस आनंददायक और मनोरंजक सीरीज में प्रकट की गई है। 'प्लेनेट अर्थ ढ्ढढ्ढ' ('द परफेक्ट प्लेनेट') दर्शकों को दुनिया के चारों कोने की सैर कराता है।

# सैमसंग गैलेक्सी एस23 सीरीज़ ने भारत में 24 घंटों में 140,000 प्रिबुकिंग्स का रिकॉर्ड बनाया

## आकर्षक ऑफरों के लिए अभी बुक करें

**मुंबई, एजेंसी।** भारत के सबसे बड़े कंज़्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, सैमसंग की नई लॉन्च की गई गैलेक्सी एस23 सीरीज़ ने प्रि-बुकिंग का रिकॉर्ड बनाया है। पहले 24 घंटों में भारत में गैलेक्सी एस23 सीरीज़ की 140,000 से ज्यादा यूनिटें प्रि-बुक की गई हैं, जो सैमसंग की फ्लैगशिप डिवाईसेज़ के लिए एक नया रिकॉर्ड है। गैलेक्सी एस23 अल्ट्रा में एडैप्टिव पिक्सल के साथ ऑल-न्यू 200 मेगापिक्सल का सैंसर है, जो बेहतरीन डिटेल्स के साथ इमेज कैप्चर कर सकता है। सुपर क्वाड पिक्सल एएफ के साथ रियर कैमरा लक्ष्य पर 50 प्रतिशत ज्यादा तेजी से फोकस करता है। गैलेक्सी एस23 सीरीज़ के फ्रंट कैमरा में ड्युअल पिक्सल ऑटो फोकस टेक्नॉलॉजी के साथ नाईटोग्राफी का फीचर दिया गया है, जो कम रोशनी में भी फ्रंट कैमरा से बेहतरीन इमेज प्राप्त करने में मदद करता है। ड्युअल पिक्सल ऑटो फोकस टेक्नॉलॉजी फ्रंट कैमरा से 60 प्रतिशत ज्यादा तेज फोकस प्रदान करती है। गैलेक्सी एस23 सीरीज़ के वीडियो सुपर एचडीआर, बेहतर न्वाईज़ कंट्रोल एलगोरिद्म, और रात में ज्यादा स्मूथ एवं शार्प आउटपुट के लिए दोगुना चौड़े ओआईएस की मदद से ज्यादा सिनेमेटिक बनते हैं। गैलेक्सी एस23 में कस्टम डिज़ाईन का स्नैपड्रैगन 8 जनरेशन 2 मोबाईल प्लेटफॉर्म है, जो दुनिया का सबसे तेज मोबाईल ग्राफिक्स प्रदान करता है। गैलेक्सी एस23 सीरीज़ में भरोसेमंद गेमिंग के लिए 2.7 गुना ज्यादा बड़ा वेपर कूलिंग चैंबर है। गैलेक्सी एस23 सीरीज़ ने मोबाईल गेमिंग का स्तर बहुत ऊँचा कर दिया है। गैलेक्सी एस23 अल्ट्रा मेनस्ट्रीम मोबाईल गेमिंग के लिए रियल-टाईम रे ट्रेसिंग को सपोर्ट करता है।

# आईटेल मोबाइल अपने ब्राण्ड की पहुंच बढ़ाने और अधिक से अधिक उपभोक्ताओं के साथ जुड़ने के लिए प्रयासरत

## ऋतिक रोशन को बनाया अपना नया ब्राण्ड अम्बेसडर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के अग्रणी मोबाइल फोन ब्राण्ड आईटेल ने देश के सुपरस्टार ऋतिक रोशन को अपना ब्राण्ड अम्बेसडर नियुक्त किया है। सभी वर्गों में ऋतिक की लोकप्रियता और उनकी ज़बरदस्त फैन फॉलोइंग भारत में आईटेल मोबाइल ब्राण्ड की नई कहानी की शुरूआत करेगी, जो अपनी नई टैगलाईन रुजोड़े इंडिया का हर दिल, आईटेल! के साथ हर भारतीय से जुड़कर अपने ब्राण्ड की स्थिति को मजबूत बनाने के लिए तैयार है।

आईटेल रु 8000 से कम कीमत वाले सेगमेन्ट में उपभोक्ताओं के पसंदीदा ब्राण्ड के रूप में अपने आप को मजबूती से स्थापित कर चुका है। इस सेगमेन्ट में पहली बार फोन खरीदने वालों के साथ-साथ ऐसे उपभोक्ताओं की भी रिकॉर्ड संख्या है जो दोबारा आईटेल का ही फोन खरीदते हैं। इसी भरोसे को और मजबूत बनाने बनाने एवं अपनी विकास यात्रा को जारी रखने के प्रयास में आईटेल ने देश के सुपरस्टार ऋतिक रोशन को अपना नया ब्राण्ड अम्बेसडर नियुक्त किया है। देश के हर कोने में ऋतिक की लोकप्रियता आज के युवाओं को आईटेल की आधुनिक तकनीक के साथ जोड़ने में कारगर साबित होगी। गौरतलब है कि आईटेल एक ऐसा ब्राण्ड है जो आधुनिक तकनीक को हर किसी के लिए सुलभ एवं किफ़ायती बनाना चाहता है। जहां एक ओर ऋतिक दर्शकों को लुभाते हैं, वहीं आईटेल अपने शानदार प्रोडक्ट्स एवं बेजोड़ कस्टमर सपोर्ट के साथ उपभोक्ताओं को बेहतरीन अनुभव प्रदान करता है। ऐसे में ऋतिक और आईटेल मोबाइल की यह साझेदारी उपभोक्ताओं को ब्राण्ड के साथ जोड़ने में बेहद कारगर होगी।''

आईटेल मोबाइल इंडिया के साथ इस साझेदारी के बारे में बात करते हुए ऋतिक रोशन ने कहा, ''मैं भारतीय उपभोक्ताओं की महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के आईटेल मोबाइल के मिशन की सराहना करता हूं। अपने आधुनिक एवं किफ़ायती स्मार्टफोन्स के साथ, आईटेल मोबाइल उपभोक्ताओं को बेहतर जीवन जीने में मदद कर रहा है और उन्हें उत्कृष्ट अनुभव प्रदान कर सशक्त बना रहा है। आईटेल में हम इस यात्रा का हिस्सा बनकर डिजिटल रूप से प्रगतिशील एवं सशक्त भारत के निर्माण में योगदान देना चाहते हैं।''

ब्राण्ड के साथ साझेदारी पर बात करते हुए अरीजीत तालपात्रा, सीईओ, ट्रांज़ियन (आईटेल) इंडिया ने कहा, ''हमें खुशी है कि हम ऋतिक रोशन को आईटेल के लिए ब्राण्ड अम्बेसडर नियुक्त करने जा रहे हैं। उनकी लोकप्रियता और आकर्षण, आईटेल ब्राण्ड को नई उंचाईयों तक पहुंचा कर भारत की महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने में कारगर होगी और 8 हज़ार से नीचे वाले स्मार्टफोन सेगमेन्ट में हमें लीडर के रूप में स्थापित करेगी। उनकी कड़ी मेहनत और दृढ़ इरादे जैसे मूल्य ब्राण्ड के नैतिक मूल्यों के अनुरूप हैं। भारत में आईटेल की यात्रा भी उनकी तरह प्रगतिशील रही है, जिसके चलते आज 8 करोड़ से अधिक भारतीय हमारे प्रोडक्ट्स, सेवाओं पर भरोसा कर रहे हैं और हमें उनके जीवन का सबसे प्रासंगिक ब्राण्ड बना रहे हैं।'' अपने ब्राण्ड की नई टैगलाईन रुजोड़े इंडिया का हर दिल, आईटेल! के साथ हम हर भारतीय के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न करने तथा टेक्नोलॉजी की क्षमता के द्वारा उनके सपनों को साकार करने में योगदान देने के लिए तत्पर हैं।'' तालपात्रा ने कहा।

## 4 विकेट लेने वाले प्रमेन्द्र राजपूत प्लेयर ऑफ द मैच रहे

# सुरखी विधानसभा क्षेत्र में मंत्री ट्रॉफी क्रिकेट महाकुंभ में 10 मैंच हुये जिसमें 20 टीमों ने लिया हिस्सा

सागर। सोमवार को दो मंडलो में 20 टीमों ने हिस्सा लिया जिसमें जैसीनगर में तीसरे राऊंड एवं राहतगढ़ में दूसरे राऊंड के मैच खेले जा रहे है। दोनों मंडलो में 10-10 ओवर के 10 मैच खेले गये जिसमें जैसीनगर में 4, राहतगढ़ में 6 मैच खेले गये। गौरतलब है कि मंत्री ट्रॉफी क्रिकेट महाकुंभ में अब तक 480 मैच खेले जा चुके हैं।

सोमवार को जैसीनगर के पहले मैच में टीम ढ़करई ने टीम खमरिया बुजुर्ग एबीजी क्रिकेट क्लब को हराया 4 विकेट लेकर 5 रन देकर प्रमेन्द्र राजपूत प्लेयर ऑफ द मैच रहे। दूसरे मैच में टीम ठाकुर बाबा क्रिकेट क्लब ने टीम तालचिरी क्रिकेट क्लब को हराया अर्द्ध शतक बनाकर बृजभान प्लेयर ऑफ द मैच रहे। तीसरे मैच में टीम तोड़ातरफदार ने टीम धाकड़ क्रिकेट क्लब सलैयागाजी को हराया लकी दुबे प्लेयर ऑफ द मैच रहे। चोथे मैच में टीम बगोरया क्रिकेट क्लब बरौदा ने रावतपुरा क्रिकेट क्लब सेमरागोपालमन को हराया नेतराम प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

राहतगढ़ के पहले मैच में टीम एस.के. क्रिकेट क्लब ने टीम टार्जन क्रिकेट क्लब को हराया प्लेयर ऑफ द मैच जुबेर रहे। दूसरे मैच में टीम चाहत क्रिकेट क्लब राहतगढ़ ने टीम हम्माल यूनियन क्रिकेट क्लब को हराया प्लेयर ऑफ द मैच रफीक कुरैशी रहे। तीसरे मैच में टीम छोटी न्यू स्टार क्रिकेट क्लब ने टीम राईन11 क्रिकेट क्लब को हराया दानिश प्लेयर ऑफ द मैच रहे। चोथे मैच में टीम



बीब्ल्यूडी सीसी बटयावदा ने टीम यदुवंशी क्रिकेट क्लब गढ़ाघाट को हराया प्लेयर ऑफ द मैच नितिन पटैल रहे। पांचवे मैच में टीम टोला पठार क्रिकेट क्लब ने टीम औसानखेड़ी क्रिकेट क्लब को हराया महेन्द्र प्लेयर ऑफ द मैच रहे। छटवे मैच में टीम भटी राहतगढ़ क्रिकेट क्लब ने टीम किंग्स11 को हराया प्लेयर ऑफ द मैच असरफ रहे।

दर्शकों से भरे स्टेडियम में खिलाड़ियों का खूब उत्साह वर्धन हुआ। खिलाड़ियों के चोके छक्कों का स्वागत क्षेत्रवासियों ने तालियां बजाकर किया। इस अवसर पर आकाश सिंह राजपूत, प्रमोद पटैल, राहुल पटैल, सनिल सींग, हरप्रसाद कुर्मी, सोनू सिलावट, बसीम कुरैशी, राजेश तिवारी, नानू तिवारी, बब्लू पठान, महेन्द्र लोधी, राजकुमार सेन, देवेन्द्र सोनी, निरंजन राजपूत सहित सैकड़ों क्षेत्रवासियों ने स्टेडियम पहुंचकर मंत्री ट्राफी के तहत चल रहे क्रिकेट महाकुंभ का आनंद लिया।

# टाटा प्ले ने बिंज़-वॉचिंग को बनाया बाएं हाथ का खेल

मुंबई, एजेंसी। यूँ तो आज मनोरंजन के ढेरों विकल्प उपलब्ध हैं, लेकिन फिर भी परिवार के साथ समय बिताते हुए या साथ में खाना खाते हुए लोगों को आम तौर से चल रहे शो या फिल्म को देखकर संतोष करना पड़ता है, जिसका कारण है इतने सारे कार्यक्रमों की भीड़ में अपनी पसंद का कार्यक्रम ढूंढ कर चलाना एक टेढ़ी खीर साबित होतीहै। कल्पना कीजिए कि यदि आपको ऐसा साधन मिल जाए, जहाँ 20 से ज्यादा क्षेत्रीय, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ऐप्स की सामग्री एक ही जगह और एक ही सदस्यता शुल्क में उपलब्ध हो, तो हर काम कितना आसान हो जाएगा। यह कर दिखाया है टाटा प्ले बिंज की सेवा ने !टाटा प्ले बिंज़ ने अपनी पसंद के शो और फिल्मों को देखना कर दिया है बहुत आसान! अब हर काम एक बटन की मदद से किया जा सकता है, आप अपनी पसंद का कार्यक्रम खोज सकते हैं, अपनी पसंद की भाषा चुन सकते हैं, परामर्श इंजन की मदद ले सकते हैं, अपनी पसंद के अनुरूप कार्यक्रमों की सूची तैयार देख सकते हैं, और तो और, 2 से ज्यादा पर्दों पर एक साथ कार्यक्रम देख सकते हैं। है न मजे की बात! और इसके अलावा भी अनेक विशेषताएं हैं, जो टाटा प्ले बिंज के अनुभव को और ज्यादा शानदार बना देती हैं। इनमें सबसे पहली है कि यहाँ एक ही जगह 22ओटीटी ऐप्स की सेवाएं मिलती हैं। इसलिए टाटा प्ले बिंज पर कार्यक्रमों का बहुत विशाल संग्रह उपलब्ध है। दर्शक 12 से ज्यादा भाषाओं में दिलचस्प कार्यक्रमों का आनंद ले सकते हैं, जिनमें डिज़्नी+ हॉटस्टार, ज़ी5, एमएक्स प्लेयर, सोनीलिव, रीलड्रामा, वूट सलेक्ट, हंगामा प्ले, ईरोज़ नाउ, शेमारूमी, वूट किड्स, सननैक्स्ट, क्यूरियेसिटीस्ट्रीम, एपिक ऑन, डॉक्युबे, और लॉयन्सगेट प्ले तथा क्षेत्रीय ओटीटी सेवाओं जैसे, होईचोई, प्लैनेट मराठी, नम्माफ्लिक्स,चौपाल, कूडे, मनोरमामैक्स, और तरंग प्लस के कार्यक्रम शामिल हैं।बिंज़ पर उपलब्ध सोनीलिव, डिज़्नी+ हॉटस्टार, एमेज़ॉन प्राईम, शेमारू, ईरोज़ नाउ और एमएक्स प्लेयर की क्रमशः गुल्लक, घर वापसी, फैमिली मैन, अंगीठी, साईड हीरो, क्वीन आदि जैसी फिल्में और शो भारत की झलक प्रस्तुत करते हैं।

## राष्ट्रवादी युवा वाहिनी संगठन की बैठक

छिंदवाड़ा। जिला मुख्यालय छिंदवाड़ा में राष्ट्रवादी युवा वाहिनी संगठन की बैठक में संगठन के विस्तार पर चर्चा की गईए संगठन का विस्तार जिले के सभी तहसीलों में विस्तार किया जाएगाए साथ ही आगामी महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मानने की तैयारी पर भी चर्चा की गई ! संगठन के बढ़ते कारवां में आज राष्ट्रवादी युवा वाहिनी महिला मोर्चा का गठन जिला अध्यक्ष सुनील चौरिया जी के द्वारा किया गयाए महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष के लिए श्रीमती पायल बेस जी को छिंदवाड़ा जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा बनाया गया संगठन की बैठक जिला अध्यक्ष सुनील चोरिया जी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई जिसमें कार्यकारी अध्यक्ष श्री रवीन्द्र जी देशमुख जिला कोषाध्यक्ष प्रवीण जी ढाकरिया जिला संयोजक महेंद्र जी ठाकरे जिला उपाध्यक्ष मलखान चौहान जी जिला मीडिया प्रभारी मिथलेश जी पवार महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती पायल बेस एवम संगठन के समस्त सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## पानी की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



अमरवाड़ा। सकरवाडा जलाशय की नहर समय से पूर्व बंद किए जाने के बाद खराब हो रही फसल को लेकर रानीकामत सकरवाडा एवं सालीवाडा शारदा के ग्रामीणों ने एकजुट होकर उक्त समस्या से निजात दिलाने एसडीएम के नाम तहसीलदार छवि पंत को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर ग्रामीणों ने नगर पालिका के सामने से नारेबाजी करते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचे और मामले को प्रशासनिक अधिकारियों के सामने रखकर गंभीरता से सुलझाने का निवेदन किया है।

## केंद्रीय विद्यालय की छात्रा अपराजिता ने जीती चार प्रतियोगिता



**छिन्दवाड़ा ।** केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 में अपराजिता प्रजापति को रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम, समूह गीत में प्रथम, समूह नृत्य में द्वितीय, और मुखड़ा बनाओ प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 में अपराजिता प्रजापति कक्षा चौथी की छात्रा हैं वे पत्रकार राकेश प्रजापति की बेटी हैं प्रतियोगिता में पुरुस्कृत होने पर उन्हें विद्यालय के शिक्षकों ने बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## ग्रामीण खिलाडियों ने अपना जौहर दिखाया

### सांसद नकुलनाथ ने दी क्रिकेट किट

**छिन्दवाड़ा ।** बिछुआ विकासखंड के ग्राम मूंगनापार में गत दिवस आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में ग्रामीण अंचलों के खिलाडियों ने अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सभी दर्शकों की भरपूर तालियां बटोरी। देवेन्द्र सहारे समिति द्वारा आयोजित यह मैच ग्राम धनेगांव एवं ग्राम कुरई के मध्य खेला गया जिसमें कुरई टीम विजेता रही। आयोजन समिति द्वारा टीमों को पुरस्कृत किये जाने के साथ ही जिले के सांसद श्री नकुलनाथ की ओर से विजेता एवं उपविजेता टीम को आकर्षक क्रिकेट किट प्रदान की गई।

## पुलिस ने जुआं पर दी दबिश

**छिंदवाड़ा ।** पुलिस को सूचना मिली की भरतादेव स्थल के पास कुछ लोग हारजीत का दाँव लगाकर जुआ खेल रहे है जो सूचना पर कोतवाली पुलिस द्वारा दबिश दी गई मौके पर आरोपी (1) गोपाल पिता रूपलाल मालवी उम्र 31 वर्ष निवासी स्न्न कॉलोनी चंदनगाव , (2) मनीष पिता लखन कहार उम्र 29 वर्ष निवासी भर्ता देव कॉलोनी चन्दनगांव (3) दिनेश पिता नारद कहार उम्र 28 वर्ष निवासी सर्रा नागपुर रोड़ (4) निलेश पिता पंडरी चौबीतकर उम्र 30 वर्ष निवासी चन्दनगांव (5) भीम सिंह पिता लखन कहार उम्र 36 वर्ष निवासी फोकट नगर चन्दनगांव के जुआ खेलते मिलते पर उनके पास से राशि रू 5850 एवं 52 ताश पत्ती मिलने पर धारा 13 जुआ एक्ट की कार्यवाही की गई

# विकास यात्रा में की जा रही विधायकों की अनदेखी

## कांग्रेस विधायकों का आरोप योजनाओं का नहीं मिल रहा लाभ, यात्रा में सिर्फ कांग्रेस की आलोचना की जा रही, विधायकों ने कलेक्टर को दिया ज्ञापन



**छिंदवाड़ा ।** विकास यात्रा के माध्यम से शासन की योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जाना है लेकिन शासन की योजनाओं का प्रचार प्रसार न कर स्थानीय निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की अनदेखी कर ऐसे व्यक्ति जिन्हें जनता ने नकार दिया है उनके प्रचार प्रचार का कार्य किया जा रहा है चुने हुए जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित नही किया जा रहा है और कांग्रेस की अलोचना की जा रही है। इसको लेकर कांग्रेस विधायकों द्वारा कलेक्टर का ज्ञापन सौंपकर इसे रोकने की मांग की गई है। अन्यथा लाइन आर्डर की स्थिति निर्मित हो सकती है जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। कांग्रेस विधायक पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। पत्रकार वार्ता में विधायक सोहन वाल्मिकी, सुनील उईके, सुजीत चौधरी नीलेश उईके उपस्थित थे।

### स्कूल के बच्चों को घंटो बैठाया जा रहा

विधायक सोहन वाल्मिकी ने कहा कि भाजपा की प्रदेश सरकार द्वारा विकास यात्रा के माध्यम से शासकीय धन का दुरूपयोग किया जा रहा है। आम जनता इस यात्रा में भागीदारी नही बल्कि स्कूल के विद्यार्थियों को चार घंटे बैठालकर रखा जा रहा है। और विकास यात्रा को पार्टी का प्रचार प्रसार और वोट मांगने का साधन बना लिया गया है।

### कोई नए कार्य स्वीकृत नहीं हो रहे

कांग्रेस विधायकों का कहना है कि शासन द्वारा तय किया गया था कि विकास यात्रा के दौरान ऐसे कार्य जो कि वर्तमान में पूर्ण हुए या जिनकी शुरूआत होना है उन कार्यो का भूमिपूजन एवं लोकार्पण निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया जाएगा लेकिन विकास यात्रा के दौरान नए कार्यो और उनका लोकार्पण नहीं हो रहा है और पुराने कार्य गिना रहे हैं।

### यात्रा के दौरान नहीं मिल रहा योजना का लाभ

विधायकों का कहना है कि जिस दिन से विकास यात्रा प्रारंभ हुई है भाषणबाजी चल रही है न आयुष्मान कार्ड बन रहे हैं, न संबल योजना का लाभ मिल रहा है और न ही कोई पेंशन स्वीकृत हो रही है भाजपा के नेता पुराने कार्यो पर नारियल फोड़ रहे हैं।

### आते ही नहीं जिले के प्रभारी मंत्री

जिला योजना समीति की बैठक नहीं होने को लेकर विधायकों का कहना है कि प्रभारी मंत्री कमल पटेल आते नहीं हैं उनके रहते छिंदवाड़ा को कोई लाभ नहीं मिल रहा है हमने योजना समीति की बैठक लेने की मांग की है ताकि विकास के कार्यो को स्वीकृत करने सरकार के पास भेजा जा सके।

### हमारी जिद होगी की कमलनाथ छिंदवाड़ा से चुनाव लड़ें: सुनील उईके

#### कांग्रेस 140 सीट जीतकर सरकार बनाएगी

**छिंदवाड़ा।** जुन्नारदेव के विधायक सुनील उईके ने कहा कि कमलनाथ जी छिंदवाड़ा विधानसभा से चुनाव लड़ें यह हमारी जिद होगी वे पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। चर्चा के दौरान चौरई के विधायक सुजीत चौधरी, परासिया विधायक सोहन वाल्मीकी एवं पांढुर्ना विधायक नीलेश उईके उपस्थित थे। उन्होने ने भी कमलनाथ के छिंदवाड़ा विधानसभा से चुनाव लड़ने का समर्थन किया सुनील उईके ने कहा कि कमलनाथ के नेतृत्व में इस बार कांग्रेस 140 सीटें जीतेगी और सरकार बनाएगी। चारों विधायकों से यह पूछा गया कि आगामी विधानसभा में चुनाव लड़ेंगे तो उन्होने कहा कि टिकट मिलेगी तो चुनाव लड़ेंगे टिकट देना कमलनाथ के हाथ में है।

### पेंच की घटिया नहरों पर किसानों को पानी नहीं मिल रहा: सुजीत चौधरी

पेंच व्यपवर्तन परियोजना में नहरों के घटिया निर्माण को लेकर चौरई के विधायक सुजीत चौधरी दुखी हैं वे अधिकारियों की शिकायत भी कर रहे हैं। किन्तु कोई सुन नहीं रहा है नहरों से किसानों को पानी नहीं मिल रहा है।

विभाग ने अतिरिक्त सिंचाई के नाम पर चौरई और सिवनी में लगभग 375 कुंए (पाईप के) बनाए और 7 करोड़ रूपए ठेकेदार को देकर बंदरबांट कर ली उन्होने मांग की है कि इसकी जांच होनी चाहिए सिंचाई विभाग बगैर काम के ठेकेदार को एडवांस दे रहा है उसे बंद किया जाना चाहिए। घटिया नहर एवं पानी न मिलने के कारण कुछ किसान न्यायालय में भी गए हैं।

## जंगली सूअर का शिकार कर मांस खाने वाले दो लोगों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**परासिया ।** के ग्राम उरधन ढाना में दिन रविवार को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई ग्राम उरधन ढाना के ऊंची मोहल्ला मे नरेश कवरेती नाम के व्यक्ति ने जंगली सूअर का शिकार कर उसके मांस को खाने के लिए रखा है। जिसकी सूचना के आधार पर *थाना प्रभारी निरीक्षक संजीव त्रिपाठी ने उपनिरीक्षक मुकेश डोंगरे, आरक्षक ओम नरेश बघेल, आरक्षक सुमित नागले की टीम गठित कर उरधन ढाना तरफ भेजा। जो टीम के द्वारा आरोपी नरेश कवरेती पिता नेपाल कवरेती उम्र 40 वर्ष के घर जाकर देखा गया तो आरोपी नरेश कवरेती के पास एक थैला रखा मिला जिसको चेक किया गया तो उसमे ताजा मांस रखा हुआ मिला जिसके संबंध में नरेश कवरेती से पूछा गया तो उसने अपने साथी जयराम तुमडाम पिता राम प्रसाद उम्र 45 वर्ष निवासी उरधन ढाना के साथ रात में खेत में तार का फंदा लगाकर जंगली सूअर का शिकार कर उसे कुल्हाड़ी से काटकर उसके मांस को खाने के लिए घर में रखना बताया। जिसके आधार पर आरोपी के कब्जे से जंगली



सूअर का मांस लगभग 3.9 ग्राम और फंदा लगाने में प्रयुक्त तार , टॉर्च और कुल्हाड़ी को जब्त कर दोनो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया

है। पुलिस ने दोनो आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 28/23 .धारा 9,39,51 वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत प्रकरण दर्ज कर दोनो आरोपियों को माननीय न्यायालय परासिया पेश की जहां से दोनो आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। *इस सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक संजीव त्रिपाठी, उपनिरीक्षक मुकेश डोंगरे, आरक्षक ओम बघेल, आर सुमित नागले का

## अतिथि शिक्षको ने मुख्यमंत्री के नाम सौपा अल्टीमेटम ज्ञापन

### कटोरा लेकर दुकानो में भीख मांगकर किया विरोध प्रदर्शन

**छिंदवाड़ा ।** मध्य प्रदेश अतिथि शिक्षक संगठन के संयुक्त आह्वान पर संपूर्ण मध्यप्रदेश में आज अतिथि शिक्षको ने विभिन्न मांगों को लेकर तिरंगा रैली न्याय यात्रा निकाली । इसी के चलते आज छिंदवाड़ा जिले में भी अतिथि शिक्षक संगठन ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन सड़को पर उतरकर आंदोलन किया। अतिथि शिक्षक संघ मध्य प्रदेश के



प्रदेश महासचिव एवं छिंदवाड़ा जिला अध्यक्ष संतोष कहार ने बताया कि प्रदेश के समस्त अतिथि शिक्षक संगठनो के संयुक्त तत्वाधान में प्रदेश स्तरीय आह्वान पर प्रदेश के समस्त जिलो में आज एक साथ और एक ही दिन प्रदेश भर के अतिथि शिक्षको ने अपने अपने जिलो में सामूहिक अवकाश लेते हुए, अपनी लंबित मांग - 12 माह का सेवाकाल/पदस्थायित्व/ विभागीय पात्रता परीक्षा/वेतन वृद्धि दोगुना करने को लेकर बोनस अंक के साथ नियमितीकरण की मांग को लेकर आंदोलन किया। अतिथि शिक्षको ने अपने हाथो में तिरंगा झंडे को लेकर न्याय यात्रा निकाली और अपनी मांगो को लेकर नारे बाजी की इस अवसर आजाद स्कूल अतिथि / समन्वय संगठन / संयुक्त अतिथि शिक्षक संघ मध्यप्रदेश के संयुक्त तत्वाधान में यह कार्यक्रम आज संपूर्ण मध्यप्रदेश में एक साथ संपन्न हुआ।

## लाल बहादुर शास्त्री दिल्ली ने डीसीए मेरठ को 4 रनों से हराया

**छिंदवाड़ा ।** प्रतियोगिता सचिव संदीप मालवीय व प्रतियोगिता उपाध्यक्ष एवं खेल मित्र नितिन खंडेलवाल ने बताया कि डीसीए मेरठ व लाल बहादुर शास्त्री दिल्ली के मध्य मैच खेला गया ।

पहले बल्लेबाजी करते हुए लाल बहादुर शास्त्री दिल्ली ने 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 113 रन बनाएं । जिसमे 31 रन अंकुश त्यागी व 30 रन परवीन कुमार ने बनाये। डीसीए मेरठ के गेंदबाज प्रशांत चौधरी ने 3 व अंकुश नागर व निर्देश बैसोया ने 2-2 विकेट लिए।114 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी डीसीए मेरठ 18.5 ओवर में 109 रनों पर आल आउट हो गयी। डीसीए मेरठ के बल्लेबाज यशु प्रधान ने 50 रन बनाए। लाल बहादुर शास्त्री दिल्ली के गेंदबाज दीवान इसरानी ने 3 व अंकुश त्यागी व परवीन कुमार ने 2-2 विकेट लिए । मैच 4 रनों से लाल बहादुर शास्त्री दिल्ली ने जीता। नेट रन रेट के आधार पर डीसीए मेरठ ने सेमीफाइनल में स्थान पक्का किया। मैच में अंपायर वीसीए से रजिस्टर्ड अंपायर मोनीश रामटेके व दिग्विजय डिसिल्वा स्कोरर अभय मालवी व कमेंटेटर श्रान्त चन्देल रहे। मैन ऑफ द मैच को ?1100 अंकुश त्यागी को प्रदान किया गया।आयोजन समिति अध्यक्ष प्रवीण चौधरी, उपाध्यक्ष एवं खेल मित्र नितिन खंडेलवाल, सचिव संदीप मालवीय, कोषाध्यक्ष प्रमोद मालवीय, सदस्य शैलेश करमरकर, भीष्म प्रताप चौहान,सपन सिंग,राजा खान, अंकित सिंग राजपूत,शेख तारिक,संतोष शर्मा, विशाल करमरकर,सचिन सहारे,अम्बर सूर्यवंशी,राजा विश्वकर्मा अभय मालवी है।आज का सेमीफाइनल मैच शुक्ला ग्राउंड में दोपहर 12:30 से आरईपीएल लखनऊ व डीसीए मेरठ के मध्य खेला जाएगा। टूर्नामेंट का फायनल मुकाबला दिनांक 16 फरवरी दिन गुरूवार को सुबह 10 बजे खेला जाएगा फायनल मैच समापन के पश्चात दोपहर 2.30 बजे मध्यप्रदेश के कृषि मंत्री एवं छिंदवाड़ा जिले के प्रभारी मंत्री माननीय श्री कमल पटेल जी के करकमलों द्वारा विजेता टीमों एवं खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण होगा ।

## राष्ट्रपति ने दिया आदेश 14 फ़रवरी मातृ-पितृ पूजन दिवस घोषित हो—

**छिंदवाड़ा.** सामाजिक कार्यकर्ता भगवानदीन साहू ने दिनांक 9 जनवरी को विभिन्न सामाजिक एव धार्मिक संगठनों के साथ मिलकर महामहिम राष्टपति और प्रधानमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा था जिसमें माँग की गई थी कि 14 फरवरी को मातृ- पितृ पूजन दिवस राष्टीय पर्व घोषित हो जिस पर महामहिम राष्टपति महोदया द्वारा प्रसन्नता जाहिर करते हुए यह आवेदन पत्र समुचित कार्यवाही हेतु पत्र क्रमांक ह्यद्ध /ह्श / श्च 1 /क्क/ 1201230024 के माध्यम से केंद्रीय गृह मंत्रालय भारत सरकार को अग्रेसित किया है , जिससे देशभर के साधकों में हर्ष का माहौल है। ज्ञापन में बताया था कि हमारी सनातन संस्कृति में मातृ देवो भव: , पितृ देवो भव: तथा आचार्य देवो भव: की महत्ता है देश के सभी बच्चों में , विद्यार्थियों में , युवाओं में अपने अपने माता पिता के प्रति पूज्य भाव प्रकट हों। माता पिता और गुरुजनों का आदर करें। इस निमित्त 14 फरवरी को आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पूज्य माता जी हीरा बहन के नाम से घोषित हो। ज्ञापन देते समय साध्वी रेखा बहन , साध्वी प्रतिमा बहन , समिति के अध्यक्ष मदनमोहन परसाई , खजरी आश्रम के संचालक जयराम भाई , गुरूकुल की संचालिका दर्शना खट्टर , राष्टीय बजरंग दल के नितेश साहू , कुनबी समाज के युवा नेता अंकित ठाकरे , साहू समाज के ओमप्रकाश साहू , कलार समाज के सुजीत सूर्यवंशी , युवा सेवा संघ के अध्यक्ष दीपक डोईफोड़े , नितिन डोईफोड़े , शिक्षाविद विशाल चवुत्रे , आधुनिक चिंतक हरशुल रघुवंशी शकुंतला कराडे , आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## आयुष्मान में 2011 की पात्रता समाप्त की जावे सभी के कार्ड बनें

### न्यायालय न्याय नहीं देता मार्गदर्शन देता है, 19 फरवरी को वरिष्ठ नागरिक महामंच देगा धरना




**छिंदवाड़ा ।** ऐसा लगता है कि देश के वरिष्ठ सेवानिवृत कर्मचारी एवं अधिकारी सरकारी नीतियों से दुखी हैं जो सरकार सुविधाएं दे रही हैं उन्हें बराबर नहीं मिल रही है मोदी एवं शिवराज सरकार सुविधाओं में धीरे धीरे कटौतियां करते जा रही हैं वरिष्ठ नागरिक महामंच ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि उन्हें आयुष्मान कार्ड की सुविधाएं नहीं मिल रही है जबकि इस बुढ़ापे में वहीं एक सहारा है। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उपाध्यक्ष जयशंकर शुक्ला एवं संरक्षक श्री नायडू ने बताया कि आयुष्मान कार्ड में 2011 की पात्रता तुरंत खत्म की जानी चाहिए और किसी व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड तुरंत बनना चाहिए इसी तरह रेल में वरिष्ठ नागरिकों को रेल टिकट में पूर्व की तरह छूट दी जानी चाहिए, पुरानी पेंशन लागू की जावे, उन्होने न्यायालय पर आरोप लगाया कि न्यायालय से न्याय नहीं मिलता, न्यायालय मार्गदर्शन देती है जिसको सरकार और अधिकारी मानते नहीं हैं। उन्होने बताया कि उनका मंच 19 फरवरी को वृहद रूप से धरना देगा।

### भट्टी से संबंध नहीं

श्री शुक्ल ने बताया कि उनका संघ रजिस्टर्ड है इसका हरनाम भट्टी से संबंध नहीं है। हम वरिष्ठ नागरिकों की लड़ाई हमेशा लड़ते रहेंगे।

## मोटे अनाज सेहत के लिए फायदेमंद: अरजरिया

**बिछुआ ।** शासकीय महाविद्यालय बिछुआ में प्राचार्य डॉ. आर. पी. यादव के संरक्षण एवं आई क्यू ए सी संयोजक डॉ पूजा तिवारी के मार्गदर्शन में शासन के निर्देशानुसार अंतरराष्टीय पोषण अनाज वर्ष 2023 कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके अंतर्गत भारतीय त्यौहारों में मिलेट्स का महत्व विषय पर विशेष व्याख्यान कार्यक्रम संपन्न हुआ। विशेषज्ञ के रूप में ब्रजेश दत्त अरजरिया कृषि विशेषज्ञ एवं बोर्ड मेंबर जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्व विद्यालय जबलपुर ने भारतीय त्यौहारों में मोटे अनाज अर्थात सुपर फूड के महत्व के बारे में उन्होंने कहा की अनाज हमारे शारीरिक व मानसिक विकास के लिए बहुत जरूरी है। आज के वर्तमान समय में हमें इनका उपयोग ज्यादा ज्यादा किया जाना चाहिए। जिससे की व्यक्ति की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ सके जिससे भविष्य में होने वाली बातों को विस्तार पूर्वक बताया कि भारत के कई त्यौहार अनाज से ही जुड़े हुए है भारत एक कृषि प्रधान देश है जिसकी संस्कृति में खेत खलिहान, पशुधन और पोषक अनाजों का महत्वपूर्ण योगदान है।

# जो था है और रहेगा वही सनातन है:देवकी नंदन ठाकुर

**छिंदवाड़ा13फरवरी( अग्रवाल )।** हिदुत्व के नाम पर कुर्सी पर बैठने से हिदुत्व की रक्षा नही होगी बल्कि कुर्सी का उपयोग हिदुत्व की रक्षा करने के लिए करना होगा आज देश मे और अनेक राज्यों में संस्कृति वाली सरकारें है मैं कहना चाहता हूँ सरकार स्कूलों में फिल्मी गानों पर डांस बंद करा दे स्कूलों में रामायण भागवत ,रानी लक्ष्मी बाई ,चंद्रशेखर आजाद ,सुभाषचंद्र बोस सत्यवान सावित्री के चरित्र पर कार्यक्रम होना चाहिए स्कूल से ही आने वाली पीढ़ी का चरित्र बनेगा आज स्कूलों में क्या हो रहा है स्कूल विद्या के मंदिर है और विद्या के मंदिर में फिल्मी गानों पर डांस बच्चो को बुद्धि विवेकहीन बना रहा है

अभी यह परिवर्तन नही हुआ तो भविष्य में पछतावा के सिवा कुछ रहेगा नही सनातनियो को सनातन की रक्षा के लिए आगे आना होगा छिन्दवाड़ा के दशहरा मैदान में महाशिवरात्रि के अवसर पर विवेक बंटी साहू पूजा श्री परिवार द्वारा आयोजित शिव महापुराण कथा महोत्सव के चौथे दिन धर्म रत्न शांतिदूत आचार्य देवकी नंदन ठाकुर महाराज ने यह बात कही उन्होंने सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए आने वाली पीढ़ी को संस्कार वान बनाने मंच से कहा कि बच्चों को ऐसे शिक्षा संस्थानों में भेजे जहां शिक्षा के साथ उसका चरित्र भी बन सके आज तो स्कूलों में ही टीचर ऐसे हैं जो बच्चों के तिलक लगाने ,हाथ मे कलावा पहनने ,गले मे तुलसी माला पहनने पर ही आपत्ति जता देते हैं यह हमारी संस्कृति पर हमला है आचार्य देवकी नंदन ठाकुर महाराज ने यह भी कहा कि आज से हर हिन्दू अपने नाम के आगे सनातनी भी लिखे उन्होंने सनातन की व्याख्या करते हुए बताया कि सनातन का अर्थ है कि सत्य का प्रतिपादन जो था है और रहेगा

कथा के चौथे दिन उन्होंने शिव महापुराण की महिमा के अनेक लाभ गिनाते हुए नारद मोह के साथ ही मनु उत्तपत्ति, और कुबेर की कथा का बड़ा विवेचन किया उन्होंने कहा कि जब कोई नही था तब केवल शिव ही थे शिव ही परम ब्रम्ह है उनके ही एक से अनेक होने की धारणा से संसार बना है शिव ही सर्व व्यापी ,सर्ववन्दना और सर्व संस्कृति का केंद्र है सनातन संस्कृति इतनी समृद्ध है कि कोई हो ही नही सकता है भगवान शिव के अंग से ही विष्णु ब्रम्हा और माँ जगदंबा की उत्तपति हैं सृष्टि की रचना के किए ब्रम्हा जी ने जिस पहले पुरुष की रचना की वह मनु है हम मनु की संतानें ही मानव और सनातनी है !काशी नगरी का महत्व बताते हुए उन्होंने कहा कि यह



नगर भगवान भोलेनाथ ने बनाया था यहाँ भगवान श्री हरि विष्णु और माता श्री लक्ष्मी ने हजारो साल रहकर तपस्या की थी और सृष्टि की रचना की शुरुआत भी काशी से हुई है उन्होंने कहा कि सनातन अस्त्र ,शस्त्र और वस्त्र वाला है लेकिन आजकल लोग केवल वस्त्र देखते हैं हमारे कोई भी देवी -देवता बिना अस्त्र -शस्त्र के नही है रक्षा करना सनातनी का दायित्व है महाशिवरात्रि के दिन माँ भवानी को त्रिशूल तलवार के साथ ही सौभाग्य की सामग्री का चढ़ावा करने की बात बताते हुए आचार्य श्री बोले कि घर परिवार स्त्री की रक्षा पुरूष का दायित्व है कथा में उन्होंने लोगो को अनेक टिप्स और सबक भी दिए हैं आचार्य देवकी नंदन ठाकुर महाराज ने माटी में मिले माटी पानी मे मिले पानी भजन भी सुनाया साथ ही शिव आराधना के लिए विशेष पर रुद्राष्टम पाठ भी किया कथा के पांचवे दिन शिव महापुराण में शिव विवाह की कथा होगी इसके लिए शिव बारात भी निकाली जाएगी।

### 14 फरवरी को निकलेगी भगवान शिव की बारात

दशहरा मैदान में चल रहे शिव महापुराण कथा महोत्सव में 14 फरवरी को भगवान शिव का विवाह उत्सव मानाया जाएगा उत्सव के लिए भगवान शिव की महा बारात शहर के टाउन हॉल शिव मंदिर से निकाली जाएगी बारात में भगवान शिव के रूप में सजे पात्र के साथ ही देवी -देवता ,भूत ङ्क पिशाच के साथ अनेक आकर्षण होंगे डी जे बैंडबाजा धमाल के साथ यह बारात 4 बजे निकलेगी और दशहरा मैदान पहुँचेगी 14 फरवरी को आचार्य देवकी नंदन ठाकुर महाराज शिव विवाह के प्रसंग पर प्रवचन करेंगे

### साहू परिवार और समाज सेवियों ने की आरती

शिव महापुराण कथा महोत्सव में आचार्य देवकी नंदन ठाकुर महाराज के व्यास पीठ में पहुचने पर व्यास पीठ और समापन आरती नरेंद्र साहू ,विवेक बंटी साहू ,नवीन साहू सहित साहू परिवार ने की कथा सुनने आए सामाजिक ,धार्मिक ,व्यापारिक मंडलो के प्रतिनिधियों सहित समाज सेवियों ने आचार्य श्री का अभिनंदन किया कथा सुनने दशहरा मैदान में हजारो की संख्या में श्रद्धालुओं का सैलाब है

### भगवान श्री हरि विष्णु की प्रस्तुत की झांकी

नारद मोह के प्रसंग में भगवान श्री हरि विष्णु की आकर्षक मनमोहक झांकी प्रस्तुत की गई यजमान साहू परिवार ने श्री जी का पूजन किया नारद के श्राप के कारण ही भगवान श्री हरि विष्णु ने पृथ्वी पर मानव रूप में भगवान राम के रूप में अवतार लिया था उन्हें स्त्री वियोग भी भोगना पड़ा था और हनुमान सहित वानर सेना का सहयोग लेना पड़ा था देवर्षी नारद ने ही विश्वमोहनी से विवाह ना हो पाने पर श्री हरि विष्णु को श्राप दिया था कि अब तुम्हे भी पृथ्वी पर मानव रूप में रहना होगा स्त्री वियोग का कष्ट उठाना होगा और जिस बंदर का स्वरूप स्वयंवर में मेरा बनाया है संकट में ये बंदर - भालू ही तुम्हारे काम आएंगे आचार्य देवकी नंदन ठाकुर महाराज ने कहा कि यह सब शिव महिमा थी रावण की समाप्ति के लिए यह रचना की गई थी रावण ने पृथ्वी पर 72 चौघडी वर्ष राज किया है ।

## सरकार की योजना का लाभ गरीबों एवं पात्र व्यक्तियों देना विकास यात्रा का लक्ष्य: विवेक साहू

### विकास यात्रा पहुंची निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 19, 23, 29 एवं 26 में



**छिंदवाड़ा ।** विकास यात्रा प्रारंभ श्री दादा जी धूनीवाले मंदिर से प्रारंभ होकर वार्ड की बस्ती में पहुची इसके पश्चात पातालेश्वर मंदिर से होते हुए महाकाल क्षेत्री बस्ती में भ्रमण के पश्चात् शारदा चौक में सभा हुई । सभा के पश्चात् छापाखाना होते साहू ज्वेलर्स के पास से बड़ी माता मंदिर होते हुए पावर हाउस में सभा के साथ समापन हुआ । वार्ड क्र. 19, 23, 29 एवं 26 नगरनिगम क्षेत्रों की जनता जनार्दन की समस्याओं को सुना एवं इनकी समस्याओं का निराकरण भी किया गया । सभा को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष विवेक बंटी साहू ने कहा कि विकास यात्रा का उद्दश्य सरकार की योजना का लाभ गरीबों एवं पात्र व्यक्तियों को देना है । सरकार की योजना अंतिम पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति को इसका लाभ मिले । विकास यात्रा में घर-घर पहुंचकर जनता की समस्याओं को सुनना और उनकी समस्याओं को हल करना है । इस अवसर पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश पोफली, दौलत सिंग ठाकुर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शेषराव यादव, नेता प्रतिपक्ष विजय पांडे, भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित पोफली, अंकुर शुक्ला, भाजपा पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष जागेन्द्र अल्डक, सौरभ ठाकुर, गरिमा प्रतीक दामोदर, अनिता शर्मा, मनोज चौरे, भारत घई, विकास राय, राकेश माइकल पहाड़े, बिट्टू मण्डराह, अनुज मल्होत्रा, नितिन मरकाम, बबलू पराते, रवि मालवी, जीत सिंग, कुंदन मिगलानी, वंदना विश्वकर्मा, रानी सूर्यवंशी, मनोज मण्डराह, बबलू पराते, अमरसिंग मरावी, मेरसिंग चौधरी, चुन्नीलाल मण्डराह, रुपेश कैथवास, नवीन बारस्कर, रवि मालवी, शिरीन आनंद दुबे, जया विश्वकर्मा, आलोक साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्तागण उपस्थित थे ।



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्व.श्रीमती सुषमा स्वराज जी की जयंती पर उन्हें नमन किया।

# दिग्विजय बोले- कांग्रेसी दोस्त ही मेरे खिलाफ माहौल बनाते हैं, कहते हैं- मैं वोट काटता हूं

**भोपाल।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने बड़ा बयान दिया है। एक न्यूज चैनल को दिए इंटरव्यू में दिग्विजय सिंह ने कहा- मेरे खिलाफ माहौल चलता है। मीडिया चलाती है, भाजपा चलाती है और कांग्रेस के मेरे कुछ मित्र चलाते हैं कि दिग्विजय सिंह को मत भेजिए, इनसे वोट कट जाएंगे। मैंने दौरा किया, मैंने प्रचार किया और कांग्रेस की सरकार बन गई। अब आप बताइए कि वोट कटे या जुड़े।

दिग्विजय का ये बयान मध्यप्रदेश भाजपा के प्रवक्ता आशीष अग्रवाल ने ट्वीट करते हुए लिखा- दिग्विजय सिंह जी की स्वीकारोक्ति- हां मैं खुद स्वीकार कर चुका हूं कि हमारा संगठन कमजोर है। दरअसल, दिग्विजय सिंह आए दिन अपने बयानों के कारण सुर्खियों में बने रहते हैं। 2018 के मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के पहले दिग्विजय सिंह का एक वीडियो सामने आया था। इसमें वह रहे थे कि जिसको टिकट मिले, चाहे दुश्मन को भी मिले, जिताओ, मेरा काम केवल एक है। कोई प्रचार नहीं, कोई भाषण नहीं। मेरे भाषण देने से तो कांग्रेस के वोट कटते हैं, इसलिए मैं जाता नहीं। इस वीडियो में चर्चा के दौरान दिग्गी और कांग्रेस के ही कार्यकर्ता मौजूद थे। वीडियो वायरल होने के बाद दिग्गी चौतरफा घिर गए थे। हाल ही में सर्जिकल स्ट्राइक पर दिए गए दिग्विजय सिंह के बयान के बाद कांग्रेस नेताओं के किनारा करने को लेकर भी दिग्गी अकेले पड़ गए थे। दिग्गी ने ये बयान देकर ऐसे कई नेताओं को ये संदेश दिया है कि उनके खिलाफ जो बातें कांग्रेस से ही फैलाई जाती हैं, उन पर दिग्गी की नजर रहती है।



महापौर मालती राय ने आज कार्यालय पहुंचकर फाइलों की स्थिति देखी।

# नगर वासियों ने थानेदार को दी भावभीनी विदाई, ब्राह्मण समाज बड़ा आंदोलन करेगा

**छतरपुर।** छतरपुर जिले के लवकुशनगर में एमएलए और थाना प्रभारी का मामला मीडिया में काफी सुर्खियों में छाया रहा। इस मामले और विवाद के तूल पकड़ने के बाद एसपी सचिन शर्मा ने थानेदार को तत्काल प्रभाव से लाईन अटैच कर दिया था। वहीं इस घटनाक्रम और कार्यवाही के बाद थाना प्रभारी हेमंत नायक को नगर



वासियों ने भावभीनी विदाई देते हुए इस हंसी-खुशी विदाई दी।

बता दें कि बीती रात थाने पहुंचकर क्षेत्रीय चंदला से विधायक राजेश प्रजापति ने एफआईआर को लेकर और थाना प्रभारी हेमंत नायक के बीच तीखी बहस हुई थी। इसके बाद एसपी ने हेमंत नायक को लाइन अटैच किया था। जहां अब थाना प्रभारी के समर्थन में लवकुशनगर के लोगों ने प्रत्यक्ष और सोशल मीडिया पर समर्थन करते हुए पोस्ट डाली गई और थाना प्रभारी को हर्षोल्लास से विदाई दी। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक अब ब्राम्हण समाज लवकुशनगर में विधायक की तानाशाही और थाना प्रभारी के समर्थन में बड़ा आंदोलन करने जा रहा है।

# मप्र में फिर बढ़ी ठंड

## • पचमढ़ी, रीवा-मलांजखंड सबसे ठंडे, 19 शहरों में पारा 10 डिग्री से नीचे



**भोपाल।** उत्तरी भारत में बर्फबारी होने की वजह से मौसम में ठंडक घुल गई है। मध्यप्रदेश के कई शहरों में हल्की सर्दी का असर है। पचमढ़ी, मलांजखंड, उमरिया सबसे ठंडे हैं। यहां पारा 6 डिग्री के नीचे आ गया है। वहीं, प्रदेश के 19 शहरों में पारा 10 डिग्री से नीचे रहा। महाशिवरात्रि तक मौसम ऐसा ही रहने का अनुमान है, क्योंकि 15 फरवरी के बाद पश्चिमी विक्षोप एक्टिव हो रहा है। जिसका असर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में देखने को मिलेगी। मौसम विभाग के अनुसार, मलांजखंड में तापमान 5.5 डिग्री, रीवा में 6, उमरिया में 6.4, पचमढ़ी में 6.6 डिग्री तापमान रहा। इसके अलावा बैतूल, भोपाल, दतिया, धार, गुना, ग्वालियर, राजगढ़, उज्जैन, छिंदवाड़ा, दमोह, जबलपुर, खजुराहो, मंडला, रीवा, नौगांव, सतना में भी तापमान 10 डिग्री से कम रहा।

मौसम वैज्ञानिक एचएस पांडे ने बताया कि मंगलवार और बुधवार को मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। दो दिन तक पारे में गिरावट होगी। इससे दिन और रात दोनों ही पारे कम हो जाएंगे। 18 फरवरी तक हल्की ठंड रहेगी। इसके बाद तापमान में बढ़ोतरी होगी।

### दो से तीन डिग्री लुढ़का पारा

पिछले दो दिन की बात करें तो तापमान में दो से तीन डिग्री की गिरावट आई है। पचमढ़ी में दिन का पारा 23 डिग्री और रात का तापमान 8 डिग्री के आसपास चल रहा है। भोपाल, रायसेन, जबलपुर, नौगांव, रीवा, सतना, उमरिया में भी दिन के तापमान में गिरावट आई है। वहीं, छिंदवाड़ा, जबलपुर, खजुराहो, मंडला, नौगांव, रीवा, सागर, उमरिया, बैतूल, भोपाल, दतिया, धार, गुना, रायसेन, राजगढ़, उज्जैन में रात का तापमान 10 डिग्री से नीचे आ गया है।

### फरवरी के दूसरे पखवाड़े में गर्मी शुरू

पिछले 10 साल में भोपाल में फरवरी में 2016, 2018, 2019 और 2021 में खूब गर्मी पड़ी। यहां फरवरी के दूसरे पखवाड़े के बाद से ही हल्की गर्मी की शुरुआत होती है। महीने का आखिरी हफ्ता सबसे ज्यादा तपता है। ट्रेंड के मुताबिक महीनेभर में दिन का सबसे ज्यादा तापमान आखिरी हफ्ते में ही रिकॉर्ड किया गया है। इस साल 10 फरवरी को पारा 33 डिग्री के पार पहुंच गया था।



भोपाल में आज ग्लोबल रिसच्र एंड वेलफेयर सोसाइटी का अवार्ड वितरण समारोह स्पीकर गिरीश गौतम के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

# महिलाओं ने घेरा मकरोनिया नगर पालिका का दफ्तर, झाड़ू-बेलन के साथ दी उग्र प्रदर्शन चेतावनी

**सागर।** राशन दुकान हटाने तथा अवैध शराब व जुआ- सट्टा के कारोबार समेत विकास कार्यों की उपेक्षा के विरोध में जिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष रेखा चौधरी के नेतृत्व में महिलाओं ने पार्षद संगीता अजय अहिरवार के साथ मिलकर मकरोनिया नगर पालिका का दफ्तर घेरा और जमकर हल्ला बोला। नरयावली विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मकरोनिया के गरीब मजदूर बहुल वार्ड नंबर 16 के वार्डवासियों ने शीघ्र कार्यवाही नहीं होने पर उग्र आंदोलन छेड़ने की चेतावनी भी दी।

जिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष रेखा चौधरी ने वार्ड नंबर 16 की पार्षद संगीता अजय अहिरवार तथा बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति में नगरपालिका का दफ्तर घेरकर हल्ला बोलने के दौरान कहा कि भाजपा की सरकार में यहां का प्रशासन एक तरफ अवैध शराब, जुआ और सट्टा के माफिया तंत्र को संरक्षण दे रहा है। वहीं दूसरी तरफ गरीब मजदूर वर्ग को दो वक्त के भोजन के लिए राशन से भी महरूम कर रहा है। प्रशासन ने यहां की राशन दुकान को बंद कर ढाई किलोमीटर दूर वार्ड नंबर 11 में मर्ज कर दिया है। जिस कारण यहां के निवासियों को दूरदराज में जाकर राशन लेने के लिए अपनी दैनिक मजदूरी से भी हाथ धोना पड़ रहा है। वार्ड में कई जगह अवैध कलारिया, जुआ और सट्टा के फड़ चलाकर गरीब- मजदूरों को इनकी गिरफ्त में धकेला जा रहा है। जिस कारण वार्ड की महिलाएं और बच्चियां अपराधिक घटनाओं को लेकर असुरक्षित हो गई है। कांग्रेस के अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष अजय अहिरवार ने प्रशासन पर खुला आरोप लगाते हुए कहा कि नगर पालिका परिषद और जिला प्रशासन द्वारा उनके वार्ड के साथ सौतेला व्यवहार करते हुए किसी भी तरह के विकास कार्यों की मंजूरी नहीं दी जा रही है।




घेराव व प्रदर्शन के दौरान नगर पालिका के सीएमओ की गैरमौजूदगी से प्रदर्शनकारी महिलाओं ने तीखा आक्रोश व्यक्त किया और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों को ही ज्ञापन देने व अपनी बात कहने के लिए अड़ गई। जिस पर प्रशासन की ओर से नायब तहसीलदार आदर्श जैन व खाद्य अधिकारी चारू जैन ने मकरोनिया नगरपालिका कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन लिया। प्रदर्शनकारी महिलाओं की ओर से जिला कलेक्टर, एसपी व सीएमओ के नाम एक साथ 3 ज्ञापन सौंपा गए। ज्ञापन में मांग की गई कि वार्ड में पूर्व में स्थापित रही राशन दुकान को वापस वार्ड में ही स्थापित किया जाए। अवैध शराब, जुआ- सट्टा कि कारोबार को तत्काल ही सख्ती से रोका जाए। वार्ड पार्षद संगीता अहिरवार द्वारा वार्ड के विकास के लिए प्रस्तुत किए गए प्रस्तावों के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रस्तावित निर्माण कार्यों के लिए जारी निविदा में वार्ड के प्रस्तावित निर्माण कार्यों को भी शामिल करने, पानी की पूर्ति के लिए पूरे वार्ड में पाइप लाइन बिछाने जैसे प्रस्तावों को तत्काल मंजूर किया जाए। वार्ड पार्षद संगीता अहिरवार ने प्रशासन के प्रतिनिधियों को खुले तौर पर चेतावनी देते हुए कहा कि इस संबंध में तुरंत कार्यवाही शुरू नहीं किए जाने पर जिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष रेखा चौधरी के नेतृत्व में महिलाओं द्वारा झाड़ू- बेलन लेकर उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान शहर कांग्रेस कमेटी की पूर्व अध्यक्ष रेखा चौधरी के साथ ही जिला कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग अध्यक्ष अजय अहिरवार, वार्ड पार्षद संगीता अजय अहिरवार, मुन्ना लाल बंसल, रोहित अहिरवार, अनिल अहिरवार, हरिराम अहिरवार, रमेश अहिरवार, मनोज रजक, मनोज अहिरवार, मनीष सेन, भागीरथ रजक, कविता अहिरबार, कल्लू भाई, रेवती, राधा, सविता, मीना आदि की मौजूदगी रही।

# ड्राइविंग लाइसेंस बनवाना महंगा होगा

## इंदौर, छिंदवाड़ा में प्रदेश स्तरीय, भोपाल में रीजनल ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर खुलेगा

**भोपाल।** आने वाले समय में ड्राइविंग लाइसेंस बनवाना कठिन होने के साथ महंगा भी हो सकता है। परिवहन मुख्यालय की ओर से भेजे गए प्रस्ताव पर इंदौर व छिंदवाड़ा में प्रदेश स्तरीय इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग ट्रेनिंग एंड रिसर्च (आईडीटीआर) खोलने की मंजूरी केंद्रीय




सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने प्रदान कर दी है। जबकि रीजनल ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर (आरडीटीसी) खोलने की मंजूरी भोपाल में वक्रतुंड सोसायटी, बैतूल में मल्टीट्रेड कंपनी व छतरपुर में तपस्या कंपनी को प्रदान की गई है।

परिवहन आयुक्त संजय कुमार ने बताया कि प्रदेश में शुरुआती दौर में जिला स्तरीय ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर सिंगरौली में आर्यन मोटर, सतना में सार्थक वेल फेयर सोसायटी व धार में मालवा ड्राइविंग जिले में खोलने की मंजूरी प्रदान की गई है। जबकि अभी 75 आवेदन केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में लंबित हैं। इनमें ग्वालियर भी है। बताया जा रहा है कि भारी वाहनों को चलाने के लिए ड्राइविंग लाइसेंस तभी मिलेगा जब चालक ट्रेनिंग लेंगे। इसके लिए 6 सप्ताह तक की ट्रेनिंग लेने के बदले 10 हजार रुपए तक का भुगतान करना पड़ सकता है।

# 75 बरस का हुआ हमीदिया कालेज, भव्य तरीके से मनेगा अमृत महोत्सव

**भोपाल।** राजधानी स्थित शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के 75वें स्थापना दिवस को अमृत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। हमीदिया कालेज की जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष देवेंद सिंह रावत ने बताया कि इस स्थापना दिवस को अमृत महोत्सव के रुप में मनाए जाने का निर्णय लिया गया है। यह कार्यक्रम 25 फरवरी से शुरू होगा। इस अवसर पर पूर्व में तीन स्थानों पर जहां-जहां हमीदिया कालेज संचालित होता था, उन परिसरों में तीन दिन तक अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित होंगे। इनमें मिंटो हाल, पालीटेक?निक चौराहा स्थित वर्तमान का



एमएलबी कालेज और चारबत्ती चौराहे स्थित हाथीखाना स्थित हमीदिया कालेज शामिल है। जनभागीदारी समिति के तत्वावधान में कालेज प्रबंधन द्वारा सभी कार्यक्रमों का क्रियान्वयन किया जाएगा।

# श्री बड़वाले महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि महोत्सव शुरू, शिव बारात के लिए तैयार हुआ चांदी का रथ

**भोपाल।** पुराने शहर के कायस्थपुरा स्थित श्री बड़वाले महादेव मंदिर में सोमवार से 21 दिवसीय शिव-पार्वती विवाह उत्सव शुरू हो गया। विवाह की रस्में भी शुरू हो गईं। गोधूलि बेला में श्री गणेश पूजन के साथ शिवरात्रि महोत्सव शुरू हुआ, जो चार मार्च तक चलेगा। इस दौरान भगवान भोलेनाथ और मां गौरा के विवाह की अलग-अलग रस्में भक्तों द्वारा निभाई जाएंगी। महाशिवरात्रि पर्व 18 फरवरी को सुबह 10 बजे बाबा श्री बटेश्वर की भव्य बारात पुराने शहर के विभिन्न मार्गों से होकर निकलेगी। रात्रि 10 बजे भवानी मंदिर पर पहुंचेगी, जहां वरमाला एवं परिणय उत्सव मनाया जाएगा। विगत 36 वर्षों से निकाली जा रही है परंपरागत शिव बारात।

बाबा श्री बटेश्वर चांदी के रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण पर निकलेंगे। जिसमें बड़ी संख्या में



श्रद्धालु शामिल होंगे। चांदी के रथ की साफ-सफाई शुरू कर दी है। मंदिर समिति के सदस्य चांदी के रथ को साफ कर रहे हैं। महोत्सव के तहत विवाह की रस्में शुरू करने से पहले आज भक्तों द्वारा चांदी के रथ, चांदी के मूर्ति, आभूषणों, छत्र सहित जेवरों की साफ सफाई का काम किया गया।

### 16 फरवरी को लगेगी हल्दी, हाथों में रचाई जाएगी मेहंदी

श्री बड़वाले महादेव मंदिर में 16 फरवरी को शाम छह बजे श्री बड़वाले महादेव मंदिर में बाबा श्री बटेश्वर को हल्दी मेहंदी लगाई जाएगी। इसके बाद मां भवानी मंदिर सोमवारा में रात्रि आठ बजे हल्दी-मेहंदी संपन्न होगी। यह सभी विवाह की रस्में मंदिर की इंटरनेट मीडिया पर श्रद्धालु लाइव देख सकेंगे।

# तेजिंदर सिंह सलूजा की अंतिम अरदास आज

**भोपाल।** शहर के समाज सेवी और अल्प संख्यक



आयोग के पूर्व सदस्य (राज्य मंत्री) सरदार तेजेंदर सिंह सलूजा का निधन विगत शुक्रवार 10 फरवरी को हो गया था। उनकी आत्मिक शांति के लिए कीर्तन एवम् अंतिम अरदास आज शाम को गुरुद्वारा पंजाबी बाग, भोपाल में रखी गई है। उनके निधन पर अनेक समाजसेवियों, कांग्रेस नेताओं एवं सलूजा परिवार के सदस्यों ने शोक व्यक्त किया है।